# Commercial Engineers & Body Builders Co. Limited

CEBBCO
...bodies in motion ...

AN ISO/TS 16949:2009 Company
CIN-L24231UP1979PLC004837

Regd. Office : 84/105-A, G.T. Road, Kanpur Mahanagar, Kanpur - 208003 (U.P.) INDIA Email Id – cs@cebbco.com
Head Office : 48, Vandana Vihaar, Narmada Road, Gorakhpur, Jabalpur (M.P.) Website – www.cebbco.com

February 15, 2019

To,

The Secretary,
Bombay Stock Exchange Limited,
25th Floor, P J Towers,
Dalal Street,
**MUMBAI – 400 001**
**Fax No.022 2272 2061/022 2272 2041**

The Secretary
National Stock Exchange of India Ltd
Exchange Plaza, 5th Floor, Plot No C/1 G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (East)
**Mumbai 400051**
**Fax No. 022-2659 8237/38, 66418124/25/26**

Sub:- Publication of Financials for the quarter ended 31st December 2018.

Ref :- Scrip Code 533272 NSE :- CEBBCO

Dear Sir / Madam,

We hereby would like to inform you that, we have duly published the Unaudited Financials for the quarter ended / period ended 31st December 2018 in Rashtriya Sahara and Financial Express Newspaper (Kanpur, U.P.) on 15.02.2019.

Please find enclosed herewith a copy of the paper cutting of the same.

This for your intimation and record

**For COMMERCIAL ENGINEERS AND BODY BUILDERS CO. LIMITED**

Amit K Jain
Company Secretary

कारनेवार का शतक, विदर्भ को पहली पारी में बढ़त पेज-14


राफेल के लिए पीएम ने समानांतर समझौता किया पेज-13


*नेहरू-गांधी परिवार का उम्र के लोगों के प्यार पर क्या हक है? इस परिवार के वर्तमान सदस्य इलाहाबाद से अधिक इटली जाते हैं।*

*– एमजे अकबर@mjakbar*


रियल एस्टेट सेक्टर को जीएसटी में राहत जल्द पेज-15



नगर संस्करण

www.facebook.com\rashtriyasahara https://twitter.com/SaharaRashtriya www..rashtriyasahara.com





अपनी बायोपिक बनाएंगी कंगना रनौत

पेज-16



# राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण

■ कानपुर ■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ पटना ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित

कानपुर

शुक्रवार ● 15 फरवरी ● 2019

पृष्ठ 16 , मूल्य ₹ 2.00


सराफा | दिल्ली सोना (प्रति 10 ग्राम) ₹ 34,000 | चांदी (प्रति किलो) ₹ 40,650 | शेयर | सेंसेक्स 35876.00 - 158 | निफ्टी 10746.00 - 48 | विनिमय दर ₹/$ 71.16 - 0.36 | मौसम (कानपुर) तापमान अधिकतम 21.8° | न्यूनतम 13.2°

# दहला कश्मीर, गुस्से में देश

## सीआरपीएफ के काफिले पर आतंकी हमले में 42 जवान शहीद, 20 से ज्यादा जख्मी

जैश-ए-मोहम्मद ने ली जिम्मेदारी

आतंकवादी ने विस्फोटकों से लदा वाहन सीआरपीएफ जवानों की बस से टकराया

सीआरपीएफ काफिले में थे 25 सौ जवान

■ श्रीनगर/नई दिल्ली (एजेंसियां)।

जम्मू-कश्मीर पुलवामा जिले में बृहस्पतिवार अपराह्न 3.35 बजे एक बड़े आतंकी हमले में सीआरपीएफ के 42 जवान शहीद हो गए हैं। शहीद जवानों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। क्योंकि 20 से ज्यादा जख्मी जवानों का इलाज चल रहा है। सर्जिकल स्ट्राइक के बाद हुए इस बड़े हमले से पूरा देश स्तब्ध रह गया। पूरे देश में भारी गुस्सा है। उरी में सितम्बर 2016 में हुए आतंकी हमले के बाद कश्मीर में यह सुरक्षाबलों पर अब तक का सबसे बड़ा आतंकी हमला है। पुलवामा के पास श्रीनगर-जम्मू हाइवे पर स्थित अवंतिपोरा इलाके में आतंकियों ने सीआरपीएफ के एक काफिले को निशाना बनाया। इस हमले के बाद दक्षिण कश्मीर के कई इलाकों में सुरक्षा एजेंसियों द्वारा अलर्ट जारी किया गया है। सीआरपीएफ के इस काफिले में 2500 जवान शामिल बताए जा रहे हैं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी समेत सभी दलों और बड़े नेताओं ने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। मोदी ने हमले पर गृहमंत्री राजनाथ सिंह व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से विचार-विमर्श किया है।

**जैश आतंकी आदिल ने रची साजिश :** आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। बताया जा रहा है कि आदिल अहमद डार नाम के आतंकी ने इस काफिले पर हमले की साजिश रची थी। आदिल पुलवामा के काकापोरा इलाके का रहने वाला है। सीआरपीएफ की 54वीं बटैलियन के जवानों को इस हमले में आतंकियों ने निशाना बनाया।

**विस्फोटकों से लदी गाड़ी से मारी टक्कर :** समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक विस्फोटकों से भरी एक गाड़ी लेकर आए जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी आदिल ने सीआरपीएफ जवानों के काफिले की बस में टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि काफिले की जिस बस को आतंकियों ने निशाना बनाया, उसमें 39 जवान सवार थे। आत्मघाती हमलावर आदिल 2018 में जैश में शामिल हुआ था। हमले के बाद जवानों को तुरंत श्रीनगर के हॉस्पिटल में शिफ्ट करने का काम शुरू किया गया।

**सीआरपीएफ के काफिले में 70 गाड़ियां :** हमले में घायल 20 से ज्यादा जवानों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। इनमें से कई जवानों की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिस काफिले पर यह हमला हुआ, वह जम्मू से श्रीनगर की ओर जा रहा था और इसमें 2 हजार से अधिक जवान शामिल थे। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक सीआरपीएफ के जिस काफिले पर हमला किया गया, उसमें 70 वाहन शामिल थे। इन्हीं में से एक गाड़ी आतंकियों के निशाने पर थी। हमले के बारे में सीआरपीएफ के आईजी जुल्फिकार हसन ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस जांच कर रही है।

**दक्षिण कश्मीर में अलर्ट, सर्च ऑपरेशन जारी :** इस हमले की जानकारी मिलने के बाद तत्काल पुलवामा में मौजूद सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ की अन्य कंपनियों को अवंतिपोरा भेजा गया। आतंकी वारदात के बाद सेना ने फिलहाल जम्मू-श्रीनगर हाइवे पर ट्रैफिक बंद करते हुए अवंतिपोरा और आसपास के इलाकों में बड़ा सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। इसके अलावा पुलवामा, शोपियां, कुलगाम और श्रीनगर जिलों में हाई अलर्ट जारी किया गया है।

**राजनाथ आज जा सकते हैं श्रीनगर :** केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह आतंकवादी हमले से उत्पन्न स्थिति का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को श्रीनगर जा सकते हैं। सिंह ने इस हमले की सूचना मिलने के तुरंत बाद सीआरपीएफ के महानिदेशक आरआर भटनागर से जानकारी ली। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक से भी बात की।

**एनआईए करेगी फॉरेंसिक जांच में सहयोग :** फिदायीन हमले की फॉरेंसिक जांच में राज्य पुलिस का सहयोग करने के लिए एनआईए की एक विशेष टीम आधुनिक उपकरणों के साथ शुक्रवार सुबह रवाना होगी। यह टीम घटनास्थल की फोरेंसिक जांच में जम्मू कश्मीर पुलिस का सहयोग करेगी।

**चैनलों को चेताया :** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने तमाम न्यूज चैनलों को पुलवामा हमले की कवरेज और पैनल डिस्कशन करते वक्त सावधानी बरतने को कहा है। बृहस्पतिवार को जारी एडवाइजरी में मंत्रालय ने कहा है कि कवरेज करते वक्त अति उत्साह में देशहित को ध्यान में रखें और कुछ ऐसी बातें न कहें, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा और सैनिकों, जवानों के मनोबल पर असर पड़े। (अन्य खबरें पेज 11)





अवंतीपुरा : आतंकी हमले के बाद घटनास्थल पर वाहन का मलबा और बिखरा सामान (बाएं)। सीआरपीएफ वाहन पर आतंकवादियों की गोलीबारी के निशान। (फोटो : पेट्र)

### जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने हमले को घिनौना कृत्य करार देते हुए कहा है कि जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। मोदी ने इस कायराना हमले की जबर्दस्त निंदा करते हुए एक ट्वीट में समस्त देशवासियों से शहीद और घायल जवानों के परिजनों के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम करने का आग्रह किया तथा घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### राहुल ने दुख जताया



**'मैं** जम्मू-कश्मीर में सीआरपीएफ के काफिले पर हुए कायराना हमले से बहुत दुखी और स्तब्ध हूं। हमारे शहीद जवानों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करता हूं। मैं घायल हुए जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।'

### योगी ने हमले की निंदा की



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ के वीर जवानों की शहादत को शत-शत नमन करते हुए शहीदों के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से इस हमले में घायल हुए जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की है।

### खामियाजा भुगतेंगे आतंकी



**हमले** की कड़ी निंदा करते हुए भाजपा ने कहा कि भारत इस पर चुप नहीं बैठेगा और पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों एवं उसके आकाओं को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा, हम इस आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हैं और इस पर चैन से नहीं बैठेंगे।

## जीएसटी अधिकरण प्रदेश में क्यों नहीं

हाईकोर्ट ने 28 को अधिकारी को किया तलब

**प्रयागराज (एसएनबी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार व जीएसटी काउंसिल से पूछा है कि अधिनियम के तहत प्रदेश में जीएसटी अधिकरण गठित करने के संबंध में क्या कदम उठाये गये हैं। कोर्ट ने 28 फरवरी को राज्य के किसी जिम्मेदार अधिकारी व जीएसटी काउंसिल को कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति भारती सप्रू तथा न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल की खण्डपीठ ने मे. ठोर्क फार्मास्यूटिकल प्रा. लि. कंपनी की याचिका पर दिया है। याची अधिवक्ता निशान्त मिश्र का कहना है कि कानून के तहत राज्य सरकार की धारा 109 के तहत संस्तुति पर केन्द्र सरकार प्रदेश की जीएसटी अधिकरण का गठन करेगी किन्तु अभी तक प्रदेश का अधिकरण गठित नहीं किया जा सका है। कोर्ट ने काउंसिल व राज्य सरकार के अधिवक्ता से जानना चाहा कि इस संबंध में क्या कार्यवाही की गयी है जिसकी कोई जानकारी न मिल पाने पर कोर्ट ने अधिकारियों को तलब किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### सुशील चंद्र नए चुनाव आयुक्त नियुक्त



**नई दिल्ली।** भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के पूर्व अधिकारी सुशील चंद्र को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है। चंद्र को चुनाव आयुक्त नियुक्त करने की घोषणा गुरुवार को की गई। वह आईआरएस, 1980 बैच के अधिकारी रहे हैं। ओ पी रावत के दिसंबर में सेवानिवृत्त होने और सुनील अरोड़ा को मुख्य चुनाव आयुक्त बनाए जाने के बाद से तीन सदस्यीय चुनाव आयोग में एक पद खाली था।

### आयकर आयुक्त को सात साल की कैद

**देहरादून।** देहरादून की एक विशेष सीबीआई अदालत ने एक आयकर आयुक्त को आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति के 14 साल पुराने मामले में सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विशेष सीबीआई न्यायाधीश सुजाता सिंह ने बुधवार को आयकर आयुक्त श्वेताभ सुमन की 90 वर्षीय मां गुलाब देवी को भी एक साल, उसके रिश्तेदार अरूण कुमार सिंह और करीबी राजेंद्र विक्रम सिंह को चार-चार साल की कैद की सजा सुनाई।

### सपाइयों ने विधानसभा में किया हंगामा

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को इलाहाबाद जाने से रोकने के विरोध में प्रदेश भर में हुए प्रदर्शनों के बाद सपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज होने का आरोप लगाते हुए पार्टी विधायकों ने इन्हें वापस लेने की मांग की है। सपा सदस्यों के जोरदार हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही 40 मिनट के लिए स्थगित कर दी गयी।

(विस्तृत पेज-11)

## शहीदों को नमन, नहीं करूंगी राजनीतिक चर्चा : प्रियंका

■ लखनऊ (एसएनबी)।

कांग्रेस महासचिव व पूर्वी उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने पुलवामा में बृहस्पतिवार को हुए आतंकवादी हमले की वजह से अपनी बहुप्रतीक्षित प्रेस कान्फ्रेंस में शामिल होने तो आयीं लेकिन कोई राजनीतिक चर्चा नहीं की और इस घटना के शहीदों को श्रद्धांजलि देकर चली गयीं। उन्होंने कहा कि इस घटना की जितनी निन्दा की जाए वह कम है। कांग्रेस ही नहीं पूरा देश शहीद परिवारों के साथ है। उनके साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी ज्योतिरादित्य सिंधिया भी थे।

पिछले तीन दिनों से बैठकों के मैराथन दौर में अपने प्रभार वाले लोकसभा क्षेत्रों में संगठन के हालात का जायजा ले रही प्रियंका की प्रेस कान्फ्रेंस का मीडियाकर्मियों को इंतजार था। प्रियंका संवाददाता सम्मेलन में आयीं तो जरूर लेकिन कहा कि पुलवामा में हुई घटना के कारण इस वक्त राजनीतिक चर्चा करना ठीक नहीं होगा। प्रियंका ने कहा 'मैं इस आतंकवादी हमले में शहीद हुए जवानों के परिवारों से कहना चाहती हूं कि इस दुख की घड़ी में एक-एक देशवासी आपके साथ खड़ा है। हमें बहुत दुख हुआ है। आप हौसला बनाये रखें।



शहीदों को श्रद्धांजलि के लिए प्रियंका ने दो मिनट का मौन रखा।

चुनाव लड़ूंगी तो दूसरी सीटों पर कैसे ध्यान दूंगी पेज-11

## दिल्ली के असली 'बॉस' पर असमंजस कायम

### सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को नहीं दिया आईएएस के ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार

■ विवेक वार्ष्णेय

नई दिल्ली। एसएनबी



ट्रांसफर-पोस्टिंग का मसला वृहद पीठ के सुपुर्द

भ्रष्टाचार निरोधक शाखा पर केन्द्र सरकार का नियंत्रण

जांच आयोग गठित करने का अधिकार भी केन्द्र को

सरकारी वकील, कृषि भूमि का सर्किल रेट, बिजली बोर्ड के गठन का हक दिल्ली सरकार को मिला

आईएएस अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग के अधिकार को लेकर सुप्रीम कोर्ट के दो न्यायाधीशों में मतभेद के चलते दिल्ली के असली 'बॉस' का मसला एक बार फिर लटक गया। प्रशासनिक अधिकारों पर खंडित फैसले के अलावा सुप्रीम कोर्ट ने भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) पर केन्द्र को सर्वाधिकार देकर दिल्ली की मौजूदा केजरीवाल सरकार को बड़ा झटका दिया। आला प्रशासनिक अफसरों पर पूर्ण नियंत्रण के लिए पिछले चार साल से केन्द्र सरकार से टकराव की राह पर चल रही आम आदमी पार्टी की सरकार को अपने कार्यकाल के अंतिम वर्ष में अधिकार मिलने की उम्मीद धूमिल हो गई है।

जस्टिस अर्जन कुमार सीकरी और अशोक भूषण की बेंच ने भ्रष्टाचार निरोधक शाखा सहित चार अन्य मुद्दों पर परस्पर सहमति के साथ निर्णय दिया, लेकिन प्रशासनिक कामकाज की रीढ़ माने जाने वाले आईएएस और दानिक्स अफसरों के स्थानांतरण और उनकी पोस्टिंग पर अलग-अलग राय व्यक्त की। इस मुद्दे को तीन सदस्यीय बेंच को रेफर कर दिया गया है। अपने पांच वर्ष के कार्यकाल के अंतिम वर्ष में प्रवेश कर चुकी दिल्ली की निर्वाचित सरकार को तीन सदस्यीय बेंच के फैसले तक सीमित अधिकारों से ही कामकाज चलाना पड़ेगा।

सुप्रीम कोर्ट के दोनों जज इस मुद्दे पर सहमत थे कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पर केन्द्र सरकार का नियंत्रण रहेगा और जांच आयोग गठित करने का अधिकार केन्द्र सरकार के पास ही रहेगा। अदालत ने कहा कि दिल्ली की निर्वाचित सरकार को सरकारी वकील और विशेष सरकारी वकील नियुक्त करने, भूराजस्व के तहत कृषि भूमि का सर्किल रेट तय करने और बिजली आयोग और बोर्ड की नियुक्ति का अधिकार होगा। जहां तक प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण का संबंध है तो जस्टिस भूषण ने अपने निर्णय में कहा कि सभी प्रशासनिक सेवाओं के बारे में दिल्ली सरकार को कोई अधिकार नहीं होगा, जबकि जस्टिस सीकरी ने कहा कि संयुक्त सचिव और इससे ऊपर के अधिकारियों के तबादले और तैनाती सिर्फ केन्द्र सरकार कर सकती है और अन्य नौकरशाहों से संबंधित मामलों में दिल्ली सरकार आदेश दे सकती है लेकिन मतभेद होने की स्थिति में उपराज्यपाल की राय मानी जाएगी।

जस्टिस सीकरी ने आईएएस अधिकारियों के लिए बने बोर्ड की तरह ही ग्रेड-3 और ग्रेड-4 के अधिकारियों के तबादले और तैनाती के लिए अलग बोर्ड बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बेहतर तरीके से शासन के लिए संयुक्त और विभागों के मुखिया के पद पर तैनाती और तबादले उपराज्यपाल द्वारा किए जाएंगे जबकि दानिक्स और दानिप्स सेवा के अधिकारियों के मामले में फाइल मंत्रिपरिषद को उपराज्यपाल के पास भेजनी होगी।


संपादकीय

08 गुड़ खाए और गुलगुलों...



मार्केट

15 थोक महंगाई 10 माह के निम्न स्तर पर




## महिला कार्यकर्ता ने मंच पर राहुल का चुंबन लिया

■ धरमपुर (भाषा)।

कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी गुजरात के वलसाड में गुरुवार को एक रैली को संबोधित करने के लिए मंच पर थे। मंच पर महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता भी उनके स्वागत के लिए मौजूद थीं। तभी कुछ ऐसा हुआ जिसकी उम्मीद शायद वहां किसी को नहीं थी। महिला कार्यकर्ताओं में से एक ने माला पहनाने के दौरान ही राहुल के गाल पर चुंबन ले लिया।

बुजुर्ग दिख रही महिला ने मीडिया को बताया कि यह स्वतःस्फूर्त था और आज वैलेंटाइन दिवस का इससे कुछ लेना देना नहीं। महिला ने कहा कि कांग्रेस प्रमुख उसके भाई जैसे हैं। उसने दावा किया कि वह वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता है। यह पूछे जाने पर कि क्या वैलेंटाइन दिवस की वजह से उसने कांग्रेस अध्यक्ष का चुंबन लिया, अपना नाम कश्मीराबेन बताने वाली इस महिला ने कहा कि ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा, मैं सूरत शहर से एक वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ता हूं। मैं एक पारसी भी हूं। मैं 48 साल से ज्यादा समय से कांग्रेस में हूं। मैं राहुल गांधी की शुभचिंतक हूं। वह मेरे भाई जैसे हैं। मैं बेहद रोमांचित हूं कि वह यहां हैं।

**राहुल बनेंगे पीएम :** कश्मीराबेन ने विश्वास जताया कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा, वह युवा हैं और हम सब उन्हें प्रधानमंत्री के तौर पर देखना चाहते हैं। राहुल गांधी के इरादे अच्छे हैं। वह वादे भी पूरा करते हैं। मुझे विश्वास है कि आने वाले चुनावों के बाद वह प्रधानमंत्री बनेंगे।



## आरक्षण विधेयक से गुर्जर संतुष्ट नहीं, आंदोलन जारी रहेगा

**जयपुर (एसएनबी)।** गुर्जर समेत पांच जातियों को राजस्थान में पांच फीसदी आरक्षण देने संबंधी विधेयक पास होने के बाद बृहस्पतिवार को गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक कर्नल किरोड़ी लाल बैंसला के पास अध्ययन के लिए पहुंचा। जिसके बाद उन्होंने कहा कि वे इस विधेयक से संतुष्ट नहीं है। उनका कहना है कि पहले की तरह ही ये विधेयक भी कोर्ट में अटक सकता है। इसके साथ उन्होंने कहा कि फिलहाल गुर्जर आंदोलन जारी रहेगा। इससे पहले आईएएस नीरज के पवन विधेयक, सरकार द्वारा जारी अधिसूचना और संकल्प पत्र की प्रति लेकर मालारना पहुंचे थे

विधेयक का अध्ययन करने के बाद कर्नल किरोड़ी लाल बैंसला ने कहा कि समाज इस बिल से संतुष्ट नहीं है। पहले की तरह ही ये बिल भी कोर्ट में अटक सकता है। सरकार को लिखित में देना होगा की अगर ये कोर्ट में अटका तो उनकी जिम्मेदारी होगी। तब तक आंदोलन इसी तरह जारी रहेगा। नीरज के पवन ने धरना स्थल पर समझाने की कोशिश की, लेकिन बैंसला ने यह मैसेज सरकार तक पहुंचाने की बात कही। इसके साथ गुर्जर नेता शैलेन्द्र सिंह ने भी कहा कि ये बिल 100 प्रतिशत कोर्ट में अटकेगा। सरकार ये आश्वासन दे कि अगर ऐसी स्थिति होती है तो वो कैसे निपटेगी। गुर्जरों का आंदोलन जारी रहेगा। बृहस्पतिवार सुबह गुर्जरों ने किशनगढ़ बास में जाम लगा दिया है। इसके साथ बारां से गुना जाने वाले मार्ग पर भी जाम लगा दिया गया। दिल्ली-मुंबई हाईवे पर अजमेर के पास मसुदा में गुर्जर समाज को लोगों ने लगाया जाम। बुधवार को बिल विधानसभा में पास हो गया था। इसमें सरकारी नौकरियों के साथ ही शैक्षणिक संस्थाओं में अलग से आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है।

### आंदोलन सातवें दिन भी

कोटपूतली से नीमकाथाना, हिंडौन से करौली, सवाईमाधोपुर से धौलपुर और दौसा से आगरा का मार्ग पूरी तरह से बंद

जब अपनी बनायी समाजवादी पार्टी में बेटे ने ला दिया हाशिये पर, तब पहलवान बाऊ जी ने सदन में धोबी पछाड़ दांव खेल कर सारे विपक्ष का खेल बिगाड़ दिया !

—— काठियावाड़ी बाबा



# पल भर का साथ हो कुछ ऐसा कि हर पल याद तुम ही आओ ...



वेलेन्टाइन डे : नाव पर किया प्यार का इजहार।

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

कानपुर।

हर पल ने कहा एक पल से, पल भर के लिए आप मेरे सामने आ जाओ, पल भर का साथ कुछ ऐसा हो कि हर पल तुम ही याद आओ ....। कुछ ऐसा ही नजारा प्यार के त्योहार (वेलेंटाइन डे) पर देखने को मिला। लव बर्ड्स ने एक-दूसरे को गुलाब का फूल देकर यह एहसास दिलाया कि वे एक-दूसरे को कितना प्यार करते हैं। दिनभर व्हाट्सएप व फेस बुक पर भी एक-दूसरे को प्यार भरे मैसेज भेजने का सिलसिला जारी रहा।

शहर में 'वेलेंटाइन डे' की धूम रही। प्रेमी जोड़ों ने अलग-अलग ढंग से वेलेंटाइन डे सेलिब्रेट किया। कोई अपने पार्टनर के साथ इस दिन खूबसूरत जगहों पर घूमने निकला तो किसी ने पार्टी करके वेलेंटाइन डे मनाया। किसी ने अपने पार्टनर को स्पेशल गिफ्ट देकर खुश किया तो किसी ने एक अच्छा सा प्रेम पत्र लिखकर अपने प्यार का इजहार किया। शादीशुदा जोड़ों ने अपने बीते हुए लम्हों को याद किया। हमेशा साथ रहने का वचन दिया। तो कई जोड़े बाइक राइड व लांग ड्राइव पर जाते हुए दिखायी दिये। वहीं, सुबह से ही फूलों की दुकानों में भी प्रेमियों की भीड़ देखने को मिली। अपने पार्टनर को गुलाब देने के लिए बेताब प्रेमियों ने कीमत को न देखते हुए मंहगे-महंगे गुलाब खरीदे। पार्को, रेस्टोरेंट व मेगा मॉल आदि में लव बर्ड्स ने एक-दूसरे को गुलाब का फूल दिया और अपना हाल-ए-दिल बयां किया। साथ में उन्होंने एक-दूसरे को गिफ्ट भी दिये।

सोशल मीडिया पर भी वेलेंटाइन डे छाया रहा। व्हाट्सएप व फेसबुक पर दिनभर शायरियों के भेजने का सिलसिला चलता रहा। वहीं, बाजार में मोहब्बत की दास्तां बयां करने वाले गुलाब के भाव भी बढ़ गये। गुलाब के फूल की कीमत में दो से तीन गुना तक इजाफा देखने को मिला। गुलाब विक्रेता ने बताया कि गुलाब की कीमतें मंडी से बढ़ी हैं। जो गुलाब पहले 5 से 10 रुपये में बिक रहा था, वो अब 30 रुपये तक बिक रहा है।



कौशलपुरी में गुलदस्तों की दुकानों में लगी भीड़।

**प्रेमी जोड़ों ने अलग-अलग ढंग से मनाया वेलेंटाइन डे**

**व्हाट्सएप व फेस बुक पर भी छाया रहा वेलेंटाइन डे**



मोतीझील में कुछ यूं मना वेलेंटाइन डे।



तू खींच मेरी फोटो...।


अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.

पूर्णतः वातानुकूलित मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

ICU | NICU | MODULAR OT | DELUX ROOMS

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

16 व 17 फरवरी

समयः प्रातः 10 से 4 बजे

शिविर में मेडिसिन, सर्जरी, अस्थिरोग, स्त्री व प्रसूति रोग, शिशु व बालरोग, प्लास्टिक सर्जरी, मस्तिष्क रोग, दंतरोग, नेत्र रोग नाक कान गला रोग, गुर्दा रोग, कैंसर सर्जरी, इत्यादि रोगों के मरीज देखे जायेंगे।

25% छूट

(शिविर में देखे गये मरीजों की जाँच व अस्पताल के बिल में उपरोक्त छूट प्रदान की जायेगी)

डा.ए.एस. सैंगर, सर्जन

श्रीमती रागिनी सिंह, डायरेक्टर

आयुष्मान भारत योजना की सुविधा उपलब्ध

• इलाज लगभग सरकारी सीजीएचएस के रेट पर • गरीब लोगों के लिये विशेष छूट

मेडीक्लेम कार्ड धारकों को कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध

117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर

फोन : 0512-2584480, 9889538233


# आज से दौड़ेगी 'वंदे भारत'

## देश की पहली इंजन रहित सेमी हाईस्पीड ट्रेन है

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

कानपुर।

देश की पहली इंजन रहित सेमी हाई स्पीड ट्रेन 'वन्दे भारत' शुक्रवार से फर्राटा भरेगी। ट्रेन दिल्ली से चलकर दोपहर में सेंट्रल स्टेशन आयेगी। ट्रेन के स्वागत के लिए काफी तैयारियां की गयीं हैं। रेल मंत्री पीयूष गोयल खुद इस ट्रेन को लेकर आयेंगे। अतिथियों के आगमन के लिए प्लेटफार्म पर आकर्षक मंच बनाया गया है।

देश में निर्मित पहली हाई स्पीड ट्रेन वन्दे भारत एक्सप्रेस (टी-18) को शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। अत्याधुनिक सुविधाओं वाली इस 16 कोच की ट्रेन में 2 एग्जीक्यूटिव श्रेणी और 14 चेयरकार श्रेणी के कोच हैं। वाईफाई सहित अन्य तकनीकी सुविधाएं भी इस ट्रेन में यात्रा करने वालों के लिए उपलब्ध रहेंगी। विकलांग यात्रियों के लिए व्हील चेयर खड़ी करने का भी अलग स्थान इस ट्रेन में है। प्रत्येक कोच की पेन्ट्री भी अलग है। शुक्रवार को उद्घाटन होने के कारण इसका समय ओपन रखा गया है। ट्रेन 04036 को 15 फरवरी 2019 को नई दिल्ली से सुबह 10.45 बजे रवाना होकर दोपहर 3.05 बजे कानपुर सेंट्रल पहुंचेगी। यहां से 40 मिनट बाद 3.45 बजे इलाहाबाद के लिए रवाना होगी। ट्रेन से रेल मंत्री पीयूष गोयल, रेल राज्य मंत्री मनोज सिन्हा, सांसद मुरली मनोहर जोशी व अन्य प्रमुख हस्तियां भी आएंगी। स्वागत समारोह प्लेटफार्म एक पर आयोजित किया जाएगा। आरक्षण के लिए इसकी फीडिंग भी गुरुवार शाम को कम्प्यूटर पर कर दी गयी। वन्दे भारत एक्सप्रेस 17 फरवरी 2019 से नियमित तौर पर रफ्तार भरना शुरू कर देगी। सप्ताह में पांच दिन रविवार, मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार व शनिवार को रफ्तार भरेगी। जबकि सोमवार व गुरुवार को नहीं चलेगी। नियमित समय सारिणी इस तरह है।



सेंट्रल स्टेशन पर वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के स्वागत के लिए तैयार हो रहा मंच।

**रेल मंत्री व राज्यमंत्री दिल्ली से बनारस तक खुद जायेंगे**

**सेंट्रल पर सुबह 10.18 बजे आयेगी, स्वागत के व्यापक इंतजाम**

**17 फरवरी से नियमित चलेगी, सप्ताह में पांच दिन का शेड्यूल**


### ट्रेन 22436 वंदे भारत एक्सप्रेस

| | |
|---|---|
| सुबह 6.00 बजे | नई दिल्ली से चलेगी |
| आगमन 10.18-10.20 | कानपुर सेंट्रल आयेगी |
| दोपहर 12.23- 12.25 | इलाहाबाद पहुंचेगी |
| दोपहर 2 बजे | वाराणसी पहुंचेगी |

### ट्रेन 22436 वंदे भारत एक्सप्रेस

| | |
|---|---|
| दोपहर 3 बजे | वाराणसी से चलेगी |
| दोपहर 4.35- 4.37 | इलाहाबाद आयेगी |
| शाम 6.30-6.32 | कानपुर आयेगी |
| रात्रि 11 बजे | नई दिल्ली पहुंचेगी |

**16 कोच की इस ट्रेन में हैं अत्याधुनिक सुविधाएं**



### किराया

| यात्रा | चेयरकार | एग्जीक्यूटिव |
|---|---|---|
| दिल्ली से कानपुर | ₹1090 | 2105 |
| कानपुर से दिल्ली | ₹ 1205 | 2210 |
| कानपुर से वाराणसी | ₹ 1020 | 1815 |
| वाराणसी से कानपुर | ₹ 845 | 1665 |
| कानपुर से प्रयागराज | ₹ 595 | 1170 |
| प्रयागराज से कानपुर | ₹ 645 | 1260 |

## माघी पूर्णिमा व शिवरात्रि पर चलेगी इलाहाबाद-जयपुर एक्सप्रेस

■ कानपुर।

आंशिक रूप से रद इलाहाबाद-जयपुर एक्सप्रेस को कुम्भ के मद्देनजर कुछ तिथियों पर रिस्टोर करने का निर्णय रेल प्रशासन ने लिया है। यह ट्रेन माघी पूर्णिमा व शिवरात्रि के दिन भी रफ्तार भरेगी।

इलाहाबाद से जयपुर के बीच चलने वाली अप व डाउन रूट की एक्सप्रेस ट्रेन 12403/12404 को कोहरे के चलते आंशिक रूप से रद कर दिया गया था। यह ट्रेन मथुरा तक की रफ्तार भर रही थी। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी गौरव कृष्ण बंसल, प्रयागराज ने जानकारी दी कि 19 फरवरी को माघी पूर्णिमा व 4 मार्च 2019 को शिवरात्रि के मौके पर कुम्भ मेला स्नान होगा। इसे देखते हुए इस एक जोड़ी ट्रेन को कुछ तिथियों के लिए रिस्टोर किया गया है। यह ट्रेन जयपुर तक रफ्तार भरेगी। 12403 इलाहाबाद-जयपुर एक्सप्रेस 17, 18, 19 व 20 फरवरी 2, 3, 4 व 5 मार्च 2019 को जयपुर के लिए रफ्तार भरेगी। इसी तरह 12404 जयपुर-इलाहाबाद एक्सप्रेस 18, 19, 20 व 21 फरवरी व 3, 4, 5,6 मार्च 2019 को जयपुर से रफ्तार भरेगी।

## 30 मार्च तक चार मेमू ट्रेनें शनिवार को रहेंगी रद

**कानपुर।** परिचालनिक कारणों के चलते रेल प्रशासन ने दो जोड़ी मेमू ट्रेनों को रद करने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को रद रहेंगी। उत्तर मध्य रेलवे, इलाहाबाद के जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने जानकारी दी कि परिचालनिक कारणों की वजह से कानपुर सेंट्रल से फफूंद के बीच चलने वाली मेमू ट्रेन व फफूंद से कानपुर सेंट्रल आने वाली मेमू ट्रेन 16 फरवरी से 30 मार्च 2019 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को रद रहेगी। इसी अवधि में शिकोहाबाद-फफूंद मेमू व फफूंद-शिकोहाबाद मेमू भी रद रहेगी। इस तरह यह दोनों जोड़ी ट्रेन 16 व 23 फरवरी व 2, 9, 16, 23 व 30 मार्च 2019 को रद रहेंगी।


राष्ट्रीय सहारा

क्लासीफाइड विज्ञापन

**आवश्यकता**

सारथी Visa, No Advance (सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त) सिंगापुर, कनाडा में काम हेतु प्लम्बर, कारपेन्टर, ड्राईवर, Food Packing आदि की आवश्यकता, कमाये 80,000/-, 1,40,000/- तक, सम्पर्क करें। 7087570049, 8054356916

(बैंक पेमेंट)

कृषि विभाग में लखनऊ मुख्यालय में यू0पी0डब्ल्यू0एस0आर0पी0– द्वितीय चरण के घटक–डी (कृषि) योजनान्तर्गत नोडल सेल में प्रोक्योरमेन्ट एक्सपर्ट के पद हेतु सेवाप्रदाता कम्पनी के कर्मी के रूप में इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन फार्म आमन्त्रित किये जाते हैं, विज्ञप्ति नं0 107 के अनुसार। अधिक जानकारी व अन्य शर्तें हमारी वेबसाइट www.ramaipl.com पर उपलब्ध है। सेवाप्रदाता कम्पनी रामा इन्फोटेक प्रा0लि0, पता: ऑफिस नं0–5, द्वितीय तल, राजा राम कुमार प्लाजा, हजरतगंज, लखनऊ। अन्तिम तिथि 05.03.2019 सायं 5:00 बजे तक। CR-88

**ऋण संबंधी**

Bajaj Finance द्वारा लोन धमाका अब पाए घर बैठे मार्कशीट, प्रोपर्टी, पर्सनल, एग्रीकलचर/सभी लोन 16 घंटों में ब्याज 2% छूट 40% एजेंट आमंत्रित #9485693122

(Bank Payment)

**सूचना**

मेरे मकान का आवेदन पत्र बर्रा में दिनांक 01.02.2019 को गिर गया है। उसका उपयोग अवैध होगा। दीपिका जरीवाला पत्नी राहुल जरीवाला, मं.नं. 362 सी ब्लाक, विश्व बैंक बर्रा कानपुरनगर।

(सीबीके-1789)

मैं मनोज कुमार अवस्थी आर्मी नं-175539 बी पत्नी विमलेश अवस्थी का दूसरा पुत्र आदित्य अवस्थी है जिसकी जन्मतिथि 10-07-2006 है।

(सीबीके-फर्रुखाबाद-एफएफ)

मेरे पुत्र का नाम शैक्षिक प्रमाणपत्रों में यश अग्निहोत्री अंकित है, जो गलत है। सही नाम यश वर्धन अग्निहोत्री अंकित किया जाये। सुधीर कुमार अग्निहोत्री, निवासी दुर्गा कालोनी, भोलेपुर, फतेहगढ़-फर्रुखाबाद।

(सीबीके-फर्रुखाबाद)

यशी का नाम कात्यायनी है ये दोनों नाम एक ही लड़की का है। पिता-यशवीर सिंह चंदेल, माता-विभा सिंह, रामकुटीर मं.नं. 215, कलेक्टरगंज, फतेहपुर।

(सीबीके-फतेहपुर)

मेरा एलआईसी पालिसी संख्या 26349845 में शशिबाला नाम दर्ज है। जबकि मेरा कागजात में नाम अरूणा देवी है। मुझे अरूणा देवी नाम से जाना जाए। अरूणा देवी पत्नी राजकुमार, बिलहा, उसरी, कानपुरदेहात, मो. 9368432237

(सीबीके- औरैया)

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें। इस अखबार में प्रकाशित किसी विज्ञापन जैसे टावर नौकरी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के संदर्भ में कोई राशि भेजता है तो वह अपने स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशन या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई किसी क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन व्यवस्थापक

**सूचना**

हर व्यक्ति को सूचना दी जाती है कि म.नं.7/260A, स्वरूपनगर, कानपुर नगर के प्रथम खण्ड व 112/1, बेनाझाबर कानपुर नगर के प्रथम खण्ड पर न्यू इंडिया इंश्योरेंस कं. लि. वाले भाग व मं.नं.7/202 (2) व म.नं. 7/202 (3), स्वरूप नगर, कानपुर नगर को कोई भी व्यक्ति क्रय न करे और न ही कब्जा प्राप्त करे वरना कानूनी नतायज का वह स्वयं जिम्मेदारी होगा। समीर ओबेराय पुत्र स्व0 जी.एस. ओबेराय निवासी भवन सं.7/260A, स्वरूप नगर, कानपुर नगर ।


# ओवरलोड ट्रकें पकड़ने के नाम पर उत्पीड़न

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

कानपुर।

सरकार गिट्टी और मौरंग ढोने वाली ट्रकों की ओवरलोडिंग बंद कराना चाहती है तो उसे ओवरलोडिंग के मुख्य स्त्रोत अर्थात खादान और क्रेशर पर ध्यान देना होगा, जहां से ओवरलोड ट्रक बाहर ही नहीं निकलने देना चाहिए। इस पहले प्वांइट पर चेक न कर अधिकारी ओवरलोड ट्रकों का खादानों व क्रेशर परिसर से बाहर निकलने का इंतजार करते हैं, वह उनके परिसर के अंदर जाने की हिम्मत नहीं करते। यह बात उत्तर प्रदेश गिट्टी मौरंग ट्रक ऑपरेटर वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में ट्रक ऑपरेटरों ने कही।

दरअसल ट्रक ऑपरेटर्स के सभी संगठनों ने सत्रह फरवरी को अपनी एकजुटता के लिए बैठक आहूत की है। उनका कहना है कि पुलिस इन दिनों ओवरलोड ट्रकों की पकड़-धकड़ के नाम पर रास्तों में जगह-जगह रोक कर परेशान कर रही है। यदि ओवर लोड ट्रक पकड़े जाने पर सरकार ड्राइवर लाइसेंस, परमिट और मोटर मालिक पर मुकदमा लिखा जाता है तो खदान मालिक पर भी कायम किया जाना चाहिए। ऑपरेटर्स अपने साथ हो रहे अन्याय का विरोध करेंगे। इस कारण उ.प्र.गिट्टी मौरंग ट्रक आपरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन की संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दीप अवस्थी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक 17 फरवरी को बुलायी गयी है। उन्होंने कहा कि सरकार ट्रक ऑपरेटर्स के साथ दोहरी नीति से उनका उत्पीड़न कर रही है। बैठक में संजय गुप्ता, उदय बाजपेयी, परमजीत सिंह, अजय चौहान, पप्पू सिंह, राकेश दीक्षित, प्रमोद शुक्ला उपस्थित थे।

**ट्रक ऑपरेटर्स पर कार्रवाई हो तो खदान व क्रेशर मालिक पर भी हो मुकदमा**

# भूमि विवाद में पिता की लाठियों से पीटकर हत्या

**बांदा**

**भाई की आठ बीघा भूमि का बंटवारा चाहता था आरोपी**

**बांदा (एसएनबी)।** नगर कोतवाली क्षेत्र के बक्छा गांव में एक कलयुगी पुत्र ने भूमि विवाद के चलते अपने पिता और छोटे भाई को लाठियों से पीटकर मरणासन्न कर दिया। पुलिस घायलों को लेकर जिला अस्पताल जा रही थी कि रास्ते में पिता की मौत हो गई। एक दिन पूर्व इस मामले की शिकायत नगर कोतवाली में की गई थी, पुलिस कप्तान तक फरियाद पहुंचाई गई, लेकिन किसी ने कोई कार्रवाई नहीं की। परिणाम यह हुआ कि वृद्ध पिता की लाठियों से पीटकर हत्या कर दी गई। छोटे भाई का उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

कोतवाली क्षेत्र के बक्छा गांव निवासी धनपत उर्फ रज्जन (70) के चार पुत्र देवराज, रामराज, राममूरत, रामप्रकाश हैं। 10 वर्ष पूर्व रामराज ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। धनपत के पास 32 बीघा भूमि थी। इस पर उसने अपना हिस्सा न लेते हुए चारों भाइयों को आठ-आठ बीघा भूमि बंटवारे में दे दी थी। रामराज के खुदकुशी कर लेने के बाद उसकी पत्नी सुमन और बेटी रागिनी अपना जीवन यापन करने लगे। इधर, परिवारीजनों की रजामंदी के बाद सुमन रामराज के भाई राममूरत के साथ बतौर पत्नी जीवन यापन करने लगी। रामराज के दुनिया से जुदा हो जाने के बाद उसकी भूमि बेटी रागिनी के नाम आ गई। इस आठ बीघा भूमि को लेकर धनपत के बड़े पुत्र देवराज ने विवाद शुरू कर दिया। उसका कहना था कि रागिनी के नाम जो जमीन आई है, उस जमीन का तीन हिस्सों में बंटवारा किया जाए। इसी बात को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। गुरुवार सुबह देवराज ने गांव के तिराहे पर हैंडपंप के समीप राममूरत से विवाद कर लिया। धीरे-धीरे दोनों के बीच मारपीट होने लगी। इस बात की जानकारी होने पर धनपत लाठी टेकते हुए मौके पर पहुंचा और बीचबचाव करने का प्रयास किया। इस पर देवराज ने धनपत के हाथ से लाठी छीनते हुए देवराज (35) और पिता धनपत को पीटना शुरू कर दिया। इसमें धनपत गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को जिला अस्पताल लेकर जा रही थी कि रास्ते में वृद्ध धनपत की मौत हो गई, जबकि देवराज का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

# पुलिस लाइन में 'किलकारी' कक्ष का आईजी ने किया उद्घाटन

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

कानपुर।

महिला पुलिस कर्मियों को उनके नौनिहालों के कारण ड्यूटी में आने वाली दिक्कतों से निजात दिलाने के लिए एसएसपी अनंत देव तिवारी द्वारा बनवाये गये पालना गृह का गुरुवार दोपहर आईजी आलोक कुमार सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस पालना गृह में बच्चों के लिए बनाये गये कक्ष का नाम किलकारी कक्ष रखा गया है।

एसएसपी अनंत देव तिवारी ने कुछ माह पूर्व शहर में भ्रमण के दौरान एक महिला सिपाही को अपने दुधमुंह बच्चे के साथ चौराहे पर ड्यूटी करते देखा था। महिला सिपाही अपने बच्चों को थैले में लेकर अपनी पीठ से बांधे हुए थी। एसएसपी ने जब इस प्रकार ड्यूटी करने का कारण पूछा तो महिला पुलिस कर्मी ने बताया कि पति भी ड्यूटी करते हैं, ऐसे में इतने छोटे बच्चे को घर में अकेला नहीं छोड़ा जा सकता, जिस कारण वह उसे साथ लेकर ड्यूटी करती है। महिला पुलिस कर्मी की बातों ने एसएसपी को ऐसी महिला पुलिस कर्मियों के बच्चों के लिए एक सुरक्षित स्थल उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया और उन्होंने उसी दिन पुलिस लाइन का निरीक्षण करके वहां पालना गृह बनाने के निर्देश दे डाले। एसएसपी ने इस काम के लिए लखनऊ की संस्था फिक्की फ्लो की भी मदद ली। उनकी यह पहल काम आयी और कम समय में एक बच्चों की हर सुविधाओं से लैस पालना गृह पुलिस लाइन में बनकर तैयार हो गया। खेल-खिलौने, छोटे बेड, छोटी कुर्सी-मेज और कार्टूनों से लैस इस पालना गृह में बच्चों की सुख-सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा गया। इस कक्ष को नाम दिया गया किलकारी कक्ष।दोपहर में इस पालना गृह का आईजी आलोक कुमार सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन करते हुए एसएसपी को इस पहल के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह रेंज के सभी पुलिस कप्तानों को भी इसी प्रकार महिला पुलिस कर्मियों के बच्चों के लिए पालना गृह बनवाने के लिए कहेंगे, जिससे ड्यूटी के दौरान उन्हें अपने नौनिहालों के कारण दिक्कत न हो। किलकारी कक्ष उद्घाटन के अवसर पर एडीजी अविनाश चंद्र की पत्नी श्रीमती स्मिता, आईजी की पत्नी श्रीमती आकांक्षा सिंह के अलावा एसएसपी अनंत देव तिवारी, एसपी पश्चिम संजीव सुमन, एसपी साउथ रविना त्यागी, एएसपी अविनाश पांडे, एएसपी आदित्य लाम्हे, फिक्की फ्लो की चेयरपर्सन रेनुका टंडन, डॉक्टर अनुराधा वार्ष्णेय, संगीता खुराना, जूही अस्थाना तथा महिला पुलिस कर्मी अपने बच्चों के साथ उपस्थित थे।



पुलिस लाइन में पालना गृह का फीता काटकर उद्घाटन करते आईजी आलोक सिंह व अन्य।

**महिला पुलिस कर्मियों के बच्चों की देखरेख के लिए एसएसपी ने बनवाया पालना गृह**

**बच्चों को यहां छोड़कर निश्चिंत होकर ड्यूटी कर सकेंगी महिला पुलिस कर्मी**

कुंबले और हरभजन आज भी भारत के नंबर दो और तीन स्पिनर हैं .... पहले नंबर पर नेताजी हैं। कमाल की गुगली डालते हैं, एक ही बोल में ठगबंधन को धराशाही कर दिया।
——— समीर महेश्वरी

# शहर में चट्टे चलाने की छूट, भूजल दोहन भी जुर्म नहीं

## केवल नगर निगम को देना होगा शुल्क, कार्यकारिणी ने पारित किये प्रस्ताव

**कानपुर (एसएनबी)।** नगर निगम कार्यकारिणी ने गुरुवार को 2011 के शासनादेश को नजर अंदाज करते हुए कुछ प्रस्ताव पारित कर दिये। उस प्रस्ताव में नगर क्षेत्र में मवेशी पालने पर प्रतिबंध लगाया गया था और मगर नगर निगम कार्यकारिणी ने कहा है कि अब कोई भी व्यक्ति अपने प्लॉट पर मवेशी पाल सकता है और चट्टा भी चला सकता है, बस इसके लिये उसे प्रति मवेशी नगर निगम को निर्धारित शुल्क अदा करना होगा। इसी तरह सब मर्सिबल का शुल्क अदा करके भूगर्भ जल के दोहन की भी छूट दे दी गयी है। कार्यकारिणी के इन फैसलों से उन चट्टा संचालकों की समस्या खत्म हो गयी है जिन पर अरसे से शहर से बाहर चट्टे ले जाने का दबाव था। सब मर्सिबल लगाकर वाहन धोने वालों के व्यवसाय पर खतरा या दंड का खौफ भी खत्म हो गया है।

**नमामि गंगे के कार्यों की गुणवत्ता परखेंगे नगर आयुक्त व महापौर**

**बोरिंग से पानी लेने वालों को भी देना होगा सालाना शुल्क**

**हर वार्ड में सफाई कर्मचारियों की न्यूनतम संख्या 40 होगी**

**वार्ड के विकास के लिए प्रत्येक पार्षद को सालाना 40 लाख मिलेंगे**

कार्यकारिणी द्वारा पारित प्रस्ताव के मुताबिक प्रति भैस का शुल्क 500 रुपये, गाय का 400 रुपये, सुअर का 200 रुपये और बकरी का सालाना शुल्क 100 रुपये होगा। इसी प्रकार के भैस के पड़वे के लिये 200 रुपये, बछिया के लिये 100 रुपये और सुअर व बकरी के बच्चे के लिये 50 रुपये देने होंगे। यह भी तय हुआ कि इस प्रस्ताव का विज्ञापन निकालकर नगर निगम जनता की राय लेगी और फिर संशोधित प्रस्ताव कार्यकारिणी में रखकर पास कराया जायेगा। नयी व्यवस्था में उन लोगों को छूट होगी जो अपने परिवार के लिए एक मवेशी पाले हैं। यदि कोई एक से अधिक मवेशी अपने भूखंड पर पाले है तो उसे शुल्क देना होगा। यदि किसी ने फुटपाथ आदि पर मवेशी पाले तो उन्हें कांजी हाउस भिजवा दिया जायेगा। शहर में करीब 1500 डेयरियां है। इनके मवेशी इनके भूखंड में ही है। इस तरह से नगर निगम की आय बढ़ेगी। कार्यकारिणी में सबमर्सिबल पम्प के कारण हो रहे जल दोहन का मुद्दा पार्षद हरी शंकर गुप्ता ने उठाया। पार्षद ने कहा कि अत्याधिक जल दोहन से जमीन पोली होती जा रही है और भूगर्भ जल स्तर में गिरावट आती जा रही है। इससे आने वाले समय में पानी की भीषण समस्या होगी। पार्षद के प्रस्ताव पर कार्यकारिणी में विचार विमर्श करते हुए तय किया गया डोमेस्टिक यूज करने वाले सबमर्सिबल पम्प धारकों से प्रति साल 2500 रुपये और व्यवसायिक प्रयोग करने वालों से 5000 रुपये प्रति साल शुल्क वसूला जाये। इस प्रस्ताव पर नगर निगम शहरवासियों से रायशुमारी करेगा। इसके बाद इसमें आवश्यक संशोधन किया जायेगा। उदाहरण के तौर व्यवसायिक प्रयोग करने वाला कितने हार्स पावर की मोटर लगाये है और कितने व्यास के पाइप से जमीन से पानी ले रहा है। उसके हिसाब से शुल्क तय किया जायेगा।



नगर निगम में कार्यकारिणी की बैठक करतीं महापौर प्रमिला पांडेय व नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा व अन्य। फोटो : एसएनबी

## प्रत्येक वार्ड में होंगे न्यूनतम 40 सफाईकर्मी

■ **कानपुर। (एसएनबी)**

पार्षदों के लिए दो बेहतर प्रस्ताव पेश किये गये। पहला सभी वार्डों में सफाई कर्मचारियों की न्यूनतम संख्या 40 कर दी जाये। इस प्रस्ताव को पूरा करने के लिए नगर निगम आउटसोर्सिंग से करीब 250 सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति करेगा। अभी तक वार्डों में सफाई कर्मचारियों की संख्या को लेकर विवाद था। किसी वार्ड में 90 सफाई कर्मी थे और किसी में सिर्फ 16। इस प्रस्ताव के अनुसार जहां पर भी 40 से कम सफाई कर्मचारी है। वहां पर सफाई कर्मचारियों की न्यूनतम संख्या 40 कर दी जायेगी। पार्षदों के वार्डों में प्रतिवर्ष विकास के लिए 40 लाख रुपये देने का प्रस्ताव पेश किया गया। इसमें 25 लाख रुपये चौदहवें वित्त आयोग और अवस्थापना निधि से दिया जायेगा। बचे 15 लाख रुपये नगर निगम अपनी आय से देगा।

### नमामि गंगे के कार्यों की होगी जांच

**कानपुर।** कार्यकारिणी ने नमामि गंगे के हो रहे कार्यो की गुणवत्ता की शिकायत की जिस पर महापौर प्रमिला पाण्डेय और नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि नमामि गंगे के कार्यों की जांच के लिए वह लोग खुद जायेंगे और क्षेत्रीय पार्षद भी जांच दल में शामिल करेंगे। पार्षदों की अवैध होर्डिंग्स की शिकायतों पर नगर आयुक्त ने कहा कि जोन स्तर पर एक निगरानी समिति बनायी जायेगी जिसमें पार्षदों को नामित किया जायेगा। समिति में नगर निगम के जोनल अधिकारी भी होंगे, जो अवैध होर्डिंग्स पर नजर रखेंगे।

### 30 मई तक नालों की सफाई

**कानपुर।** कार्यकारिणी में शहर में खुले मैनहोलों पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा गया कि शहर में एक-एक मैनहोल के लिए अभियान चलाकर नगर निगम उसमें ढक्कन लगायें। इस प्रस्ताव पर भी कार्यकारिणी में सहमति दी गयी। महापौर ने 28 अप्रैल से 30 मई तक शहर के सभी नालों की सफाई के लक्ष्य का प्रस्ताव रखा, जिसको पास कर दिया गया। साथ ही खुले नालों को ढंकने को प्राथमिकता देने का निर्णय हुआ, क्योंकि खुले नाले के कारण इंसान की जान जा सकती है। कार्यकारिणी के बारह पार्षदों को अमृत योजना के तहत शहर में बारह पार्को के विकास का प्रस्ताव दिया गया। जिसको पारित कर दिया गया। कार्यकारिणी सुबह ग्यारह बजे से शुरू होकर दोपहर में चार बजे तक चली। कार्यकारिणी में महापौर और नगर आयुक्त के अतिरिक्त कार्यकारिणी के बारह सदस्य और नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

# नगर निगम ने बनाया सेहत सुधारने वाला बजट

## कान्हा गौशाला के लिए 10 करोड़ रुपये का आवंटन

■ **सहारा न्यूज ब्यूरो**

**कानपुर।**

नगर निगम के बजट में पहली बार खेलकूद और शहरवासियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखा गया। पर्यावरण संरक्षण और खेलकूद के ज्यादा धन आवंटित किया गया। बजट में आय और व्यय में समानता रखी गयी है। बजट में पहली बार कान्हा गौशाला के लिए धन आवंटित किया गया है।

**15 अरब के प्रस्ताव पारित, पर्यावरण सुधार के लिये 10 करोड़, खेलकूद पर एक करोड़ खर्च करना भी मंजूर**

**सड़क और नाली-नाले के निर्माण व सफाई का बजट कम कर दिया**

**चौदहवें वित्त आयोग के 165 करोड़ का भी प्रावधान किया**

कार्यकारिणी में बजट पारित होने के बाद नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि अगले वित्तीय वर्ष में 14 अरब 82 करोड़ 267 लाख का बजट प्रस्तुत किया गया। इतनी ही आय का प्रावधान भी किया गया है। जिसमें चौदहवें वित्त आयोग के 165 करोड़ रुपये और अवस्थापना निधि के 40 करोड़ रुपये का भी प्रावधान रखा गया है।

पहली बार नगर निगम के बजट में पर्यावरण के लिए 10 करोड़ का प्रावधान किया गया है। पिछले वित्तीय वर्ष में इस मद में 3 करोड़ की राशि आवंटित की गयी थी। खेलकूद के मद में पिछले साल 25 लाख रुपये रखा गया था। उसको बढ़ाकर एक करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया। इसमें खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। सड़क निर्माण के लिए पिछले बजट में 21 करोड़ का प्रावधान था। जिसको घटाकर 20 करोड़ रुपये कर दिया गया है क्योंकि सड़क निर्माण के लिए विधायक और सांसद निधि से भी धन आवंटित होता रहता है। नाले-नाली के निर्माण के लिए पिछले साल के बजट में 7.50 करोड़ था। इस साल इसको घटाकर 6 करोड़ कर दिया गया है। मलिन बस्तियों के लिए पहले बजट में 70 लाख का प्रावधान था। इस बजट में उसको 3 करोड़ रुपये कर दिया गया है। पिछले बजट कान्हा गौशाला के लिए कोई प्रावधान नहीं था। इस बजट में कान्हा गौशाला के लिए 10 करोड़ रुपये आवंटित किया गया है।

# महेंद्र पाण्डेय फिर चुने गये उप सभापति

**कानपुर (एसएनबी)।** नयी कार्यकारिणी में सर्व सम्मति से पार्षद महेन्द्र पाण्डेय 'पप्पू' को उपसभापति चुन लिया गया। वह दोबारा उपसभापति चुने गये हैं।

कार्यकारिणी की शुरुआत होते ही सबसे पहले उपसभापति के चयन का प्रस्ताव रखा गया। जिसमें भाजपा संगठन द्वारा नामित पार्षद महेन्द्र पाण्डेय 'पप्पू' का नाम आया। कार्यकारिणी में भाजपा के सात, कांग्रेस के तीन और सपा के दो पार्षद है। भाजपा का बहुमत होने के कारण सर्व सम्मति से महेन्द्र पाण्डेय 'पप्पू' को चुन लिया गया। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी में वार्ड-77 विश्व बैंक कालोनी के सेक्टर बी मकान नम्बर 501 से 550 के मध्य स्थित पार्क का नाम अटल बिहारी वाजपेई के नाम पर रखने का प्रस्ताव रखा गया। वार्ड-23 स्थित पनकी स्थित डॉ. बीआर अम्बेडकर सामाजिक विकास समिति के द्वारा स्थापित भगवान बुद्ध की प्रतिमा के सुन्दरीकरण का प्रस्ताव रखा गया। वार्ड-72 दबौली के अन्तर्गत वेस्ट के अन्तर्गत म.न. 73 एमआईजी के सामने स्थित पार्क के सुन्दरीकरण का प्रस्ताव रखा जायेगा। पार्क जीर्णशीर्ण अवस्था में हो गया है। सभी प्रस्तावों को सहमति से पारित कर दिया गया



नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में महेंद्र पांडेय को उपसभापति बनाये जाने पर बुके देकर बधाई देतीं महापौर प्रमिला पांडेय व नगर आयुक्त।

# दुकानों के निर्माण को लेकर स्ट्रीट वेंडरों का नगर निगम पर धरना

**कानपुर (एसएनबी)।** कानपुर स्ट्रीट वेंडर संगठन ने गुरुवार को नगर निगम में धरना देकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों का आरोप था कि अस्थायी दुकानों के निर्माण के लिए एक चौथाई धन कार्यदायी संस्था को दे चुके हैं लेकिन जोन-1 के अधिकारी आईएमए भवन के किनारे बसे स्ट्रीट वेंडरों की अधिकृत सूची कार्यदायी संस्था को नहीं दे रहे हैं। बाद में नगर आयुक्त को संगठन के लोगों ने ज्ञापन दिया।

संगठन की अध्यक्ष आभा चतुर्वेदी ने धरने को सम्बोधित करते हुए जोन-1 के अधिकारियों पर आरोप लगाया है कि राजनीतिक दवाब में वास्तविक सूची नहीं भेज रहे है। जबकि स्ट्रीट वेंडरों के साथ हुई बैठक में नगर आयुक्त और अपर जिला मजिस्ट्रेट ने आश्वस्त किया था कि बहुत जल्द अस्थायी दुकानों का निर्माण शुरू होगा। बैठक में संगठन ने परेड के स्ट्रीट वेंडरों की सूची अधिकारियों को सौपी थी। इसके बाद भी जोन-1 के अधिकारी सूची कार्यदायी संस्था को नहीं सौंप रहे है। जिसके वेंडरों में आक्रोश है क्योंकि उनका व्यापार उजाड़ने के बाद से बंद पड़ा है।

पूरे दिन चला धरना शाम को खत्म हो गया। धरने में राकेश मिश्रा,मुख्तार अहमद, छोटे लाल पासवान, सत्य नारायण, आनंद कुमार,सीमा देवी, अजय सोनकर आदि थे।



नगर निगम में प्रदर्शन करते स्ट्रीट वेंडर।

## स्वाइन फ्लू के दो नमूने और आये

**कानपुर (एसएनबी)।** महानगर में अब स्वाइन फ्लू की दस्तक पूर्ण रूप से हो चुकी है। स्वाइन फ्लू के दो संदिग्ध मरीजों के रक्त नमूने जांच के लिये मेडिकल कालेज गुरूवार को जांच के लिये भेजे गये हैं। हैलट मेडिसिन विभाग की ओपीडी आये सैकड़ों मरीजों में दो पर स्वाइन फ्लू के लक्षण दिखने पर उनके रक्त का नमूना मेडिकल कालेज जांच के लिये भेजा गया है। मेडिकल कालेज से अभी तक 21 नमूने जांच में पाजिटिव पाये जा चुके हैं, जिसमें दो मरीजों की मौत भी हो चुकी है। महानगर में स्वाइन फ्लू के मरीज कई स्थानों से निकल रहे हैं। गुरूवार को आये दोनों स्वाइन फ्लू के संदिग्ध मरीजों को संक्रमक रोग अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।




## बैराज से भैरोघाट तक बिछने वाली पेयजल लाइन के पाइपों की जांच होगी

**कानपुर (एसएनबी)।** गंगा बैराज से भैरोघाट तक प्रस्तावित पेयजल लाइन के लिए मंगाये गये पाइपों की जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया जायेगा। इन पाइपों की गुणवत्ता को लेकर सपा पार्षद हाजी सुहैल अहमद ने कार्यकारिणी में सवाल उठाया था।

कार्यकारिणी सदस्य हाजी सुहैल अहमद ने कहा कि जल निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर अभियंता जौहरी ने ब्लैक लिस्टेड कम्पनी रेमकी को पाइपों की आपूर्ति का ठेका दिया है, जो गुणवत्तायुक्त पाइपों की आपूर्ति नहीं कर रही है। इस कम्पनी ने जेएनएनयूआरएम में जो पाइप शहर में बिछाये है,वह लीकेज हो गये है। पाइप बिछाने वाली कम्पनी रेमकी की गारन्टी मनी रोकने का निर्णय पिछली कार्यकारिणी में लिया गया था लेकिन अभियंता जौहरी ने कम्पनी की गारन्टी मनी लौटा दी है और उसको फिर पाइप आपूर्ति करने का ठेका दिया गया है।

पार्षद की आपत्ति पर महापौर और नगर आयुक्त ने तुरन्त जल निगम के अभियंता जौहरी को तुरन्त बुलवाया गया। कार्यकारिणी के समक्ष अभियंता जौहरी से सवाल जवाब किये गये। बाद में आपूर्ति किये पाइपों की गुणवत्ता के लिए एक कमेटी के गठन का आदेश दिया गया। कमेटी की रिपोर्ट पर आगे की कार्यवाही तय की जायेगी।

# आईआईटी करेगी जल संसाधनों का प्रबंधन

**कानपुर (एसएनबी)।** भारत के जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के लिए इनोवेटिव तकनीकी समाधान संबंधी मदद के लिए आईआईटी कानपुर ने इंडिया-यूरोपियन यूनियन वॉटर पार्टनरशिप ( आईईडब्ल्लूपी) के साथ एमओयू साइन किया गया है। उक्त एमओयू दिल्ली में बुधवार को चौथे इंडिया ईयू वाटर फोरम के बैनर तले आयोजित वर्ल्ड सस्टेनबल डेवलपमेंट समिट में किया गया। इस अवसर पर आईआईटी कानपुर के प्रो.विनोद तारे सहित अन्य लोग मौजूद रहे। आईआईटी निदेशक प्रो.अभय करंदीकर ने एमओयू की जानाकारी देते हुए विश्वास जताया है कि इससे जल संसाधनों के प्रबंधन के क्षेत्र में नये संभावनाओं के तमाम द्वार खुलेंगे।

भारतीय जल संसाधनों के प्रबंधन व निर्मलीकरण के इस कार्य के नये बिजनेस के द्वार भी खुलेंगे। ईयू व भारत के करीब 50 व्यवसायिक संस्थानों ने भी इस योजना में रुचि दिखायी है। बिजनेस कंपनियों के समक्ष वाटर क्वालिटी कंट्रोल, ट्रीटमेंट टेक्नोलॉजी सिस्टम के क्षेत्र में अवसरों का लाभ उठाने का मौका है। योजना को सामाजिक, क्षेत्रीय व स्थानीय जरूरतों से जोड़ कर रोजी-रोजगार के और भी साधन विकसित किये जा सकते हैं। नदियों के सहारे परिवहन व इंटरटेनमेंट पर्यटन का एक नया दौर भी सृजित किया जा सकता है।

**इंडिया-ईयू वाटर पार्टनरशिप योजना में भागीदारी को आईआईटी ने किया एमओयू**

**वॉटर क्वालिटी कंट्रोल व ट्रीटमेंट टेक्नॉलॉजी सहित खुलेंगे अन्य संभावनाओं के दौर**

**योजना में कई अन्य भागीदार भी :** वर्ल्ड सस्टेनबल डेवलपमेंट समिट के मौके पर इंडिया-ईयू वाटर पार्टनरशिप (आईईईयूडब्ल्यूपी) के साथ आईआईटी कानपुर के अलावा जर्मनी, हंगरी, द नीदरलैंड, क्लीन गंगा, वीटो,वाटर रिर्सोसेज ग्रुप 2030 आदि के साथ भी विभिन्न कार्यो-भूमिकाओं को लेकर एमओयू साइन किया गया है।

**323 करोड़ रुपये की है परियोजना :** भारत के जल संसाधनों के प्रबंधन के लिए रिसर्च व इनोवेशन प्रोग्राम पर पर इंडिया-ईयू वॉटर पार्टनरशिप ( आईईडबल्यूपी) योजना के तहत प्रथम चरण में ईयू व भारत सरकार ने 323 करोड़ का निवेश फंड सृजित किया गया है। आईईडब्लयूपी योजना 30 मार्च, 2016 को ब्रसेल्स में हुए 13 वीं ईयू-इंडिया समिट में भारत व ईयू द्वारा एडाप्ट किये गये 'वाटर पर संयुक्त घोषणा' के बाद शुरू हुई है। **यूरोपियन टेक्नॉलॉजी से होगा गंगा का पुनरूद्धार :** गंगा पुनरुद्धार के लिए चलायी जा रही 'क्लीन गंगा' योजना भी अब ईयूडब्ल्यूएफ के तहत अंजाम दी जायेगी व यूरोपियन टेक्नॉलॉजी का इस्तेमाल कर गंगा का पुनरुद्धार किया जाएगा। भारत को संबंधित तकनीक ट्रांसफर भी किया जाएगा। आईईडब्ल्यूपी के तहत आरंभिक चरण में वाटर मैनेजमेंट से संबंधित सात परियोजनाओं पर काम करना तय किया गया है।



इतिहास बदल गया साहब .... सब के बेटा हाथ से निकल जाता है
पर अखिलेश का तो पिता ही हाथ से निकल गया।

—— सुनीता गुप्ता



# विवि परीक्षा केन्द्र निर्धारण पर निर्णय आज


## वार्षिक परीक्षा में बैठेंगे 10 लाख छात्र

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

कानपुर।

सीएसजेएमयू की 26 फरवरी से घोषित वार्षिक संस्थागत व प्राइवेट परीक्षा के लिए केन्द्र निर्धारण नीति को अंतिम रूप दे दिया गया है। शुक्रवार को प्रस्तावित विवि परीक्षा समिति की बैठक में परीक्षा केन्द्र निर्धारण सहित अन्य बिन्दुओं पर मुहर लगा दिये जाने की उम्मीद है।

विवि की वार्षिक परीक्षा में संबद्ध कॉलेजो में संचालित यूजीपीजी पाठयक्रमों में विभिन्न कक्षाओं के करीब 10 लाख विद्यार्थी परीक्षा देंगे। विवि प्रशासन ने पहले ही कॉलेजों को सीसीटीवी व रिकार्डिग सिस्टम मुस्तैद रखने के निर्देश दिये थे। इस बाबत कॉलेजों से जानकारी भी ली जा चुकी है। परीक्षा केन्द्र बदल कर कराया जाना तय किया है। एक ही प्रबंधन के कॉलेजों का सेंटर तय करने में भी सावधानी बरतने के निर्देश थे।



वैसे कॉलेज संचालकों की मांग स्वकेन्द्र आधार पर ही परीक्षा कराने की है। उनका तर्क है अब सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा कराये जाने पर केन्द्र बदलकर अन्यत्र किये जाने का कोई औचित्य नहीं रह गया है। यह भी राय है कि परीक्षा स्वकेन्द्रों पर ही हों,लेकिन व्यवस्था के लिए प्राचार्य को छोड़ अन्य सभी स्टाफ बदल दिये जाएं। छात्राओं का परीक्षा केन्द्र अन्यत्र न बनाये जाने की गुजारिश भी कॉलेज संचालकों ने कुलपति से की है।

कुलपति प्रो.नीलिमा गुप्ता ने बताया कि परीक्षा केन्द्र निर्धारण व परीक्षा संबंधी अन्य कार्यो के बाबत आवश्यक निर्णय के लिए शुक्रवार को परीक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी है।

## जीएसवीएम में नकल मामले में होगी कार्रवाई

**कानपुर (एसएनबी)।** सीएसजेएमयू से संबद्ध जीएसवीएम कॉलेज में उजागर हुए नकल प्रकरण को विवि ने गंभीरता से लिया है। सीएसजेएमयू कुलपति प्रो.नीलिमा गुप्ता ने कहा कि उक्त प्रकरण में जांच करायी जा रही है। कॉलेज प्रबंधन से परीक्षा कक्षा में लगे सीसीटीवी की सीडी मांगी गयी है। सीडी का परीक्षण कर वास्तविकता कर आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि साथ ही परीक्षाओं पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिये गये हैं।

कुलपति ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में नकल के मामले में कार्रवाई की जाएगी। वैसे छात्रों व वहां के शिक्षकों ने अपने बयानों में नकल की बात को नकारा है। लिहाजा जांच के लिए सीडी मंगायी गयी है। उन्होंने इस पर आश्चर्य जताया कि प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज में नकल की बात सामने आयी है। नकल को कतई प्रश्रय नहीं दिया जाएगा।

### आरोपित प्रोफेसर के खिलाफ जांच

कुलपति ने बताया कि विवि में प्रबंधन विभाग से संबद्ध संविदा प्रोफेसर पर रेप व अन्य आरोपों के मामले में विवि स्तर से जांच करायी जा रही है। इसके लिए जांच समिति गठित की गयी है। उल्लेखनीय है कि एक महिला ने पुलिस में उक्त प्रोफेसर के खिलाफ बहला-फुसला कर रेप करने सहित अन्य कई आरोप लगाये हैं। पुलिस आरोपित प्रोफेसर की तलाश में जुटी है और वह फरार है।



निरीक्षण करते विश्वविद्यालय के रजिस्टार डॉ. वीके सिंह।

## विवि परिसर में रजिस्ट्रार ने किया निरीक्षण

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

कानपुर।

**छात्रों को परिचय पत्र साथ रखने की नसीहत दी गयी**

सीएसजेएमयू परिसर में अनुशासन कायम रखने की कवायद के तहत रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अंशु यादव, प्रॉक्टर डॉ. नीरज सिंह व प्रॉक्टोरियल बोर्ड के अन्य सदस्यों के साथ परिसर का भ्रमण कर निरीक्षण किया। रजिस्ट्रार गेट, छात्रावास व अन्य स्थलों पर पहुंच सभी से बात की व आवश्यक निर्देश दिये। गेट पर सुरक्षा बलों को भी मुस्तैद रहने को कहा गया है। छात्रों को परिचय पत्र साथ रखने की नसीहत दी गयी है।

## फिर पलटा मौसम

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

कानपुर।

**दोपहर में हुई मामूली बारिश बदली रहने से बीस तक बूंदाबांदी की संभावना**

दक्षिण पश्चिम विछोह और क्षेत्रीय चक्रवात के चलते आसमान पर विराजमान बादलों ने दोपहर महानगर में मामूली बारिश को अंजाम दिया है, बादलों के बढ़ने से गुरुवार रात बारिश की संभावना प्रबल हो गयी है। इन बादलों से बीस फरवरी तक बूंदाबांदी होने की संभावना बनती जा रही है। बादलों के रहने पर गुरुवार को अधिकतम तापमान गत दिवस से चार डिग्री नीचे आकर 21.8 और न्यूनतम 7.8 से लगभग पांच डिग्री उछल कर 13.2 डिग्री पर पहुंच गया है। दिन भर बादल रहने से दिन का तापमान कम हुआ है।



रिमझिम बारिश में निकाला रेन कोट।

वर्तमान मौसम में एक दो दिन तापमान के चढ़ने से शुष्की पैदा होने लगती है, इसी बीच बादल आते हैं और मौसम में ठंड को बढ़ाने में मदद करते हैं। यह क्रम अभी थमने वाला नहीं है। मौसम विभाग के जानकार बताते हैं कि बीस फरवरी तक बादल रह सकते हैं अथवा आते जाते रहेंगे और बूंदाबांदी भी करते रहेंगे। इस लिहाज से ठंड खत्म होने की बात बेमानी होगी। बादलों के आसमान पर रहने से न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी से रात में ठंड का अहसास कम होने लगता है और दिन में सूर्य की तपिश के अभाव से तापमान नीचे आ जाता है। यह स्थिति विछोव के चलते बन रही है। उधर उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश आदि प्रांतों में बर्फवारी का दौर जारी रहने से मैदानी इलाकों में बारिश की संभावना प्रबल रूप से बनती जा रही है। महानगर में विभिन्न क्षेत्रों में कहीं अधिक तो कहीं मामूली बारिश हुई है। बारिश रात में भी होने से मौसम विभाग इंकार नहीं कर रहा है।

हवा की गति तेज नहीं होने से अधिक ठंड नहीं लग रही है किंतु सुबह शाम गलन जरूर बढ़ रही है। गुरुवार सुबह आर्द्रता 85 और दोपहर बारिश होने के बाद 76 प्रतिशत रही। बूंदाबांदी के साथ बादल अभी बीस फरवरी तक रहने की संभावना मौसम विभाग जता रहा है। महाशिवरात्रि के पश्चात ठंड नहीं होने की बात कही जा रही है।

## नटराज यामाहा ने लांच की नई बाइक




**कानपुर।** अग्रणी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी यामाहा द्वारा गुरुवार को नटराज यामाहा में नई बाइक एफजेडएस वर्जन 3 की लांचिंग की गई। इस मौके पर ग्राहकों को नई बाइक की खूबियों से अवगत कराया गया। नटराज यामाहा में नई बाइक की लांचिंग वरद रस्तोगी (लांचिंग डीलर) ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ की। उन्होंने बताया की नई बाइक निश्चित तौर पर ग्राहकों को पसंद आएगी। एफजेडएस वर्जन 3 अनेक आकर्षक रंगों में उपलब्ध है। हाई पिकअप, 149 सीसी इंजन, डबल डिस्क ब्रेक, एयर कूल्ड कूलिंग प्रणाली व एक लीटर में 45 किलोमीटर का माइलेज है। यही विशेषताएं ग्राहकों को दीवाना बनाएंगी। लांचिंग के मौका पर बाइक खरीदने वाले शीबू मंडल पहले ग्राहक बने। इस मौके पर एएसएम वी.पी सिंह, इंजीनियर हिमांशु नारंग व अन्य ग्राहक मौजूद थे।

## महाराणा प्रताप इंजीनियरिंग कॉलेज में 'वार्षिकोत्सव' की धूम



महाराणा प्रताप इंजीनियरिंग कॉलेज में वार्षिकोत्सव का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि व अन्य।

**कानपुर।** महाराणा प्रताप इंजीनियरिंग कॉलेज में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव 'इन्क्यूनट्रो-19' का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के बाद विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं का दौर आरंभ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि समूह के चेयरमैन राम सिंह भदौरिया व संयुक्त सचिव गौरव भदौरिया ने किया। अतिथियों का स्वागत शरद गुप्ता ने किया। उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि राम सिंह भदौरिया के साथ ही निदेशक एमपीसीई डॉ.आरएस कुशवाहा व गौरव भदौरिया ने संबोधित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ.एमपी सिंह, डॉ.ममता शुक्ला, डॉ.विवेक सिंह, मोहित श्रीवास्तव, पी.कामले, लबी कौशल, डॉ.अनुपमा माथुर, डॉ.पंकज सिंह, मयंक शुक्ला, सुभाष मौर्या आदि उपस्थित रहे।

## 'पर्यावरण, स्वास्थ्य व जैव विज्ञान' पर सेमिनार कल से




विश्वविद्यालय में पत्रकारों से वार्ता करतीं कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता।

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के इंस्टीट्यूट ऑफ बायोसाइंसेस एंड बायोटेक्नोलॉजी ने 'पर्यावरण, स्वास्थ्य व जैव विज्ञान' विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन 16-17 फरवरी को रखा है। सेमिनार में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ ही अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञ दिग्गजों की जुटान होगी। साथ ही कृषि, जल, वायु, पर्यावरण, स्वास्थ्य आदि विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किये जाएंगे। व्याख्यान व पोस्टर प्रजेंटेशन के जरिए भी वैज्ञानिक विषयों को प्रदर्शित किया जाएगा। विवि कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने गुरुवार को प्रेसवार्ता कर उक्त सेमिनार की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ.विनोद कुमार सिंह, प्रो.संजय स्वर्णकार, डॉ. संदीप सिंह, डॉ. विवेक सिंह सचान व सेमिनार संयोजक आईबीएसबीटी के प्रभारी डॉ. शाश्वत कटियार मौजूद रहे। कुलपति ने बताया कि सेमिनार के मुख्य अतिथि पूर्व में यहां कुलपति रहे व वर्तमान में श्री कल्ला जी वैदिक विवि (राजस्थान) के कुलपति प्रो. अशोक कुमार होंगे। सेमिनार में भागीदारी करने वाले प्रमुख लोगों में फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया (एफएसआई) देहरादून के महानिदेशक डॉ. सुभाष आशुतोष, जूलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (जेडएफआई) कोलकात्ता के निदेशक डॉ. कैलाश चन्द्रा, इंडियन साइंस कांग्रेस एसोसिएशन की अध्यक्ष प्रो. विजयलक्ष्मी सक्सेना, इंडियन एकेडमी आफ इन्वायरमेंटल साइंस के अध्यक्ष प्रो. बीडी जोशी आदि शामिल होंगे। संगोष्ठी में विभिन्न राज्यों के 40 विश्वविद्यालयों के लगभग 500 लोगों की भागीदारी होगी। प्रतिभागियों के मनोरंजन के लिए विवि छात्र सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेंगे।

## शिक्षा का लक्ष्य ही जीवन का लक्ष्य

**कानपुर।** विश्वविद्यालय के पं. दीनदयाल शोध केन्द्र में दीन दयाल जी के निर्वाण दिवस पर आयोजित 'दीनदयाल स्मृति सप्ताह' के क्रम में गुरुवार को 'वर्तमान शिक्षा व्यवस्था, समस्या व निदान' विषयक संगोष्ठी के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख अनिल ओक ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा का लक्ष्य ही जीवन का लक्ष्य है। अखिल भारतीय शिक्षण मंडल राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शंकरानंद जी ने इस मौके पर कहा कि शिक्षा की सोच में जब तक परिवर्तन नहीं होगा। ओपी सिंह के संचालन में संपन्न गोष्ठी में धन्यवाद ज्ञापन शोध केन्द्र निदेशक डॉ.श्याम बाबू गुप्त ने किया। कार्यक्रम में डॉ.अंगद सिंह, डॉ.सुभाष अग्रवाल, अंकुर तिवारी, डॉ.रश्मि गोरे, डॉ.गीता अरोड़ा, आदित्य पाठक, डॉ.आरती वाजपेयी आदि ने भागीदारी की।

## अभिभावकों का पूजन कर मनाया प्रेम दिवस

**कानपुर (एसएनबी)।** योग वेदांत सेवा समिति व युवा सेवा संघ द्वारा जवाहर पार्क के सामने पाण्डु नगर में प्रेम दिवस मनाया गया। जिसका संचालन साध्वी पूजा बहन ने किया।

इस अवसर पर बच्चों ने मातापिता को असन पर बैठाकर फू लम्मालाएं पहनायी, तिलक किया और पूजा-अर्चना की। माता-पिता ने बच्चों को गले लगाकर आशीष दिया। भारतीय परम्परा की झलक को देखकर मातापिता सहित उपस्थित लोगों की भी ऑखे गीली हो गयी। इस कार्यक्रम का सभी धर्मो के लोगों ने स्वागत किया। इस अवसर उपस्थित जन समहू ने इच्छा जाहिर की 14 फरवरी के वेलेंटाइन डे की जगह मातापिता और गुरुजनों का सम्मान कर इस दिन को मनाया जाये। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने मातृ-पिता पूजन का लाभ लिया। इस मौके पर संजय सिंघानी मुख्य रूप से उपस्थित थे।



पांडुनगर में श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा आयोजित प्रेम दिवस पर अपने माता-पिता की आरती उतारते बच्चे।

## हिंदूवादी संगठनों ने वेलेंटाइन डे के विरोध में फूंका पुतला

■ कानपुर।

वेलेंटाइन डे पर बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद जैसे कट्टरपंथी संगठनों ने सड़कों पर उतरकर अपना विरोध जताया। उन्होंने किदवई नगर चौराहे पर पुतला फूंककर वेलेन्टाइन डे के खिलाफ नारे लगाये। उनका कहना था कि वैलेंटाइन डे पश्चिमी सभ्यता का प्रतीक है। इसे किसी भी कीमत में भारतीय संस्कृति में शामिल नहीं होने दिया जायेगा। हम इसका विरोध करते रहेंगे।

14 फरवरी को जहां एक ओर प्रेमी युगलों ने गुलाब का फूल देकर यह एहसास दिलाया कि वे एकदूसरे को कितना प्यार करते हैं। वहीं, दूसरी ओर बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आये। उन्होंने वेलेंटाइन डे का पुतला फूंकते हुये जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि युवा पीढ़ी द्वारा प्यार के नाम पर जो अश्लीलता फैलायी जा रही है, उसका विरोध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी सभ्यता के चलते भारतीय सभ्यता को भूलना ठीक नहीं है। भारतीय संस्कृति महान व संस्कारित है, जो अच्छे जीवन जीने के लिए रास्ता दिखाती है। उन्होंने कहा कि वेलेंटाइन डे पर सार्वजनिक स्थानों पार्क, होटलों, पर्यटन स्थलों आदि जगहों में अश्लीलता की शिकायत मिलती है, जो अनुचित है। पुतला दहन में रामजी तिवारी, राघवेंद्र मिश्रा, बालमुकुंद तिवारी, विकल्प अवस्थी, आलोक, अक्षय, तन्नू ठाकुर, अजय आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सर्च टैलेंट लीग में खेलेंगे रणजी ट्राफी के खिलाड़ी

**कानपुर (एसएनबी)।** सर्च टैलेंट लीग मैच (क्रिकेट टूर्नामेंट) में रणजी ट्राफी एवं इंडिया टीम के ट्रम्प खिलाड़ी भी भाग लेंगे। यह टूर्नामेंट 15 से 20 फरवरी तक खेला जायेगा। इस टीम में उद्योग घरानों की पांच टीमें प्रतिभाग करेंगी। मैच का आकर्षण चियर लीडर्स होंगी। यह जानकारी शुद्ध प्लस के निदेशक शरत खेमका एवं अली हामिद ने पत्रकार वार्ता में दी है।

**आईपीएल की तर्ज पर चियर लीडर्स भी होंगी**

**आज से शुरू होगा टूर्नामेंट, 20 तक चलेगा**

ग्रीन पार्क स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकारों को जानकारी देते हुए श्री खेमका ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार से शुरू होने वाले टूर्नामेंट का शुभारम्भ आईपीएल के चेयरमैन राजीव शुक्ला करेंगे। टूर्नामेंट में प्रतिदिन दो मैच खेले जायेंगे। पहले दिन पहले दिन यू फ्लैक्स दिल्ली व रेड रोज हैदराबाद तथा शुद्ध प्लस और नमो मुम्बई के बीच खेला जायेगा। पहला मैच सुबह 10 बजे से तथा दूसरा मैच शाम 4 बजे से खेला जायेगा। प्रत्येक मैच 24 ओवरों का होगा। प्रत्येक टीम चार मैच खेलेगी। शहर में 10 मैच खेले जायेंगे। श्री खेमका ने बताया कि इस मैच का उद्देश्य नयी प्रतिभाओं को खोजना और उन्हें निखारना है। मैच के दौरान दर्शकों के लिए लकी ड्रा का भी आयोजन किया जायेगा। जिसमें मोटर साइकिल, फ्रिज व टीवी आदि ईनाम रखे जायेंगे। इस मैच में रणजी खिलाड़ी अंकित चौधरी, अली मुर्तजा, अमित मिश्रा के अलावा ट्रम्प खिलाड़ी के तौर पर दिल्ली के अजय शर्मा, हैदराबाद के संदीप शर्मा तथा जेपी यादव भी इस टूर्नामेंट में अपना हुनर प्रदर्शित करेंगे।



ग्रीनपार्क स्टेडियम में वार्ता करते शरत खेमका व अली हामीद।

## किआ मोटर्स ने किया विश्वस्तरीय कारों का प्रदर्शन




कानपुर क्लब में कार को लांच करते उत्तर रीजन के प्रमुख रियू व चांग।

**इसी वर्ष अगली छमाही में देश में शुरू होगी बिक्री**

**एसयूवी रेंज की अन्य कारों को मिलेगी प्रतिस्पर्धा**

**2021 तक अपने पोर्टफोलियो में पांच वाहन शामिल करने की योजना**

■ कानपुर (एसएनबी)।

विश्व की आठवीं सबसे बड़ी ऑटो निर्माता कंपनी किआ मोटर्स भारतीय बाजार में दस्तक देने की पूरी तैयारी कर चुकी है। कंपनी इस वर्ष की दूसरी छमाही में एसपीटूआई कोड की कार भारतीय बाजार में उतारेगी। गुरुवार को कानपुर क्लब में आयोजित एक कार्यक्रम में किआ मोटर्स की विश्वस्तरीय कारों का प्रदर्शन किया गया।

कम्पनी के नार्थ रीजन हेड रियू ने जानकारी दी कि किआ मोटर्स भारत में जल्द ही एसयूवी श्रेणी की कार एसपी2 आई लांच करने को तैयार है। निश्चित तौर पर यह नई कार इस श्रेणी की अन्य कंपनियों के मॉडल को कड़ी टक्कर देगी। नई कार की लांचिंग से पूर्व कंपनी अन्य मॉडलों का देश के विभिन्न शहरों में प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने कहा कि लांचिंग के पांच साल के भीतर कंपनी देश के सर्वोच्च पांच ऑटो निर्माताओं में स्थान बनाना चाहती है। बताया कि रणनीति है कि पहली कार की लांचिंग के बाद हर छह माह में एक नया मॉडल लांच करते हुए किआ मोटर्स वर्ष 2021 तक अपने पोर्टफोलियो में पांच वाहन शामिल करने की योजना बना रही है। आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में कंपनी का प्लांट बनकर तैयार है। इसकी उत्पादन क्षमता प्रतिवर्ष 3 लाख कारों की है। एसपी2आई के विषय में जानकारी दी कि यह मेक इन इंडिया में पूरी तरह से फिट बैठती है। इसी वर्ष 29 जनवरी से कार का ट्रॉयल ऑपरेशन प्रारम्भ हो चुका है। हालांकि उन्होंने इन नई कार की कीमतों का अभी खुलासा नहीं किया। उन्होंने बताया कि कानपुर शहर में जल्द ही शानदार जगह पर कंपनी का शानदार शो रूम देखने को मिलेगा। लांचिंग के मौके पर सेल्स हेड चांग व खुशबू गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।

## इमरजेंसी में स्थापित एक्सरे मशीन होगी दुरुस्त

■ कानपुर (एसएनबी)।

जीएसवीएम मेडिकल कालेज के हैलट अस्पताल के इमरजेंसी में अर्से से बंद पड़ी एक्सरे मशीन को फिर से मरीजों की सेवा के लिये चलाने के लिये उसकी सफाई आदि के बाद दुरुस्त होने पर चलाया जायेगा। इमरजेंसी विभाग का कार्य देख रहे डॉ. प्रेम सिंह ने बताया कि इसके शुरू हो जाने से मरीजों को और अधिक सुविधा मिलने लगेगी।



इमरजेंसी प्रभारी डॉ. प्रेम सिंह ने बताया कि लंबे समय से बंद पड़ी एक्सरे मशीन को दुरुस्त करा कर मरीजों की सुविधा के लिये खोल दी जायेगी। अभी इमरजेंसी आने वाले गंभीर मरीजों को नेत्र रोग विभाग के पास स्थापित एक्सरे मशीन रूम तक स्ट्रेचर पर ले जाना पड़ता है, जिससे तीमारदारों को असुविधाओं का समान करना पड़ता है। इमरजेंसी में लगी एक्सरे मशीन ठीक होने से एक मात्र चल रही एक्सरे मशीन से लोड भी कम होगा और गंभीर मरीजों को भी एक ही स्थान पर सुविधा प्राप्त हो जायेगी।

छोटा इन्द्री निराश क्यों
12 घंटे में असर शुरू
मात्र 800 & 1200 रुपये
इन्द्री को 8-9 इंच लम्बा, मोटा सुडौल व ताकतवर बनायें। सलाह लेकर सेक्स टाईम 30-40 मिनट बढ़ायें। स्वप्नदोष, नपुंसकता, शिथिलता व संतानहीनता को दूर कर जोशीला, तेल उत्तेजना कैप्सूल 32GB मेमोरी कार्ड फ्री मंगायें लाभ नहीं तो पैसा वापिस
06207597882
06203070746

नई दिल्ली – वाराणसी के मध्य
160 कि.मी. प्रति घंटे की रफ्तार से चलने की क्षमता वाली भारत की पहली इंजन रहित सेमी – हाई स्पीड ट्रेन
वंदे भारत एक्सप्रेस
के दिनांक 15 फरवरी 2019 को शुभारम्भ के उपरान्त, यह गाड़ी दिनांक 17 फरवरी 2019 से नियमित रूप से चलेगी। जिसकी समय सारणी निम्नवत् है :
गाड़ी सं. 22436 / 22435 नई दिल्ली – वाराणसी
सप्ताह में 5 दिन (दोनो दिशाओं में सोमवार एवं गुरुवार को छोड़कर)
गाड़ी सं. 22436 नई दिल्ली से एवं गाड़ी सं. 22435 वाराणसी से चलेगी।
गाड़ी संरचना : एक्जीक्यूटिव चेयर कार – 02, चेयर कार – 12, ड्राइवर कार – 2

| गाड़ी सं. 22436 नई दिल्ली – वाराणसी | | | गाड़ी सं. 22435 वाराणसी – नई दिल्ली | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 06:00 | नई दिल्ली | 23:00 | -- |
| 10:18 | 10:20 | कानपुर | 18:30 | 18:32 |
| 12:23 | 12:25 | इलाहाबाद | 16:35 | 16:37 |
| 14:00 | -- | वाराणसी | -- | 15:00 |

विशेषताएं
अन्य ट्रेनें दिल्ली से वाराणसी की यात्रा में लेती हैं 13 – 15 घंटे,
वंदे भारत एक्सप्रेस से यात्रा मात्र 8 घंटे में संभव
• 97 करोड़ की लागत से बनी • मात्र 18 महीने में अपने भारत में तैयार
• 180 डिग्री घूमने वाली आरामदायक चेयर • सीसीटीवी कैमरा
• जीपीएस यात्री सूचना प्रणाली • ड्राइवर से टॉक बैक सुविधा
• मोबाइल चार्जिंग प्वॉइन्ट • डिफ्यूज्ड लाइटिंग एवं रीडिंग लाइट
• ऑटोमेटिक स्लाइडिंग दरवाजे एवं सीढ़ियां
उत्तर मध्य रेलवे इलाहाबाद
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

पांच लाख से ज्यादा कृषि आय पर भी इनकम टैक्स लगना चाहिए, इससे मध्यम वर्ग पर कर का बोझ घटेगा और प्रत्यक्ष कर बहुत बढ़ेगा।

—— अविनाश

# पति से नाराज होकर पत्नी ने लगायी आग

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**कानपुर।**

**बचाने में पति भी झुलसा, दोनों को उपचार के लिए हैलट में भर्ती कराया गया**



चकेरी थानाक्षेत्र में पति से हुये विवाद के बाद एक महिला ने अपने ऊपर मिट्टी का तेल डाल कर आग लगा ली। पत्नी को आग की लपटों के बीच घिरा देख पति ने किसी प्रकार आग बुझायी।

आग बुझाने में वह भी झुलस गया। दोनों को उपचार के लिये हैलट में भर्ती कराया गया है। जहां महिला की हालत चिन्ताजनक बतायी जा रही है।सनिगवां कांशीराम कालोनी निवासी सुरेश मजदूरी करता है।

गुरुवार दोपहर उसका किसी बात को लेकर पत्नी प्रियंका से विवाद हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि सुरेश ने उसकी पिटाई कर दी। इससे नाराज प्रियंका रसोई में गयी और मिट्टी के तेल का गेलन उठा कर अपने ऊपर डाल लिया और फिर आग लगा ली।

चीख पुकार सुनकर सुरेश जब भीतर पहुंचा तो उसके होश उड़ गये। पत्नी प्रियंका को आग की लपटों के बीच घिर देख उसके होश उड़ गये। यह देख आनन फानन में उसने आग बुझायी,लेकिन तबतक वह गंभीर रूप से झुलस चुकी थी। आग बुझाने में सुरेश भी झुलस गया। दोनों को उपचार के लिये हैलट भेजा गया है।

# 'फुफुवार ने हरदौली को हराकर जीता कप'



विजेता टीम के कप्तान को कप देते चन्द्रजीत सिंह व विनोद कुमार। फोटो : एसएनबी

**विजेता व उप विजेता को नकद पुरस्कार से नवाजा**

**सरसौल (एसएनबी)।** मवइया क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में फुफुवार ने हरदौली को 80 रन से पराजित कर विजेता कप पर कब्जा कर लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी फुफुवार की टीम ने निर्धारित 16 ओवरों में पांडया 36, राहुल 24, सतीश 22, बाबू 16 व अंशू के 10 रनों की मदद से 8 विकेट पर 142 रन बनाए। हरदौली की तरफ से रवि ने 2 विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरदौली की टीम विकटो के पतझड़ के कारण 8 विकेट पर मात्र 82 रन ही बना सकी। जिमी रवि 22 का प्रमुख योगदान रहा। फुफुवार की ओर से अंशू, पांडया व मिश्रा ने 2-2 विकेट झटके। विजेता व उप विजेता टीम को क्षेत्र पंचायत सदस्य चन्द्रजीत यादव व ग्राम प्रधान विनोद कुमार ने कैश मनी के साथ कप देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान अजय प्रताप सिंह, सप्पू सिंह, अरविन्द सिंह, गुंजन, गुड्डू, आलोक वर्मा, कुँवर जी, गब्बर सिंह, राजेश वर्मा आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे।

# कुशल व राजकुमार ने केक काट खत्म किया तनाव

**बिल्हौर।** दो पदाधिकारियों के जन्मदिन समारोह ने तहसील में बार और लायर्स के बीच बंटे अधिवक्ताओं के बीच मेलमिलाप का बढ़िया मौका दिया।बार अध्यक्ष और लायर्स पदाधिकारी के जन्मदिवस पर एक साथ केक काटा तो नजारा अलग ही था।

तहसील की समस्याओं को लेकर एसडीएम हिमांशु गुप्त के विरूद्ध लम्बे समय तक चली हड़ताल में अहम के टकराव से अधिवक्ताओं में दो फाड़ हो गये। बार पदाधिकारियों से नाराज अधिवक्ताओं के एक ग्रुप ने लायर्स का गठन कर लिया। लायर्स ने स्ट्राइक समाप्त कर एसडीएम का सर्मथन कर दिया। बाद में बार ने भी वार्ता कर हड़ताल वापस ले ली। इस पूरी जद्दोजहद में तहसील की समस्याएं तो यथावत रही, लेकिन अधिवक्ताओं के बीच तनाव चरम पर हो गया।गुरुवार को तहसील में बार अध्यक्ष राजकुमार भदौरिया का जन्मदिवस था। अधिवक्ताओं और उनके मित्रों ने तहसील में केक काटने की व्यवस्था की। उसी समय पता चला कि लायर्स के पदाधिकारी युवा अधिवक्ता कुशल पाण्डेय का भी जन्मदिन है। फिर क्या एक केक दो चाकू, राजकुमार व कुशल ने केक काटा। पूर्व अध्यक्ष अजीत सिंह के चेम्बर में केक काटा गया। कुछ पलों के लिये ही बार-लायर्स का भेद खत्म हो गया, सब केवल अधिवक्ता नजर आये। केके श्रीवास्तव, बोधराज सिंह, नितिन कटियार, अभिषेक पाण्डेय, प्रभाकर अवस्थी, मोनू, पंकज, रामकिशोर, शीलू, शानू आदि अधिवक्ताओं ने सभी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी।


## कार्यालय जिला पंचायत, कन्नौज

संख्या-423/उ.मृ.प.श.नि./ 2018-19 दिनांक-14.02.2019

**-: नीलाम सूचना मृ.प.श.नि. :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत कन्नौज के ग्रामीण क्षेत्रों में मृत पशुओं के शव निस्तारण/भण्डारण का ठेका/ लाइसेंस रायल्टी लेकर दिये जाने का कार्य वर्ष 2019-20 (01.04.2019 से 31.03.2020 तक) के लिये निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार कार्यालय जिला पंचायत, कन्नौज में सम्पन्न होगा। जिसमें सर्व प्रथम खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा पंजीकृत सहकारी समितियों को प्राथमिकता दी जायेगी। समिति के अभाव में अथवा अभिलेखों के निरीक्षण में पात्र न पाये जाने एवं डिफाल्टर होने की दशा में पैतृक रूप से जुड़े व्यक्तियों के मध्य नीलामी की कार्यवाही कर ठेका/ लाइसेंस दिया जायेगा। ऐसे व्यक्तियों के लिये आवश्यक होगा कि वह अपने निवास स्थान से ग्राम प्रधान व लेखपाल के मुहर सहित संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त इस आशय के प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें कि वह पैतृक रूप से मृत पशुओं के शव निस्तारण आदि के कार्य से जुड़े हैं। अन्य नियम व शर्तो की जानकारी कार्यालय से कार्य दिवस में की जा सकती है।

**कार्यक्रम**

1- दिनांक 20.02.2019 को मध्यान्ह 12.00 बजे तक समितियों से अभिलेख प्राप्त किये जायेगें।

2- दिनांक 20.02.2019 को अपरान्ह 01.00 बजे से कार्य सम्पति तक अभिलेखों का परीक्षण/ निरीक्षण किया जायेगा।

3- दिनांक 21.02.2019 को पात्र समितियों से लाइसेंस/ ठेका का धन जमा कराया जायेगा।

जिन विकास खण्डों में समितिया डिफाल्टर है अथवा पंजीकृत नहीं है, उन विकास खण्डों हेतु पैतृक रूप से इस पेशे से जुड़े व्यक्तियों के मध्य दिनांक 21.02.2019 को मध्यान्ह 12.00 बजे नीलाम कार्यवाही कार्यालय जिला पंचायत, कन्नौज में की जायेगी। जिन विकास खण्डों/ न्याय पंचायतों के लिये सहकारी समितियों को लाइसेंस अथवा नीलामी में ठेके की धनराशि मानक के अनुरूप प्राप्त नहीं होगी, उन विकास खण्डों/ न्याय पंचायतों की पुनः नीलामी आगामी माहों के प्रत्येक गुरुवार को सम्पन्न होने तक की जायेगी।

**(ज्योति कुमार दीक्षित)**
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, कन्नौज


## पुलिस ने मवेशी लदे ट्रक व कंटेनर पकड़े



ट्रक में भरकर ले जाये जा रहे मवेशी।

**घाटमपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर से काटने के लिए ले जाये जा रहे मवेशियों से लदे ट्रक व कंटेनर को सजेती पुलिस ने पकड़ा। भूसे की तरह भरकर लाये गए कई मवेशियों की हालत मरणासन्न जैसी हो गयी थी। ट्रक व कंटेनर के साथ पुलिस ने पांच लोगों को दबोचा। थानाध्यक्ष सजेती अरमेंद्र बहादुर सिंह हमराह सिपाहियों के साथ सीओ शैलेंद्र सिंह के निर्देश पर वाहनों की चेकिंग कर ही रहे थे कि मवेशी लदे ट्रक व कंटेनर चालक पुलिस को देख भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने उन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया। पकड़े गए कंटेनर में 35 व ट्रक में 19 मवेशी जबलपुर से उन्नाव स्लाटर हाउस के लिए ले जाये जाने की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि जनपद औरैया के बाबरपुर अजीतमल के रहने वाले फहीम पुत्र भूरे, सहारनपुर के गंगोर निवासी आसिफ पुत्र नदीम, जबलपुर के हलकान का रहने वाला मोहम्मद हुसैन पुत्र सईद, मुजफ्फर नगर बुढ़ाना का रहने वाला लुकमान पुत्र खलील तथा सहारनपुर के गंगोर का रहने वाला उस्मान पुत्र नियाज को पकड़ा गया।

## पकड़े गए बाइक व डीजीआर के चोर

**घाटमपुर।** पॉवर प्लांट में काम करने वाली डीजीआर कम्पनी के 9 जेग चोरी करने के आरोप में सजेती पुलिस ने सिधौल निवासी दो युवकों समेत बाइक चोरी में मूसा नगर के गांव देवीपुरवा ग्राम निवासी एक बाइक चोर को पकड़कर जेल भेजा। जेग चोरी में जेल भेजे गये सिधौल निवासी रिषभ पुत्र श्रीराम सचान तथा सक्षम पुत्र वीरेंद्र सचान हैं। इसी तरह जनपद कानपुर के थाना मूसानगर क्षेत्र में पड़ने वाले देवीपुरवा गांव के रहने वाले सतीश पुत्र रामपाल को पुलिस ने वाहनों की चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक के साथ पकड़ा। जो कानपुर से हमीरपुर के लिए जा रहा था।

## महिलाओं ने की पूर्व कोटेदार की शिकायत



तहसील पहुंची हिरनी गांव से महिलाएं। फोटो : एसएनबी

**घाटमपुर।** पतारा क्षेत्र के दो कोटेदारों के विवाद में गुरुवार को तहसील में दोनों कोटेदारों ने एक दूसरे के खिलाफ महिलाओं को बुलाकर प्रदर्शन कराया। इसमें पूर्व कोटेदार ने वर्तमान कोटेदार की शिकायत करायी थी। इस पर मौजूदा कोटेदार भी अपने पक्ष में महिलाओं व लोगों को लेकर तहसील पहुंचा। जिनका कहना था कि वह लोग पहले पतारा के कोटेदार सुधा देवी पत्नी सज्जन सिंह के यहां से राशन लेते थे। मगर राशन में धांधली के चलते उनका कोटा निरस्त हो गया और उसके यहां के राशनकार्ड हिरनी गांव के कोटेदार जय सिंह के यहां सम्बद्ध किये गये थे। मगर पूर्व कोटेदार बेवजह परेशान कर रहा है। मामला ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तक पहुंचने पर उन्होंने पूर्ति निरीक्षक को जांच के साथ कार्रवाई के निर्देश दिए।

## प्रबंधन के विरोध में बैंक कर्मियों का प्रदर्शन

**कानपुर।** फेडरल बैंक प्रबंधन की नीतियों को दमनात्मक बताते हुए यूपी बैंक इमप्लाइज यूनियन के बैनर तले बैंक कर्मियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए यूनियन के मंत्री सुधीर सोनकर ने कहा कि फेडरल बैंक प्रबंधन केवल बड़े व्यापारियों एवं कार्पोरेट घरानों से व्यवसाय करना चाहता है। जबकि यूनियन की मांग है कि सामान्य ग्राहकों को बैंक से दूर करने की प्रक्रिया अविलम्ब बंद हो व अनुचित सेवा प्रभारों को तुरन्त वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि पूर्व कार्यपालक निदेशक गणेश शंकरन के द्वारा स्वीकृत श्रणों की जांच कराई जाए। जिस तरह चन्द्रा कोचर का कर्मचारी शेयर वापस लिया गया, उसी तरह शंकरन से वसूली की जाए। फेडरल बैंक इम्पलाइज यूनियन के राष्ट्रीय पदाधिकारी लाल चन्द्र ने कहा कि प्रबंधन आंदोलन समाप्त न होने पर नेताओं के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की धमकी दे रहा है। रजनीश गुप्ता ने सम्बोधन में आरोप लगाया कि प्रबंधन गोल्ड लोन में धांधली कर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न नहीं रुका तो अन्य बैंकों में भी आंदोलन फैल जाएगा। प्रदर्शनकारियों में संजय त्रिवेदी, राकेश तिवारी, अनुराग शुक्ला, मनोज तिवारी, संदीप सक्सेना, रामेन्द्र सहाय, गोरखनाथ मेहरोत्रा, लाल चन्द्र, धर्मराज पाण्डेय, राजीव धवन, बी.के सिंह , जी.आर तिवारी, ए.से शुक्ला, आर.के शुक्ला, आलोक पाण्डेय आदि कर्मी शामिल थे।

## बिना लाइसेंस खाद्य कारोबार करने पर मुकदमा

**कानपुर।** शहर में मिलावटी खाद्य पदार्थो की बिक्री करने वाले कारोबारियों के यहां छापे मारकर बिना लाइसेंस के खाद्य कारोबार करते पाये जाने पर अभिहित अधिकारी ने तीन कारोबारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इन मुकदमों की सुनवाई अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अदालत में होगी। अभिहित अधिकारी वीपी सिंह के मुताबिक रामादेवी मंगला विहार स्थित पुनीत जुनेजा के ब्लू मून रेस्टोरेंट में छापा मारकर खाद्य सुरक्षा अधिकारी आकांक्षा जायसवाल ने बिना लाइसेस के खाद्य कारोबार करने पर कार्रवाई की थी। इसी आधार पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं पटेल नगर स्थित जेएस इंटरप्राइजेज में देवेंद्र व जितेंद्र अवस्थी द्वारा बिना लाइसेंस के खाद्य कारोबार करते पाये जाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। वहीं जीटी रोड गांधीग्राम स्थित विवेक कटियार के ओम मेडिकल स्टोर में छापा मारा तो बिना लाइसेस के खाद्य कारोबार करते पाये गये। इसी आधार पर आकांक्षा जायसवाल ने सुशील कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## बिठूर हादसे में घायल दो युवकों ने और दम तोड़ा

**कानपुर।** बिठूर नारामऊ रोड पर बुधवार शाम दो बाइक सवारों की भिड़त के बाद युवक सड़क पर गिर गये थे, जिन्हें एक तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया था। इस दुर्घटना में जहां एक युवक दीपक की बुधवार को ही मौके पर ही मौत हो गयी थी जबकि चार युवकों को हैलट में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। हैलट में उपचार के दौरान गुरुवार को दो युवकों बिठूर निवासी शिवा और मनोज सविता ने भी दम तोड़ दिया।

# राष्ट्रपति के आगमन की तैयारी एडीएम सिटी ने लिया जायजा



मंदिर में राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियों को अंजाम देते मंदिर समिति के पदाधिकारी। फोटो : एसएनबी

**सरसौल।** नर्वल तहसील के विकास खंड सरसौल के अंतर्गत आने वाले सलेमपुर स्थित बाला जी मन्दिर में महामहिम राष्ट्रपति के प्रस्तावित आगमन को देखते हुए तैयारियां तेज कर दी गई है। इसी क्रम में एडीएम सिटी विवेक श्रीवास्तव ने मन्दिर समिति के साथ बैठक कर आवश्यक तैयारियों का निर्देश पत्र दिया।

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार महामहिम का शहर में 24 फरवरी को आगमन के साथ ही मन्दिर में स्थापित मूर्तियों के दर्शनम्पूजन करते हुये भारत माता की मूर्ति का अनावरण करेंगे। तत्पश्चात केन्द्रीय कक्ष में बने मंच पर आसीन होकर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करेंगे। प्रबंध समिति द्वारा बनाई गई इस रूप रेखा पर अंतिम सहमति अभी राष्ट्रपति भवन से कार्यक्रम आने के बाद ही बनेगी। प्रशासन द्वारा आमंत्रण पत्र का स्वरूप भी दिया गया है। तैयारियों के काम में तेजी लाते हुये मन्दिर के मुख्य द्वार के ठीक सामने बनी दीवार को आज तोड़ दिया गया साथ ही परिसर के भीतर भी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने का कार्य जारी है। यहां प्रहलाद दास गुप्ता, हरिकिशन चोखानी, राधेश्याम शर्मा व मनोज सेंगर उपस्थित रहे।

# 'विश्व में मजबूत शक्ति के रूप में उभर रहा भारत'

**कानपुर (एसएनबी)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की महानगर इकाई के तत्तावधान में गुरुवार को सीएसजेएमयू के यूआईएचएस में ' उभरता भारत : नई आशाएं' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गयी। हरसहाय महाविद्यालय के उप प्राचार्य सुशील श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न गोष्ठी के मुख्य अतिथि परिषद के पूर्वी उप्र क्षेत्रीय संगठन मंत्री रमेश गरिया व मुख्य वक्ता प्रांत संगठन मंत्री कमल नयन रहे।

मुख्य अतिथि रमेश गरिया ने इस अवसर पर कहा कि 21 वीं सदी का भारत विश्व भर में एक मजबूत शक्ति के रूप में उभर रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हैरतअंगेज उपलब्धियां, आतंकी ताकतों से देश की सुरक्षा में लगे हौसलेमंद जवान तथा कृषि व अन्य क्षेत्र की नयी ऊचाईयां तेजी से भारत के आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त कर रही है। कमल नयन ने कहा कि वर्तमान में छात्र पीएचडी व अन्य उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाता है, लेकिन उसके मन में देश के लिए कुछ करने की ललक होती है। संगोष्ठी में सोनू ठाकुर, शिशिर शुक्ला व आयषुी मिश्रा मंचासीन रहे। कार्यक्रम में प्रशांत झा, कृतिका पाठक, हर्ष मिश्रा, ज्योति सिंह, रवि मिश्रा, अभिनव चतुर्वेदी, पारस निषाद, जागृति तिवारी, दीपक मौर्या, तरूण वाजपेयी, सुमित प्रताप, रोहन गुप्ता, शिवम गुप्ता आदि ने भागीदारी की।

# फिर गरमाया पनकी मंदिर का विवाद महंत जितेंद्र दास पर गंभीर आरोप

**कानपुर (एसएनबी)।** श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पनकी के महंत श्रीकृष्ण दास व अन्य महंतों ने महंत जितेंद्र दास पर मंदिर संपत्ति हड़पने की साजिश रचने और हत्या की धमकी देने का आरोप लगाया है।

प्रेसक्लब में गुरुवार को पत्रकार वार्ता में महंत श्रीकृष्ण दास ने कहा कि महंत जितेन्द्र दास ने अपने सगे भाई को सन् 2003 में बनवायी वसीयत से दूर रखा। इस पर विवाद के दौरान मैने जितेन्द्र दास को समझाने का प्रयास किया तो वे शत्रुता मानने लगे। महंत जितेन्द्र दास ने साथियों के साथ मंदिर के प्रमुख महंत रमाकांत दास के ड्राइवर को 12 फरवरी की सुबह पीटा जिससे उसके शरीर में फ्रैक्चर हुये। उन्होंने कहा कि भुवनेश्वर दास के मुख्य शिष्य महंत जर्नादन दास हैं लेकिन उनके छोटे भाई जितेन्द्र दास ने मंदिर की संपत्ति हड़पने के लिये कूटरचना की। भुवनेश्वर दास की फर्जी वसीयत बनाकर महंत रमाकांत दास का अधिकार समाप्त कर मंदिर की संपत्तियों पर कब्जा करने के लिये झूठी वसीयत में बनवायीं। जितेन्द्र दास ने स्वयं को महंत घोषित कर पंचमुखी हनुमान मंदिर पनकी कटरा के संबंध में स्वयं को एक मात्र सर्वराकार दर्शाते हुये रजिस्टर्ड ट्रस्ट डीड बनवायी और मंदिर की संपत्ति हड़पने के लिये षड़यंत्र किया। इसी के साथ मंदिर ट्रस्ट के बैंक खाते से और भगवान के अन्य सार्वजनिक धन से लाखों रुपये की हेराफेरी की है। इसका फौजदारी का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। वह सात मर्तबा मारपीट व हत्या के प्रयास कर चुके हैं। वार्ता में महंत अरूणपुरी, महंत आनन्द ब्रम्हचारी, महंत जनार्दन दास, महंत उदिता नंद आदि रहे।

**आरोप बेबुनियाद : जितेंद्र दास**

महंत जितेंद्र दास ने सभी आरोपों को बेबुनियाद करार दिया। उन्होंने कहा कि आरोप लगानेवाले अधिकारियों के यहां चक्कर काटते थक गये हैं। आरोप गलत होने के कारण उन्हें कहीं तवज्जो नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि पनकी कटरा मंदिर के महंत रमाकांत दास जी हैं और मैं महंत भुवनेश्वर दास जी के स्थान पर भक्तों की सेवा कर रहा हूं। उन्होंने बताया कि इन सब के विवाद के कारण मैं कुंभ भी नहीं जा पा रहा हूं।


## Commercial Engineers & Body Builders Co Ltd.

Regd. office : 84/105-A, G.T.Road, Kanpur Mahanagar, Kanpur-208 003, Uttar Pradesh, India
CIN: L24231UP1979PL004837

**ANNEXURE I**

**Extract of Unaudited Financial Results for the Quarter Ended December 31st, 2018**

[See Regulation 47(1) (b) of the SEBI (LODR) Regulations, 2015]

(₹ In Lakhs)

| Sl. No. | Particulars | Quarter ended 31-12-18 Un-Audited | Preceding Quarter ended 30-09-18 Un-Audited | Corresponding Quarter ended in previous year 31-12-17 Un-Audited | Nine Months Ended 31-12-18 Un-Audited | Corresponding Nine months ended in previous year 31-12-17 Un-Audited | Year Ended 31-03-18 Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 6,303.67 | 5,616.71 | 2,968.03 | 16,509.23 | 6,293.73 | 10080.39 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (beforeTax, Exceptional and / or Extraordinary items#) | (423.59) | (598.25) | (731.13) | (1,685.15) | (2,500.01) | -3691.27 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary items#) | (423.59) | (598.25) | (731.13) | (1,685.15) | (2,500.01) | -3691.27 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax(after Exceptional and/or Extraordinaryitems#) | (423.59) | (598.25) | (731.13) | (1,685.15) | (2,500.01) | -3691.27 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period[Comprising Profit / (Loss) for the period(after tax) and Other ComprehensiveIncome (after tax)] | 1.33 | 1.33 | 0.02 | 3.99 | 0.06 | 5.32 |
| 6 | Equity Share Capital | 5,494.30 | 5,494.30 | 5,494.30 | 5,494.30 | 5,494.30 | 5,494.30 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | - | - | - | (12,212.02) |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)- | | | | | | |
| | 1. Basic: | (0.77) | (1.09) | (1.33) | (3.06) | (4.55) | -6.71 |
| | 2. Diluted: | (0.77) | (1.09) | (1.33) | (3.06) | (4.55) | -6.71 |

**Notes:**

1) The above unaudited financial results for the quarter and nine months ended 31 December 2018, were reviewed by the Audit Committee at their meeting held on 13 February 2019 and approved by the Board of Directors at their meeting held on 13 February 2019. The statutory auditors of the Company have carried out a limited review of the Statement of Unaudited Financial Results for the quarter and nine months ended 31 December 2018 and an unmodified opinion has been issued. The same have been filed with BSE Ltd. and National Stock Exchange of India Ltd. and is also available on the Company's website at **www.cebbco.com**.

2) In accordance with the requirements of Ind AS, revenue for the period from 1 April 2018 to 31 December 2018 is net of Goods and Service Tax (GST). However, revenue for the period from 1 April 2017 to 30 June 2017 is inclusive of excise duty and that for the period from 1 July 2017 to 31 March 2018 is net of GST.

3) The Company had been incurring cash losses affecting its ability to service its borrowings, creditors, other liabilities and similar obligations. The Strategic Debt Restructuring ("SDR") plan of the Company in compliance with the guidelines issued by the Reserve Bank of India ("RBI") could not be completed within the timeframe prescribed by RBI and loan given by the lenders to the Company was classified Non-Performing Assets in the books of lenders. The lenders were in the process of identifying revival measures including debt restructuring and other structural changes. During the quarter, pursuant to a Resolution Plan, the Company, the lenders, the erstwhile promoters and the Incoming Investor entered into an agreement on 1 December 2018. The Resolution Plan mainly includes partial waiver of the principal amount of loan and interest, issuance of 3,45,39,693 equity shares of Rs. 10 each to the Incoming Investor, transfer of pledged promoter shares to the incoming investor, grant / renewal of the credit facilities subject to certain terms and conditions and issuance of non-convertible redeemable preference shares. The above plan received shareholders approval on 7 January 2019 and hence will be given effect to in the financial statements subsequent to the reporting date. The management believes that the above Resolution Plan together with continued customer support and ownership change will result in revival of operations of the Company. Accordingly, the financial results have been prepared on going concern basis.

4) Subsequent to the period ended 31 December 2018, pursuant to above, the share capital of the Company has undergone a change which is explained below: Authorized Share Capital :- Increased from Rs. 7,705.00 Lakhs to Rs. 18,005.00 Lakhs, the details are as under - 57,050,000 equity share capital of Rs. 10 each amounting to Rs. 5,705.00 Lakhs has been increased to 92,050,000 equity share capital of Rs.. 10 each amounting to Rs. 9,205.00 Lakhs. - 2,000,000 preference share of Rs. 100 each amounting to Rs. 2,000.00 Lakhs has been increased to 8,800,000 preference share capital Rs. 100 each amounting to Rs. 8,800.00 Lakhs. Paid up capital:- Increased from Rs. 67,94.30 Lakhs to Rs. 16,996.49 Lakhs, detailed as under: - Equity share capital has increased from 54,942,964 equity shares of Rs 10 each amounting Rs. 5,494.30 Lakhs to 89,482,657 equity shares of Rs 10 each amounting to Rs. 8,948.27 Lakhs. - Issue of 6,748,229 Non Convertible Cumulative Redemable Preference Share Capital of Rs. 100 each amounting to Rs. 6,748.23 Lakhs. - 20,00,000 Non Convertible Cumulative Redemable Preference Share Capital of Rs. 65 each amounting to Rs. 1,300.00 Lakhs (there is no change in same).

5) Effective 1 April 2018, the Company adopted Ind AS 115 "Revenue from Contracts with Customers" using the cumulative effect method which is applied to contracts that were not completed as of 1 April 2018. Accordingly, the comparatives have not been retrospectively adjusted. There is no material effect on adoption of Ind AS 115 on the unaudited financial results.

6) The Company's business activity falls within a single primary business segment viz. "Sheet metal fabrication and bodybuilding". The operating segment has been defined based on regular review by the Company's Chief Operating Decision Maker to assess the performance of the Company and to make decision about allocation of resources.

7) Earnings/(Loss) per share has been computed basis the equity shares of the Company outstanding as at 31 December 2018.

8) Previous period figures have been regrouped / reclassified wherever necessary to correspond with current period classification / disclosures.

For and on Behalf of the Board
sd/-
Abhishek Jaiswal
Director
DIN- 07936627

Pitampur, Dhar
13-02-19

राष्ट्रीय
सहारा
कानपुर। शुक्रवार ● 15 फरवरी ● 2019
www.rashtriyasahara.com



अनमोल वचन

*यदि सद्गुरु मिल जाए तो जानो सब मिल गया, फिर कुछ मिलना शेष नहीं रहा। यदि सद्गुरु नहीं मिले तो समझो कोई नहीं मिला क्योंकि माता-पिता, पुत्र और भाई तो घर-घर में होते हैं। ये सांसारिक नाते सभी को सुलभ हैं, परंतु सद्गुरु की प्राप्ति दुर्लभ है* -कबीरदास

## कैग और राफेल

कायदे से राफेल विमान सौदे पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) रिपोर्ट के बाद जारी विवाद बंद हो जाना चाहिए। किंतु भारत की राजनीति ऐसी है, जहां विवादों और आरोपों के पीछे ठोस तथ्यों और नैतिक आधारों की अब आवश्यकता ही नहीं। कैग ने यूपीए सरकार के सौदा बातचीत दस्तावेज तथा मोदी सरकार के सौदे का तुलनात्मक अध्ययन कर साफ किया है कि पहले की तुलना में यह हर दृष्टि से भारत के अनुकूल शर्तों वाला और सस्ता है। कैग कह रहा है कि इसमें भारत ने 17.08 प्रतिशत धन बचाया है तथा सौदा 2.86 प्रतिशत सस्ता है, तो फिर इसे स्वीकारने में कोई समस्या क्यों। उसने यह भी कहा है कि पहले की तुलना में शुरुआती 18 विमान हमको पहले मिल जाएंगे। किंतु कांग्रेस ने जिस तरह एक संवैधानिक संस्था पर प्रश्न उठाया है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। कैग पर बैठा व्यक्ति पूर्व में किस पद पर था, उससे जोड़कर उसकी निष्पक्षता एवं ईमानदारी पर प्रश्न उठाना ऐसी आत्मघाती नीति है




जो पता नहीं हमें पतन की किस सीमा तक ले जाएगी। आखिर, देश को सच चाहिए या जबरन आरोप? सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में विवाद के तीनों बिंदुओं मूल्य, ऑफसेट एवं प्रक्रिया पर सकारात्मक मत दिया था। कहा था कि ऐसी कोई गड़बड़ी नहीं दिखती, जिसके आधार पर राफेल सौदे की जांच की अनुमति दी जाए। अदालती फैसले के बाद लगा था कि शायद कांग्रेस अपनी रणनीति में सुधार करेगी। किंतु उसने कह दिया कि उच्चतम न्यायालय नहीं, संयुक्त संसदीय समिति जांच की उपयुक्त जगह है। अब कैग रिपोर्ट के बाद भी इनका स्वर ऐसा ही है। राजनीति के नाम कोई कुछ भी आरोप लगाए, देश को समझ आ गया है कि राफेल विमानों का सौदा हर दृष्टि से भारत के अनुकूल है। वैसे भी दो सरकारों के बीच के सौदे में किसी तरह की दलाली की संभावना पैदा ही नहीं होती। कोई सरकार जानबूझकर किसी कंपनी को ज्यादा मूल्य क्यों देगी? सौदा को पूर्णता तक पहुंचाने की भूमिका वार्ता दल की होती है, जिसके पूर्व प्रमुख का भी बयान आ गया है। कैग की रिपोर्ट उन सारे बयानों की पुष्टि करती है, जो सौदे को भारत के हित में और एकदम सही करार दे रहे थे। लोगों के अंदर संदेह पैदा करके कुछ दल राजनीतिक लाभ पाने की रणनीति से पीछे नहीं हट रहे तो उनको इसकी क्षति भी हो सकती है। लोग यह भी सोचेंगे कि जिस सौदे के सर्वोच्च न्यायालय और कैग, दोनों सही करार दे चुका है उसे गलत कैसे माना जाए।

## मुलायम हुए 'मुलायम'

जब बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के साथ गठबंधन करके समाजवादी पार्टी (सपा), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरने का फैसला कर चुकी है, तब उसके नेता मुलायम सिंह यादव द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा करना किंचित चौंकाने वाली घटना है। मुलायम सिंह यादव ने लोक सभा के अंतिम सत्र के अंतिम दिन सदन में जो कुछ कहा, उसमें मूलतः दो बातें ध्यान देने योग्य हैं- मोदी के दोबारा प्रधानमंत्री बनने की कामना और मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के नारे पर मुहर लगाना। सपा नेता के इस भाषण पर स्वाभाविक था कि विभिन्न प्रतिक्रियाएं आतीं, क्योंकि लोक सभा चुनाव नजदीक होने के कारण कोई इस



प्रकार की टिप्पणी की उम्मीद नहीं कर रहा था। सच तो यह है कि सदन के भीतर ही विपक्ष के नेता असहज महसूस करने लगे थे। सवाल यह उठता है कि मुलायम सिंह ने यह सब यों ही भावुकतावश कह दिया या इनमें कोई राजनीतिक अर्थ छिपे हैं? यह ठीक-ठीक बता पाना कठिन है कि उन्होंने यह सब क्यों कहा, लेकिन राजनीतिक गलियारे में इसके अलग-अलग अर्थ निकाले जाएंगे और निकाले जा रहे हैं। अगर उन्होंने यह भावुकतावश भी कहा होगा, तो भी लोग उसे सहज भाव से स्वीकार नहीं करेंगे। दरअसल, समाज में एक राजनीतिक व्यक्ति के हर कार्य-व्यवहार में राजनीतिक अर्थ खोजने की प्रवृत्ति मौजूद है। मुलायम सिंह के इस कथन से सबसे पहले यही अर्थ निकाला जाएगा कि वे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की राजनीति से संतुष्ट नहीं हैं। यानी सपा द्वारा बसपा के साथ जो गठबंधन किया गया है, वह उन्हें पसंद नहीं है। गठबंधन की मौजूदा राजनीति के लिए भी यह शुभ संकेत नहीं है। कोई आश्चर्य नहीं कि इससे सपा समर्थकों में भ्रम की स्थिति पैदा हो। अखिलेश यादव से नाराज चल रहे उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव की राजनीति के लिए भी यह संजीवनी का काम कर सकता है। इन सब बातों से परे उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में जो कुछ कहा है, वह भाजपा का मनोबल बढ़ाने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी के जिस 'सबका साथ, सबका विकास' के नारे को नकारने की कोशिश विपक्ष द्वारा बार-बार की जा रही थी, इससे भाजपा को उनकी धार कुंद करने में मदद मिलेगी। चुनाव के समय भाजपा मुलायम सिंह का हवाला देकर ऐसे दलों को आईना दिखा सकती है, जो उसकी राजनीति की प्रकृति पर सवाल उठाया करते हैं।

परिधि/विशाल तिवारी

## अंदर मौन, बाहर मुखर

लोकतंत्र की बुनियाद सवाल-जवाब पर टिकी हुई है। संसद का पहला घंटा प्रश्नकाल के लिए रिजर्व होता है। 16वीं लोक सभा अपनी मियाद पूरी कर ले और उसके 31 सस्दयों द्वारा कोई सवाल नहीं पूछना थोड़ी खीज पैदा करता है। ये 31 जनप्रतिनिधि जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व लेकर संसद में आए थे, मगर सवाल-जवाब पूछने की जगह चुप्पी साधे रहना कामकाज के प्रति उदासीनता को ही परिलक्षित करता है। साथ में अपने लोक सभा क्षेत्र के लोगों से छल भी। इन 31 नामों में शामिल कुछ नाम चौंकाते भी हैं साथ में निराश भी करते हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा, पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी, सोनिया गांधी, मुलायम सिंह यादव, राहुल गांधी और शत्रुघ्न सिन्हा प्रमुख नाम हैं। सांसद के तौर पर लंबा अनुभव रखने वाले ये सभी दिग्गज सवाल दागने के मामले में गुलदस्ते साबित हुए। हास्यास्पद तथ्य यह कि राहुल गांधी, 'शॉटगन' शत्रुघ्न सिन्हा जैसे आक्रामक सांसद अलग-अलग मंचों पर सरकार से लगातार हिसाब मांगते देखे जाते हैं। यह रिपोर्ट कार्ड संसद के बाहर उनकी गंभीरता पर उल्टे कई सवाल दागती है। अगर लोक सभा चुनावी मंच में तब्दील हुई है तो उसमें ऐसे निष्क्रिय और शिथिल सांसदों का भी भरपूर योगदान है। इसके विपरीत शरद पवार की सांसद बेटी सुप्रिया सुले, उन्हीं की पार्टी राकांपा के विजय एस मोहिते पाटिल और धनंजय महादिक प्रश्न पूछने के मामले में सबसे आगे रहे। निवर्तमान लोक सभा के 93 फीसद सदस्यों ने 1.42 लाख से ज्यादा सवाल पूछे। 87 फीसद उत्पादकता के बावजूद सदन में 65 हजार बार व्यवधान उत्पन्न हुआ, जिससे 500 घंटे का कामकाज बर्बाद हुआ। आज जब संसद सीधे प्रसारण के कारण हो हंगामे का अखाड़ा बनती जा रही, कामकाज में इस प्रकार की अरुचि संसद को 'उसठ' बनाती है। बेहतर होगा कि चुनाव आयोग सांसदों के कामकाज को उनके हलफनामे का हिस्सा बनाए। संभव हो तो आने वाले समय में जनता की सीधी भागीदारी भी किसी रूप में सबसे बड़ी पंचायत में शुरू हो।

# गुड़ खाए और गुलगुलों...

गठबंधन
राजेंद्र शर्मा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 16वीं लोक सभा के अपने आखिरी संबोधन में विपक्ष की आम चुनाव के लिए साथ आने की कोशिशों पर निशाना साधते हुए नया शब्द ही गढ़ डाला-मिलावटी गठबंधन। बेशक, यह कोई पहला मौका नहीं है जब प्रधानमंत्री ने विपक्ष की गठबंधन बनाने की कोशिशों पर हमला किया है। सत्ताधारी पार्टी और खुद प्रधानमंत्री भी 'गठबंधन' मात्र को लगातार हमलों का निशाना बनाए रहे हैं। हां! प्रधानमंत्री ने इन हमलों को अब 'मिलावट' और 'मिलावटी' तक जरूर पहुंचा दिया है। लेकिन यहां हम मौजूदा सत्ताधारियों के गठबंधन-विरोध के एक बड़े अंतर्विरोध से दो-चार होते हैं।

गठबंधन को ही कमजोरी, अस्थिरता आदि का पर्याय साबित करने में लगी रही भाजपा इसी दौर में खुद गठबंधन की सरकार चला रही थी। वास्तव में, खास तौर पर उत्तर-पूर्व में गठबंधनों के ही जरिए कई सरकारों तक पहुंच बनाने में कामयाब रही भाजपा एक समय पर तो पूरी 42 पार्टियों के साथ गठबंधन में रही थी। पार्टियों की इतनी बड़ी संख्या इससे पहले किसी और गठबंधन में शामिल रही हो, ऐसा याद नहीं पड़ता है। बहरहाल, इसे प्रचार का ही कमाल कहा जाएगा कि शायद अब तक का सबसे बड़ा गठबंधन बनाकर भी भाजपा और उसके नेतृत्ववाली सरकार, गठबंधन माने कमजोरी का समीकरण, अपने विरोधियों तक ही सीमित करने में काफी अरसे तक कामयाब रही है। बेशक, खुद गठबंधन चलाते हुए भी गठबंधन मात्र के तिरस्कार के प्रकट अंतर्विरोध को ढांपने के लिए सत्ताधारी भाजपा द्वारा बताने की कोशिशें की जाती रही हैं कि उसका गठबंधन विपक्ष जैसे गठबंधन से बुनियादी तौर पर अलग है। कि विपक्ष का ही गठबंधन कमजोरी आदि का सबूत है, जबकि उनका गठबंधन ताकत की मूर्ति आदि। इसके लिए दो तर्कों का लागातार और एक तर्क का अवसरवादी तरीके से खूब सहारा लिया जाता रहा है।

पहला, उनका गठबंधन एक बहुत बड़ी पार्टी भाजपा के गिर्द छोटी-छोटी पार्टियों का गठबंधन है। लेकिन उनके मुकाबले खड़े किए जा रहे गठबंधन में कोई ऐसा भारी केंद्र ही नहीं है, और यह उसे प्रकृति से ही कमजोर तथा अस्थिर बना देता है। इसी से निकला दूसरा तर्क है कि हमारा नेता तय है, तुम्हारा नेता कौन है? और अवसरवादी तर्क यह है कि विपक्षी गठबंधन, एक-दूसरे की विरोधी पार्टियों का होने से अवसरवादी व कमजोर गठबंधन है, जबकि भाजपा के गिर्द बना गठबंधन समान विचार वाली पार्टियों का और इसलिए टिकाऊ गठबंधन है। लेकिन यह तर्क ज्यादा से ज्यादा शिवसेना के



साथ भाजपा के गठबंधन के बारे में तो सच हो सकता है, अन्य पार्टियों के साथ उसके गठबंधन के बारे में नहीं। बहरहाल, अब जनता के बढ़ते मोहभंग तथा उसके चलते खुद सत्ताधारी गठबंधन, एनडीए से तेलुगू देशम, असम गण परिषद, रालोसपा, हम, गोरखा जन मुक्ति मोर्चा आदि कई पार्टियों के नाता तोड़ने के बाद चुनाव के लिए सत्ताधारी भाजपा को भी अपने गठबंधन होने की काफी याद आ रही है। दूसरी ओर, सत्ताधारी गठबंधन और मजबूती के उसके दावों की बुनियादी कमजोरी को उजागर करते हुए भाजपा की सहयोगी पार्टियों ने उसकी मजबूरी भांपकर दबाव बढ़ा दिया है।

सबसे पहले यह खेल बिहार में सार्वजनिक हुआ, जहां भाजपा को गठबंधन बनाए रखने के लिए अंततः पिछले चुनाव की जीती सीटों से भी पांच कम सीटें लड़ने की कीमत पर गठबंधन के सहयोगियों को संतुष्ट करना पड़ा। इसके बावजूद पिछले चुनाव के उसके गठबंधन से दो पार्टियां छिटक चुकी हैं। उत्तर प्रदेश में भी 'छोटी' सहयोगी पार्टियों के साथ सार्वजनिक रूप से ऐसी ही रस्साकशी चल रही है। महाराष्ट्र में शिवसेना और भाजपा की सार्वजनिक कलह तो उस मुकाम पर है, जहां इस पर सिर्फ अटकलें ही लगाई जा सकती हैं कि आगे गठबंधन रहेगा भी या नहीं? दूसरी ओर, तमिलनाडु व उत्तर-पूर्व के राज्यों में भाजपा जोर-शोर से सहयोगी खोजने में लगी है। जाहिर है कि यह भारत की जबर्दस्त विविधता की बुनियादी सचाई ही है, जिसे भाजपा को न चाहते हुए भी स्वीकार करना पड़ रहा है। यह बुनियादी सचाई, राजनीतिक प्रतिनिधित्व की भी विविधता का तकाजा करती है, और एक गठबंधन ही उसकी बेहतर जनतांत्रिक अभिव्यक्ति हो सकता है, न कि एकदलीय शासन। बेशक, आजादी की राष्ट्रीय लड़ाई की परंपरा से निकली कांग्रेस इसी लड़ाई से निकले लक्ष्यों को हासिल करने की उम्मीदों के बल पर आजादी के बाद के पहले दो दशकों तक अकेले सत्ता में बनी रही थी। लेकिन एक तो आजादी के फौरन बाद यह पार्टी खुद एक तरह के गठबंधन का ही प्रतिनिधित्व करती थी। दूसरे, आजादी की लड़ाई की उम्मीदें पीछे हटने के साथ वैसी एकदलीय सत्ता की जनतांत्रिक वैधता घटती गई। इसी पृष्ठभूमि में साठ के दशक के उत्तरार्द्ध में पहली बार सत्ता पर कांग्रेस का एकाधिकार देश के बड़े हिस्से में टूटा और अस्सी के दशक के उत्तरार्द्ध से भारत में बाकायदा गठबंधन सरकारों का दौर शुरू हो गया जो अब भी जारी है।

यूपीए-प्रथम व द्वितीय की दिशा और नियती का अंतर दिखाता है कि भारत में गठबंधन सिर्फ जरूरी ही नहीं है, जनतंत्र के लिए बेहतर भी है। अचरज नहीं कि संविधान निर्माताओं ने स्वतंत्र भारत के शासन की कल्पना राज्यों के संघ के रूप में की है, न कि एकात्मक शासन के रूप में। स्वभाव से एकात्मक शासन के पक्षधर संघ-भाजपा, आजादी के फौरन बाद के दशकों की कांग्रेस का बदल बनकर, गठबंधन की जरूरत को ही खत्म करने की कोशिश तो कर रहे हैं, लेकिन पिछले पांच साल साबित करते हैं कि ऐसा होने वाला नहीं है। वजह है कि भाजपा का हिंदुत्व का आदर्श भारत की समृद्ध धार्मिक विविधता को ही नहीं, क्षेत्रीय सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता को भी समेटने में असमर्थ है। ऐसे में भाजपा, मजबूरी में गठबंधन का सहारे लेते हुए भी, सारतः एकदलीय और वास्तव में एक नेता की ही सरकार चलाती रही है। यह गठबंधन से विविधता की अभिव्यक्ति को निकाल कर उसे अलोकतांत्रिक अवसरवादी गठजोड़ में बदल देती है। भाजपा ने साझा कार्यक्रम के बिना पांच साल गठबंधन की सरकार चलाई जरूर लेकिन चुनाव की पूर्व-संध्या में उसका गठबंधन बिखरता नजर आ रहा है। भाजपा का ही गठबंधन, जो सिर्फ सत्ता लोभ के सहारे टिका है, और इसलिए बुनियादी तौर अस्थिर गठबंधन है वरना ईमानदार गठबंधन ही भारत के जनतांत्रिक मिजाज के ज्यादा अनुकूल पड़ता है।

*स्वभाव से एकात्मक शासन के पक्षधर संघ-भाजपा, आजादी के फौरन बाद के दशकों की कांग्रेस का बदल बनकर, गठबंधन की जरूरत को ही खत्म करने की कोशिश तो कर रहे हैं, लेकिन पिछले पांच साल साबित करते हैं कि ऐसा होने वाला नहीं है। वजह है कि भाजपा का हिंदुत्व का आदर्श भारत की समृद्ध धार्मिक विविधता को ही नहीं, क्षेत्रीय सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता को भी समेटने में असमर्थ है। ऐसे में भाजपा, मजबूरी में गठबंधन का सहारे लेते हुए भी, सारतः एकदलीय नेता की ही सरकार चलाती रही है*



## बाल संरक्षण
### योजनाओं के लिए कम होता आवंटन

आंकड़े करोड़ रुपये में

| योजनाएं | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 |
|---|---|---|---|
| एकीकृत बाल सुरक्षा योजना | 648 | 725 | 150 |
| बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ | 200 | 280 | 280 |
| राष्ट्रीय बाल सुरक्षा परियोजना | 160 | 120 | 100 |

स्रोत : चाइल्ड राइट एंड यू-2019



ट्विट

न तो हम हथियार बना सकते हैं और न ही समय पर खरीद सकते हैं। एक सौदे में ही कई दशक लग जाते हैं। हर सौदा संदेह के घेरे में होता है। हर विपक्ष को सौदे में घोटाला दिखता है। राष्ट्रीय सुरक्षा को इतने हल्के में शायद ही किसी और देश में लिया जाता हो।

**अखिलेश शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार**
@akhileshsharma1

# सफाई-शौच से परहेज जारी



मुद्दा
मनीषा

संसद में पेश स्वच्छ भारत पर संसदीय समिति ने चौंकाने वाली रपट दी है। ओडीएफ यानी खुले में शौच से मुक्ति के अभियान लक्ष्य से 56 फीसद पीछे है। तमाम दावों के बावजूद 39 फीसदी घरों में अभी भी शौचालय नहीं हैं। रिपोर्ट के अनुसार, शहरी निकायों में सिर्फ 1789 ही ओएफडी हैं। सरकार अपनी पीठ खुद ही क्यों ना ठोकती रहे, असल में कुल 44 फीसद लक्ष्य ही पूरा हुआ है। सरकार ने गई 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की अगली जयंती, जो 150वीं है, के उपलक्ष्य में 'पूरा भारत स्वच्छ होगा' नारा दिया था।

बता रहे हैं कि 66 लाख से अधिक शहरी घरों में शौचालय बनाने थे, जबकि अभी तक 41 लाख घरों को ही यह सुविधा मिल सकी है। असल दिक्कत है कि जहां शौचालय बने भी नजर आ रहे हैं, वहां पानी की कमी ने उन्हें खुले में जाने को मजबूर किया है। कुछ परिवार, जिन्होंने सरकारी मदद के लोभ में घर के सामने शौचालय बना भी लिया है, उसका इस्तेमाल नहीं के बराबर करते हैं। खबरें तो ऐसी भी रही हैं कि ट्रायलेट सीट दिखावे के नाम पर रखी गई, जिसकी निकासी का कोई प्रबंध ही नहीं था। 5 लाख से अधिक पब्लिक ट्रायलेट सीट बनाने के लक्ष्य में भी अभी 54 फीसद बाकी हैं। जितना काम धरातली स्तर पर हुआ है, प्रचार उसका कई गुना ज्यादा होता है। मोबाइल, कंप्यूटर, टीवी का इस्तेमाल करना झट से सीखने वाले रहवासी शौच के सही तरीकों को अपनाने में अचकाते हैं। ऐसा सिर्फ ग्रामीण या पिछड़े इलाकों में ही नहीं है। शहरी और महानगरीय इलाकों में भी झुग्गियों या स्लमों में यही हाल है। उन्होंने संडास बना भी लिये हैं तो आधे लोग या बच्चे नजदीकी रेलवे लाइनों या नालों-नालियों के किनारे इत्मीनान से फारिग होते रोज देखे जाते हैं।

समिति के अनुसार, 81 हजार से अधिक शहरी वार्डों में से करीब 45 हजार में ही घर-घर से कूड़ा उठाने की व्यवस्था हुई है। 36 हजार वार्डों में निगम की कचरा गाड़ियां नहीं जा रहीं। कहना कतई अतिश्योक्ति नहीं होगा कि साफ-सफाई के प्रति हम घोर लापरवाह हैं। जो थोड़ी सफाई रखते भी हैं, उनमें अपना घर भर साफ रखने की उत्कंठा नजर



आती है। वे सारा घरेलू कचरा गली के मुहाने या चौराहे पर फेंकने से बाज नहीं आते। सार्वजनिक स्थलों पर हम रोज लोगों को अपने पीछे कूड़ा या खाने का बचा-खुचा सामान छोड़कर जाते देखते हैं। मेले-ठेलों, पूजा स्थलों, सम्मेलनों और रैलियों के बाद चारों तरफ पानी की प्लास्टिक की खाली बोतलों, चिप्स और नमकीन के पैकटों को इधर-उधर पड़ा पाते हैं। पान और तंबाकू खाकर पीक मारने में तो हम किसी से कम ही नहीं हैं। किसी भी साफ-सफेद दीवार को दो-चार हफ्तों में ही मिल-जुलकर लाल पीक से रंगने में स्थानीय लोग महारथी साबित होते हैं। देश की राजधानी में सबसे ज्यादा कचरा पैदा होता है। फिक्की के सर्वे के अनुसार, 6,800 टन ठोस कचरा यहां हर दिन पैदा होता है। दूसरे नम्बर पर मुंबई है, जहां 6,500 टन कचरा पैदा है। सूखा कचरा-गीला कचरा का प्रचार दनादन हो रहा है, जबकि कचरा प्रबंधन के मामले में हम फिसड्डी हैं। सरकारों ने कभी कचरे को लेकर गंभीरता से विचार ही नहीं किया। दिल्ली में बने कचरे के पहाड़ों पर सबसे बड़ी अदालत के सख्त आदेशों के बावजूद कोई नतीजा नहीं निकला है। इन दिनों कुछ शहरों में स्वच्छता को लेकर पोस्टर नजर आने शुरू हो गए हैं। स्कूलों में पहले ही स्लोगन लिखे रहा करते थे। दीवारों पर जहां सफाई की हिदायत दी गई होती है, लोग वहां जरूर कचरा फेंकते हैं। सरकार प्रति वर्ष स्वच्छता को लेकर सर्वेक्षण करती है।

बीते साल रैंकिंग में इंदौर (मप्र) ने शीर्ष पर आ कर सबको चौंका दिया। भोपाल दूसरे स्थान पर रहा। बताते हैं, इंदौर में योजनाबद्ध तरीके से सफाई की गई। रिहाइशी इलाकों से प्रति दिन कचरा एकत्र करने को सफाईकर्मी लगाए गए। सोचनीय है कि इंदौर में लागू फार्मूले को सारे देश में क्यों नहीं लागू किया जाता। अपने यहां सरकारी मशीनरी की समझ इतनी भोथरी है कि वह किसी भी अच्छे काम, तरीके, नियम या व्यवस्था को अपनाने में हिचकिचाती है। रही सही कसर जनता-जनार्दन पूरी कर देती है। गांव-देहात में कचरा उठाने वाले प्रायः गायब ही रहते हैं। शहरी इलाकों में जहां सड़कों के किनारे, फुटपाथ को घेर कर कूड़ाघर बनाए भी गए हैं, वहां दूर सड़क तक सारा दिन कचरा बिखरा नजर आता है। गाय, बछड़े, लावारिस फिरने वाले सांड़ पौलीथिनों में पैक कूड़े को खाने के लोभ में खींच-खींच कर चारों तरफ फैला देते हैं। नतीजतन, इर्द-गिर्द का इलाका भीषण बदबू से भरा रहता है। शौचालय से लेकर सफाई तक, जब तक हमारी प्राथमिकता में नहीं शामिल होते, सरकारी प्रयास और प्रचार असफल ही रहेंगे।

प्रतिद्वंद्वी
जग्गी वासुदेव



अन्ना विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गिंडी (सीईजी) में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां के सुविख्यात विद्यार्थियों में भारत के महान वैज्ञानिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम भी शामिल हैं। मैंने दोस्ती के विषय पर उठे एक सवाल का जवाब दिया। आपको दोस्त से जीतने की जरूरत नहीं है, वहां तो सब कुछ चलता है। वैसे भी, अगर आप किसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक गंभीर खेल प्रतियोगिता की बात कर रहे हैं, तो आपको समझना चाहिए कि आपको उसके खेलने के तरीके के बारे में जितना ज्यादा पता होगा, उस व्यक्ति को हराना आपके लिए उतना ही आसान होगा। तो, प्रतिद्वंद्वी कभी भी अजनबी नहीं होना चाहिए। आज सभी खिलाड़ी सैकड़ों घंटे बिताते हैं...अपने प्रतिद्वंद्वियों के वीडियो देखने में। यह बात 1998-99 की है...आंद्रे अगासी और बोरिस बेकर ने तीन गेम खेले। सभी में बोरिस बेकर ने आंद्रे अगासी को हरा दिया। बोरिस बेकर को 'बूम-बूम' कहा जाता था, उनकी सर्विस के कारण। उनकी सर्विस इतनी शक्तिशाली थी कि कोई भी गेंद नहीं लौटा पाता था। तो... अगासी ने वापस जाकर सैकड़ों घंटे बेकर की सर्विस को ध्यान से देखने में लगाए, फिर उन्हें समझ आ गया। अगले तीन सालों में दोनों के बीच ग्यारह गेम हुए और उन्होंने दस में उन्हें हरा दिया। मैं आपको बताता हूं कि क्या हुआ था। बोरिस बेकर के रिटायर होने के बाद वे दोनों जर्मनी में मिले और आंद्रे अगासी ने सोचा कि अब मैं इसे बता सकता हूं। यह चीज बोरिस बेकर को बहुत परेशान कर रही थी, कोई उन्हें हरा नहीं पाता मगर यह आदमी हावी हो रहा था। तो आंद्रे आगासी ने उन्हें बताया, 'मैंने लगातार आपके वीडियो देखे, और मैंने पाया कि जब भी आप बाउंड्री लाइन की ओर सर्व करते हैं, आपकी जीभ बाईं ओर जाती है। जब आप सीधा सर्व करते हैं, वह सीधी निकलती है। मैं ध्यान से देखता था और जिस भी दिशा में आपकी जीभ निकलती थी, मैं पहले से उधर जाकर गेंद खेल लेता था।' बोरिस बेकर कुर्सी से गिरते-गिरते बचे। उन्हें यकीन ही नहीं हुआ। वह बोले, 'कई बार मैंने मैच के बाद घर जाकर अपनी पत्नी से कहा है कि, 'लगता है, वह मेरा दिमाग पढ़ रहा है!' मगर तुम मेरी जीभ पढ़ रहे थे।' तो प्रतिद्वंद्वी कभी आपके लिए अजनबी नहीं होना चाहिए। आपको उसे परिचित बना लेना चाहिए। वो खुद को जितना जानता है, आपको उसे उससे बेहतर जानना होगा।

## रीडर्स मेल

### ताकि न हों ऐसे हादसे

इतनी दुखद घटना के होने के बावजूद अभी भी दिल्ली में तमाम अवैध कारखाने, रेस्तरां, होटल, बिना किसी आग से बचाव के उपकरण और प्रशिक्षण के चल रहे हैं। इस दुर्घटना के बाद भी भविष्य के लिए हमारी सरकारें और इनकी व्यवस्थाओं में कोई सुधार हो, कोई जरूरी नहीं। इसी दुर्घटना के लिए दिल्ली सरकार, दिल्ली नगर निगम और दिल्ली दमकल विभाग अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं जो ज्यादा अफसोस की बात है। किसी दुर्घटना के मृतकों और घायलों को मुआवजा बांट देना, उस समस्या का समाधान नहीं है। उस दुखद घटना के कारणों को निस्तारित करना चाहिए, ताकि भविष्य में उस दुर्घटना की पुनरावृत्ति न हो। देश में यही काम नहीं होता।

**निर्मल शर्मा, गाजियाबाद**

### मनाने में हर्ज कैसा?

हमने दुनिया को प्यार करना सिखाया है। इसलिए दुनिया में अगर प्रेम के लिए कोई दिवस मनाया जाता है तो हम इसे क्यों ठुकराएं? हमने तो हमेशा सबका आदर किया है। इतिहास गवाह है कि भारतवासियों ने अपने दिल में सदा से ही हर उस सभ्यता को अपनाया है जो प्रेम, अहिंसा और एकता का संदेश देती है। यह हमारे स्वभाव में है। तो फिर क्यों न हम वेलेंटाइन दिवस भी मनाएं? बस दूसरा पक्ष भी ध्यान रहे। एक कहावत है कि अति सदैव नुकसानदायक होती है ठीक उसी प्रकार से हमें अपने सारे कार्य एक हद में रहकर करने चाहिए।

**अमन सिंह, प्रेमनगर, बरेली**

### दिखावा न करें

वेलेंटाइन डे आज बाजार की गिरफ्त में है। युवा वर्ग को यह बात समझ में ही नहीं आ रही है। एक फूल दे देने से, एक ग्रिटिंग कार्ड दे देने से अथवा हाथ में हाथ डालने से किसी के प्रति सामने वालों मे प्रेम उमड़ने की बात यदि मन में आने लगे तो यह जरूरी नहीं कि सच्चा प्रेम ही होगा। प्रेम रूपी तरंगों की अनुभूति के लिए भौतिक बनावट की कोई आवश्यकता नहीं होती। ऐसे संवेगात्मक मसले पर हालांकि बड़े-बड़े विद्वान एक मत नहीं हो सकते, पर इतना तो कहा जा सकता है कि किसी को देखकर आसक्ति से प्रेम तरंग भले ही उत्पन्न हो जाए पर दिखावे के आवरण में प्रेम सफल नहीं हो सकता।

**मिथिलेश कुमार, भागलपुर**

### तनाव न लें परीक्षार्थी

परीक्षा ऋतु के अवसर पर सभी परीक्षार्थियों को मेरी सलाह है कि वे योजनाबद्ध तरीके से पढ़ाई करें। ऐसे सूक्ष्म नोट्स बनाएं, जिनके ध्यान मात्र से ही पूरी व्याख्यया का स्मरण हो जाए। परीक्षा के समय में किसी नई सामग्री को न पढ़कर पूर्व में पढ़ी हुई का ही रिवीजन करना ज्यादा उचित होता है । कई किताबों को न पढ़कर एक किताब को ही बार-बार पढ़ना फायदेमंद रहेगा। पौष्टिक भोजन लें और पूरी नींद अवश्य लें। परीक्षा में कोशिश करें कि जिस प्रश्न का उत्तर अच्छे से आता हो, उसे पहले हल करें। यदि किसी प्रश्न का उत्तर ठीक से याद नहीं आ रहा हो तो उस पर समय व्यर्थ न कर, अगले प्रश्न पर बढ़ें। किसी प्रकार का तनाव दिमाग में न रखें। आत्मविश्वास बनाए रखें ।

**शकील जावेद, शिक्षक शाहजहांपुर**
letter.editorsahara@gmail.com

हमें गर्व है हम भारतीय हैं

राष्ट्रीय सहारा
सच कहने की हिम्मत
वर्ष-12 , अंक 4314

सहारा इण्डिया मास कम्युनिकेशन के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक सी बी सिंह द्वारा राष्ट्रीय सहारा कार्यालय, 123/474, कालपी रोड, फजलगंज, कानपुर-208012 से मुद्रित व प्रकाशित।
समूह संपादक- मनोज तोमर। स्थानीय संपादक- देवकी नन्दन मिश्र*
दूरभाष- कानपुर कार्यालय 2224221, प्रसार-3982123, फैक्स- 2224223, विज्ञापन-3982132, लखनऊ कार्यालय, पी. बी. एक्स. व सम्पादकीय 2337777, 2327120, 2320405, फैक्स- 2370336, 2370380 दिल्ली कार्यालय- आठवां तल (यूनिट नं. 804), न्यू देहली हाउस, 27 बारा खम्भा रोड नयी दिल्ली, दूरभाष- 23352368, 23352369, 23352372, 23352371, फैक्स 23352370।
आर.एन.आई. सं. UPHIN/2007/20181 पंजीकरण संख्या,
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन तथा कानूनी मामलों के लिए उत्तरदायी






# 'अमृत कुम्भ की खोज' जो पूरी न हो सकी



बिमल रॉय

**गुलजार ने 'पिछले पन्ने' में जिक्र किया है, 'इलाहाबाद में 'अमृत कुंभ की खोज में' फिल्म की शूटिंग करते वक्त एक अजीब बेदिली का एहसास हुआ। काम ठीक हो रहा था मगर अनमना सा। हमेशा की तरह जोश नहीं था।...बिमल दा के कैंसर का खौफ छाया हुआ था और जेहन की किसी सतह पर यह बात नक्श हो रही थी कि शूटिंग बेकार है, यह फिल्म नहीं बन सकेगी। बिमल दा ज्यादा दिन जिंदा नहीं रह पाएंगे...।' गुलजार ने एक बार जानना चाहा कि बिमल दा इस फिल्म को क्यों बना रहे हैं? बिमल दा का जवाब था- 'वो राइटर है ना जिसकी नजर से ये कहानी कही गयी है, जो अमृत की खोज में गया है, मुझे लगता है कि वह मैं हूं। वो जिस अमृत की तलाश में गया है, उससे आदमी की उम्र सौ साल हो जाती है, मुझे इस अमृत की तलाश है।' क्या वाकई वह सौ साल की उम्र चाहते थे, इस पर उनका कहना था, 'सौ साल से मतलब गिनती के सौ साल नहीं होते। इसका मतलब है आदमी अमर हो जाता है इस अमृत से... तहजीब! संस्कृति! मैं इस जमीन की तहजीब का हिस्सा बनना चाहता हूं, ताकि...।' वह अगले कुंभ पर इस फिल्म को मुकम्मिल करना चाहते थे, लेकिन 'अमृत कुंभ की खोज में' अंजाम तक नहीं पहुंच सकी।**

■ **शिव त्रिपाठी**

**प्रयागराज। एसएनबी**

'परिणीता', 'सुजाता', 'मधुमति', 'दो बीघा जमीन', 'बंदिनी', 'बिराज की बहू', और 'काबुली वाला', जैसी यथार्थपरक फिल्मों का निर्देशन करने वाले फिल्मकार बिमल रॉय प्रयागराज कुंभ की पृष्ठभूमि पर 'अमृत कुंभ की खोज में' नाम की एक फिल्म बनाना चाहते थे। साठ के शुरुआती दशक में गुलजार इसकी पटकथा लिख रहे थे। वह इस फिल्म के सह निर्देशक भी थे। प्रयाग कुंभ की शूटिंग शुरू भी हुई, लेकिन हालात ऐसे उपजे कि यह फिल्म हमेशा के लिए रुक गयी। बिमल रॉय को कैंसर हो गया और 1965 की आठ जनवरी को वह इस दुनिया से विदा हो गये।

यह फिल्म समरेश बसु के उपान्यास पर आधारित था। उन्होंने 1954 में प्रयाग कुंभ के दौरान हुए दिल दहला देने वाले हादसे पर 'अमृत कुंभ की खोज में' उपन्यास लिखा था। बिमल रॉय ने इस पर फिल्म बनाने के लिए काफी काम किया था। कहते हैं कि फिल्म के लिए धर्मेंद्र को साइन किया जा चुका था, लेकिन अभिनेत्री की तलाश पूरी नहीं हो पायी थी। गुलजार ने बिमल रॉय पर एक मार्मिक संस्मरण लिखा है- 'पिछले पन्ने।' ज्ञानपीठ प्रकाशन ने इसे प्रकाशित किया। इसमें गुलजार ने जिक्र किया है, '...बिमल दा को लगता था कि 'कुंभ' उनकी रगों में बह रहा है। नॉवेल में कोई प्लाट नहीं था, लेकिन उसके किरदार बड़े जिंदा थे और खासतौर पर वह राइटर जिसकी नजर से वह कहानी कहीं गयी थी। इसकी डायरी के हिस्से बिमल दा मुझे बार-बार पढ़वाया करते थे। नावेल के आगाज में लोगों से खचाखच भरी एक ट्रेन 'प्रयाग' स्टेशन से निकलकर इलाहाबाद के लिए रवाना होती है। बस कुछ मिनटों का सफर बाकी है। लोग जोश में आकर भजन गाना शुरू कर देते हैं। ट्रेन की छत पर बैठे लोग पीट-पीटकर नारे लगाने लगते हैं। ट्रेन रेंगते-रेंगते इलाहाबाद के प्लेटफार्म में दाखिल होती है और मुसाफिरों की भीड़ इस तरह बाहर से निकलने के बढ़ती है, जैसे किसी ब्लैक होल से निकल रही हो। इस भीड़ में तपेदिक का एक मरीज बलराम, जो अपना रोग छुड़ाने, सौ साल की उम्र मांगने, 'जोग स्नान' को जा रहा था, लोगों के पैरों तले कुचला गया, उसकी मौत हो गयी।' फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम चलता रहा। इस दौरान बिमल दा ने दो और फिल्में 'बंदिनी' और 'काबुली वाला' बनायीं लेकिन 'अमृत-कुंभ' पर काम चलता रहा। छोटे-छोटे कुछ हिस्से फिल्माये गये, जो खुसूसन 'आउटडोर' मेले के हिस्से थे। इसकी शूटिंग दूसरे मेलों में भी होने लगी। 1962 में प्रयाग पहुंच माघ मेले में शूटिंग करने की तैयारी हो रही थी लेकिन माघ मेले की तैयारी करते-करते ही बिमल दा की तबियत डांवाडोल होने लगी, बाद में पता चला कि उन्हें कैंसर हो गया।

गुलजार ने 'पिछले पन्ने' में लिखा है, 'इलाहाबाद में शूटिंग करते वक्त एक अजीब बेदिली का एहसास हुआ। काम ठीक हो रहा था मगर अनमना सा। हमेशा की तरह जोश नहीं था।...बिमल दा के कैंसर का खौफ छाया हुआ था और जेहन की किसी सतह पर यह बात नक्श हो रही थी कि शूटिंग बेकार है, यह फिल्म नहीं बन सकेगी। बिमल दा ज्यादा दिन जिंदा नहीं रह पाएंगे...।' गुलजार ने एक बार जानना चाहा कि बिमल दा इस फिल्म को क्यों बना रहे हैं? बिमल दा का जवाब था- 'वो राइटर है ना जिसकी नजर से ये कहानी कही गयी है, जो अमृत की खोज में गया है, मुझे लगता है कि वह मैं हूं। वो जिस अमृत की तलाश में गया है, उससे आदमी की उम्र सौ साल हो जाती है, मुझे इस अमृत की तलाश है।' क्या वाकई वह सौ साल की उम्र चाहते थे, इस पर उनका कहना था, 'सौ साल से मतलब गिनती के सौ साल नहीं होते। इसका मतलब है आदमी अमर हो जाता है इस अमृत से... तहजीब! संस्कृति! मैं इस जमीन की तहजीब का हिस्सा बनना चाहता हूं, ताकि...।' वह अगले कुंभ पर इस फिल्म को मुकम्मिल करना चाहते थे, लेकिन 'अमृत कुंभ की खोज में' अंजाम तक पहुंच पाती कि इसके पहले ही उन्हें इस दुनिया से विदा लेनी पड़ी। कई साल बाद बिमल दा के बेटे जॉय बिमल दा ने इस फिल्म से जुड़े 11 मिनट का फुटेज रिलीज किया था।

हिंदी फिल्म जगत में कमर्शियल और आर्ट फिल्मों के बीच की दूरी पाटने वाले बिमल रॉय बेहद संवेदनशील कलाकार थे। उनका जन्म ढाका (पूर्वी बंगाल) के एक जमींदार घराने में 1909 में 12 जुलाई को हुआ था। इतावली नव यथार्थवादी सिनेमा से प्रभावित होकर विक्टोरिया सिका की 'द साइकिल थीप' (1948) देखने के बाद उन्होंने 'दो बीघा जमीन' बनायी थी। उन्होंने अपने फिल्मी जीवन में कई पुरस्कार जीते, इनमें 11 फिल्मफेयर पुरस्कार, दो राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और कान फिल्म समारोह का अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार शामिल हैं। उनकी फिल्म 'मधुमति' ने तो 1958 में नौ फिल्म पुरस्कार जीते। यह रिकार्ड सैंतीस वर्षों तक कायम रिहा।

बिमल दा ने अपने फिल्मी सफर न्यू थियेटर स्टूडियो कोलकाता में बतौर कैमरा असिसटेंट से शुरू किया था। वह 1935 में आयी केएल सहगल की फिल्म 'देवदास' के सहायक निर्देशक रहे। सिनेमा तकनीक पर उनकी मजबूत पकड़ थी और यही खास वजह थी कि उनकी फिल्में फिल्म प्रेमियों को खींचती थीं, प्रभावित करती थीं। उनकी कृतियों के विषय का फलक व्यापक रहा, वह किसी एक छवि में नहीं बंधे। कहा तो यहां तक जाता है कि उनकी फिल्मों से सिनेमा को एक नई दिशा मिली। शानदार कहानी के साथ उनकी फिल्मों के गाने भी सदाबहार रहे हैं। सुहाना सफर और ये मौसम हसी और तड़प-तड़प के कह रहा (मधुमति), आगे तेरी मर्जी (देवदास), मेरे मन के दिए (पारख), दुनिया बनाने वाले (बाप-बेटी) आज भी सुने-गुनगुनाये जाते हैं।

बंग्ला साहित्य के महान लेखक शरतचंद्र के उपन्यास 'परिणीता' पर 'बिराज बहू' और 'देवदास' उनकी वह सिनेमाई तस्वीर है, जो आज तक फिल्मों के लिए प्रेरणास्रोत का काम करती है। 'देवदास' ने तो अभिनय सम्राट दिलीप कुमार को रातोरात ट्रेजडी किंग बना दिया। बिमल रॉय वह दिग्गज हैं, जिन्होंने हिन्दी सिनेमा को गुलजार और ऋषिकेश मुकर्जी जैसे बहुत-बहुत महत्वपूर्ण रचनाकार दिये। उनकी फिल्म 'सुजाता' का गीत 'मोरा गोरा रंग लई, मोहे श्याम रंग दई दे...' गुलजार के फिल्मी जीवन का पहला गीत है।



कुम्भ मेले में रखा कलश

### पहली बार 'जन गण मन'

**रवींद्र नाथ टैगोर के 'जन गण मन' के राष्ट्रीय गान बनने से पहले बिमल दा ने इसे 1945 में आयी अपनी फिल्म 'हमराही' में पेश किया था। 'उदार पथेय' के हिन्दी रीमेक ने औसत व्यवसाय किया लेकिन बिमल रॉय की बतौर डायरेक्टर बहुत तारीफ हुई। इसमें पहली बार 'जन गण मन' गीत लिया गया।**



# 14 रत्नों में एक गो माता भी



■ **शशिकांत तिवारी**

**प्रयागराज।**

समुद्र मंथन के चौदह रत्नों पर कुंभ की अवधारणा टिकी है। वैदिक मान्यताओं में गो माता भी इन्हीं रत्नों में एक हैं, सनातन धर्मावलम्बियों में गो माता की प्रासंगिकता अनंत काल से है। तीर्थराज प्रयाग की त्रिवेणी इसकी साक्षी रही है। जप, तप, पूजा, अनुष्ठान के साथ जीवन मूल्यों के प्रत्येक आयामों में गो माता किसी न किसी रूप में जुड़ी है। वैदिक मान्यताओं में इनके प्रत्येक रोयें में देवताओं का वास बताया गया है। ऋषियों, संतों और सनातन संस्कृति में गो को मां का दर्जा दिया गया है। कोई भी धार्मिक आयोजन गाय के बिना संभव नहीं है। परम पवित्र पंचगव्य के साथ इनके प्रत्येक रूप की पूजा की मान्यता और विधान शास्त्र सम्मत हैं। दिव्य शक्तियों वाली गो माता की सेवा, परिक्रमा से सभी तीर्थों का पुण्य लाभ मिलता है। सनातन धर्म के तैंतीस कोटि देवी देवताओं के दर्शन का जो लाभ मिलता है, उसकी पूर्ति गो माता के दर्शन पूजन से पूरी हो जाती है। गो माता अनंत हैं और इनके गुण भी अनंत हैं।

गाय को धार्मिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और अध्यात्मिक दृष्टि से सर्वगुण सम्पन्न माना गया है। इस नश्वर संसार में गाय को प्राण रूप कहा गया है। गो माता की वात्सल्य भरी एक नजर भव सागर से पार कराने के लिए पर्याप्त है। गो माता की परिक्रमा करने मात्र से पाप कटते हैं और इंसान भयमुक्त हा जाता है। मान्यता है कि जहां इनका निवास होता है, वह किसी मंदिर या तीर्थ से कम नहीं है। शास्त्रीयमतों में संसार के संतुलन गो माता की दिव्य शक्तियों पर टिका है। या कह लीजिये कि गो माता के बिना संसार की रचना अधूरी है। पुराणों में साकेत स्वर्ग इन्द्रलोक से भी उच्च गो लोकधाम कहा गया है। सभी देवी देवताओं और मनुष्यों की अराध्य गो माता को इष्टदेव का दर्जा प्राप्त है। सनातन जीवन दर्शन से जुड़ी गो माता वैतरिणी पार कराती हैं। गो सेवा से गोलोक धाम से वास मिलता है और इंसान की अकाल मौत नहीं होती। सेवा सुखी और आध्यात्मिक जीवन देती है।

पुराणों और शास्त्रों में गो माता को देवमयी और सर्वोवेदमयी कहा गया है। जगत जननी कही जाने वाली गो माता को पृथ्वी का रूप माना गया है। धर्म धुरी गो माता के बगैर धर्म की कल्पना नहीं की जा सकती है। जिस मृत की चाह में संगम तट पर जनसैलाब उमड़ा है,उसकी पूर्ति गाय के दूध से हो सकती है। गाय के दूध को अमृत का दर्जा दिया गया है। मां के खुरों में नाग देवता का वास बताया गा है, इनके गोबर में लक्ष्मी और मूत्र को गंगा जल की तरह पवित्र माना गया है। मान्यताओं पर गौर करें तो जहां गाय चैन की सांस लेती है, वहां वास्तुदोष समाप्त हो जाता है। मां की दोनो आंखों में सूर्य और चन्द्रमा का वास होता है। धरती की साक्षात देव कही जाने वाली गाय के दूध में सुवर्ण तत्व पाये जाते हैं, जो रोगों से मुक्ति दिलाते है। गो माता का अन्नपूर्ण स्वरूप समस्त मनोकामना को पूर्ण करने वाला है और इनका कामधेनु रूप तृप्त करता है। जिस घर में गाय की सेवा पूजा होती है, वहां कभी विपदा नहीं आती। गाय के गले में घंटी बांधने की मान्यता है। कहा गया है कि घंटी बजने से गो आरती होती है।

गो माता का पूरा जीवन चक्र कल्याणकारी है। खुशी से रंभाने पर देवलोक से वहां पुष्प वर्षा की मान्यता है। पर्यावरण संतुलन में इनका बड़ा सहयोग है। गोबर से बने उपले के धुएं से वातावरण शुद्ध होता है और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। मां के पूंछ में हनुमान जी का वास और कूबड़ में सूर्य केतु नाड़ी होती है। प्रतिदिन सुबह कूबड़ में हाथ फेरने से कई रोगों का नाश होता है। इनको चारा खिलाने से समस्त देवी देवताओं के भोग लगने का मान्यता है। गाय के दूध-दही मूत्र, घी, गोबर से बना पंचगव्य को हजारों रोगों की अचूक दवा बताया गया है। आयुर्वेद और विज्ञान भी इसे मानते हैं। मां भवानी का रूप कही गयी गो माता के मूत्र में असाध्य रोगों को दूर करने की क्षमता है। जननी से भी उच्च दर्ज गो माता को दिया गया है। गो माता के गर्भ से ही धर्मरक्षक गोकर्ण महाराज की उत्पत्ति हुई है। गो सेवा के लिए देवी देवताओं ने बार-बार धरती पर अवतार लिया है। ऐसे प्रसंग शास्त्रों और पुराणों में मिलते हैं।

गाय का रूप स्वरूप अलौकिक है। इसे चलता-फिरता मंदिर माना गया है। धार्मिक मान्यताओं पर गौर करें तो गाय के कान में कहने मात्र से अटके काम पूरे हो जाते हैं। सर्व सुखों की दाता गो माता अनंत हैं। हिन्दू धर्म में अराध्य और पूज्य गो माता जिंदगी के साथ और जिंदगी के बाद भी प्रासंगिक हैं। संगम की रेती पर होने वाले प्रत्येक अनुष्ठान गो माता के बिना संभव नहीं है।

सनातन संस्कृति में गो सेवा, गो दान की परम्परा रही है। जन कल्याण के लिए गो माता के कामधेनु और नंदिनी स्वरूपों की पूजा के साथ कृष्णा गाय के गुणों का बखान किया गया है। ऋषियों, मुनियों, देव, दनुज और समस्त पृथ्वी लोक की आराध्य गो माता एक रत्न हैं, इनकी तन, मन, धन से की गयी सेवा से अक्षुण्य पुण्य लाभ मिलता है। तीनों लोकों में गो माता से बढ़कर कोई पूजा नहीं है। यह अमृत की खान हैं। मां आखिर मां है। इनका आशीर्वाद अनंत काल तक बना रहेगा।

शास्त्रीय और सनातनी परम्पराओं में गो दान का विशेष महत्व है। स्नान के बाद दान और संकल्प की क्रिया तीर्थ पुरोहितों द्वारा पूरी की जाती है। संगम के किनारे मौजूद पंडा समाज गोदान के जरिये भवपार का दावा करता है। कल्पवासियों में भी सेजिया दान के साथ गोदान की परम्परा रही है। कर्मकांड के साथ भी गोदान सतत परम्पराओं का हिस्सा रहा है। हिन्दू संस्कृति में उम्र के अंतिम पड़ाव में गोदान देने का विधान है। कर्मकांडी विद्वान पंडित गाय की पूछ पकड़ाकर वैतरिणी पार कराने की क्रिया कराते हैं। मान्यता है कि इस क्रिया में जीवात्मा का नरक से मुक्ति मिल जाती है। गो माता जीवन को सुखद बनाने के साथ मौत के बाद आत्मा को भवसागर से पार कराने में मदद करती है, इसलिए गो माता को जगत् जननी का दर्जा दिया गया है।

बदलते दौर में संस्कृति और संस्कार में आयी विकृति से गो माता की आस्था घटी है। मान्यताओं और परम्पराओ पर भी चोट की जा रही है। नाथ सम्प्रदाय के महंथ योगी आदित्यनाथ सहित अनेकों संतों और संस्थाओं ने गो माता के सम्मान और गो वंश की सुरक्षा के लिए जन जागरण का रास्ता अपनाया है। प्रदेश की सत्ता में रहकर योगी ने गोरखधाम पीठ में पलने वाली गायों की सेवा का उदाहरण भी पेश किया है। गायों की अस्मिता और सम्मान के लिए कई कदम उठाये हैं। संगम की पवित्र रेती से भी गो रक्षा को लेकर अलख जगायी गयी है। संकट के इस दौर में भी गाय पूज्यनीय है और उसकी प्रासंगिकता कभी भी कम नहीं हुई। गो माता पूज्यनीय थी और आगे भी रहेगी।

गो सेवा





■ **पृष्ठ सज्जा : बृज किशोर तिवारी**

# किन्नर अखाड़ा रहेगा जूना अखाड़े का अभिन्न अंग

**प्रयागराज (एसएनबी)।** जूना अखाड़े के आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महराज ने कहा कि किन्नर अखाडा जूना अखाड़े का अभिन्न अंग , अंश एवं हिस्सा है जो आने वाले समय में भी रहेगा। उन्होंने कहा कि जिनके मात्र दर्शन से दरिद्रता अर्थात सभी प्रकार के विकार दूर हो जाते है उनको अपने से दूर कौन करना चाहेगा। कहा कि किन्नरों के दर्शन मात्र से धन की नहीं ज्ञान की कमी दूर होती है। चतुर्दिक उन्नति होती है। आचार्य महामण्डलेश्वर ने कहा कि अगर किन्नरों का आगमन अचानक हो जाये तो समझना चाहिए कि देवता और पितृ दोनों तृत्त हो गये है। ऐसे में हम किन्नरों को अपने से कैसे दूर कर सकते है। यह बातें जूना अखाड़े के आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महराज ने गुरुवार को किन्नर आर्ट विलेज में आयोजित अपने स्वागत एवं अभिनंदन समारोह में कही। उन्होंने कहा कि जिस तरह से किन्नर अखाड प्रमुख लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी ने सभी किन्नरों को एक करके उनको उनका महत्व बताते हुए समाज की मुख्य धारा में लाया है वह हमेशा प्रशंसनीय रहेगी। उनमें गजब की संगठन शक्ति, सभी को साथ लेकर चलने व सभी के सुख-दुःख में शामिल होने की क्षमता है। यह आने वाले समय में किन्नर अखाड़ा को एक नयी पहचान देगी। इसके पूर्व किन्नर अखाड़े की आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी महाराज ने जूना अखाड़े के आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज का फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। किन्नर अखाड़े के महामण्डलेश्वर, पीठाधीश्वर एवं महंतों ने भी आचार्य का भव्य स्वागत करते हुए माल्यार्पण किया। किन्नर अखाडा प्रमुख लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी महाराज ने कहा कि समाज के सबसे तिरस्कृत किन्नर समाज है लेकिन किसी ने कभी अपनाने की कोशिश नहीं किया है लेकिन जूना अखाड़े के पुरुषार्थ को बार-बार प्रमाण करती हूं कि उन्होंने हमें अपनाया और पूरा संरक्षण दिया। कहा कि तीर्थराज प्रयाग में शाही स्नान में शामिल करके समाज और सनातन धर्म को एक नया संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए जूना अखाड़े के संरक्षक व अखाडा परिषद के महामंत्री हरिगिरि महराज एवं जूना अखाड़े के आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि का किन्नर समाज हमेशा आभारी रहेगा। इस दौरान किन्नर अखाड़े की उत्तर भारत की प्रभारी महामण्डलेश्वर भवानी मा, महामण्डलेश्वर पुष्पा पाई, मयूरी , पवित्रा, कमल माई, कामिनी सहित अन्य प्रमुख लोग थे।



■ जूना अखाड़े के आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने किन्नर अखाड़े में स्वागत, अभिनंदन कार्यक्रम में कहा

■ किन्नरों के दर्शन मात्र से सभी दरिद्रता होती है दूर

देश की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक विविधताओं की एकता को समेटे यह पर्व विश्व के श्रेष्ठतम आयोजनों में से एक है। मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे इस भव्य और अलौकिक आयोजन की साक्षी बनकर अखंड व प्राचीन भारत को करीब से देखने का अवसर मिला। —वसुंधराराजे@VasundharaBJP

## चुनाव पूर्व महागठबंधन राष्ट्रीय स्तर पर होगा

**नई दिल्ली (वार्ता)।** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से बेदखल करने के लिए सभी विपक्षी दलों का चुनावपूर्व महागठबंधन प्रादेशिक स्तर पर नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर होगा।



ममता बनर्जी ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान यहां प्रेस क्लब में पत्रकारों से कहा कि सभी विपक्षी दलों की बुधवार रात हुई बैठक में चुनावपूर्व महागठबंधन बनाने का फैसला लिया गया, लेकिन यह गठबंधन केवल राष्ट्रीय स्तर पर ही होगा। राज्यों में वहां की राजनीतिक स्थिति के हिसाब से चुनाव लड़ा जाएगा। उन्होंने प्रश्नों के उत्तर में कहा कि मध्यप्रदेश और राजस्थान में कांग्रेस और दिल्ली में आम आदमी पार्टी की स्थिति मजबूत है और वहां हमारी पार्टी मजबूत नहीं है लेकिन पश्चिम बंगाल में तो हमारी ताकत है इसलिए हम उसके हिसाब से राज्यों में चुनाव लड़ेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या वहां गठबंधन में वामपंथी दल शामिल होंगे, बनर्जी ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि वामदल शामिल होंगे या नहीं। मेरी कोई बात वामदल से नहीं हुई है लेकिन एक बड़ा गठबंधन जरूर बनेगा।' उन्होंने स्वीकार किया कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और वामदल तृणमूल के खिलाफ है, लेकिन सभी विपक्षी दलों की लड़ाई भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से है। इसी कारण हम सभी विपक्षी दल एकजुट हैं।

उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय हित में और जनता के हित में है, इसलिए सभी विपक्षी दल मिलकर मोदी को भगाना चाहते हैं, क्योंकि प्रधानमंत्री ने देश को बेच दिया है। इतना ही नहीं उन्होंने मीडिया को भी अपने कब्जे में ले लिया है। आम मीडिया उनके खिलाफ बोल नहीं सकता और यह आपातकाल जैसी स्थिति है। तृणमूल नेता ने बताया कि सभी विपक्षी दलों की दिल्ली में 26 या 27 फरवरी को फिर बैठक होगी और उसमें हम सब न्यूनतम साझा कार्यक्रम और आगे की रणनीति के बारे में विचार-विमर्श करेंगे।

# जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर कोई भेदभाव नहीं करती सरकार

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**लखनऊ।**

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व लोक निर्माण विभाग के मंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बृहस्पतिवार को विधानसभा सदन में सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि सड़कों के निर्माण में जनप्रतिनिधियों के साथ कोई भेदभाव नहीं हो रहा है। सरकार ने विकास में भेदभाव को पूरी तरह मिटाया है। इसके बाद भी अगर कहीं जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव छूटे होंगे, तो वह दिखवा लेंगे। सरकार की ओर से आये इस जवाब पर विपक्ष के सदस्य शांत नहीं हुए और दोनों पक्षों की ओर से नोकझोंक की नौबत आ गयी, तो विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दस-दस मिनट के लिए दो बार स्थगित कर दी।

विधानसभा में विपक्ष के सदस्यों बसपा के मोहम्मद आलम राईनी के साथ अन्य दलों के त्रिवेणीराम वीरेन्द्र यादव, संजय गर्ग व इंजीनियर ब्रजेश कठेरिया ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हर विधानसभा क्षेत्र में ₹ पांच-पांच करोड़ की सड़कों के निर्माण में भेदभाव का आरोप लगाया। राईनी व अन्य सदस्यों के सवाल पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सदन में मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद शासनादेश जारी कर दिया गया था। विकास में भेदभाव पूर्व की सरकारों में होता रहा है, लेकिन जब से भाजपा की सरकार आयी है, तो वह सबका साथ- सबका विकास के एजेण्डा पर आगे बढ़ रही है।

**विधानसभा प्रश्नोत्तर**



**विकास में भेदभाव को मिटाया योगी सरकार ने : केशव**

**विपक्ष से कहा कि अगर सड़क निर्माण का कोई प्रस्ताव छूटा होगा, तो दिखवा लेंगे**

**सरकार के जवाब पर विपक्ष के सदस्य शांत नहीं हुए**

**सत्ता पक्ष व विपक्ष की ओर से नोकझोंक की नौबत आ गयी तो 20 मिनट स्थगित रही सदन की कार्यवाही**

उन्होंने बताया कि 357 सदस्यों के प्रस्ताव आये हैं। इनमें से 318 को कार्रवाई के लिए भेजा गया है। इसके साथ ही जिन्होंने अभी तक प्रस्ताव नहीं भेजे हैं, वे भी दें। सरकार की प्राथमिकता यूपी का विकास है। जनप्रतिनिधियों के साथ भेदभाव नहीं हो सकता है। उनकी सरकार ने तो उन सेतुओं का भी निर्माण कराया, जिनका शिलान्यास पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के शासन में हुआ, जबकि पांच वर्ष तक अखिलेश यादव भी सीएम रहे। पूरक सवाल पर बसपा दल के लालजी वर्मा ने कहा कि इसके लिए सदन से ₹ 1500 करोड़ का अलग से बजट पारित किया गया था, लेकिन विपक्ष के विधायकों के प्रस्तावों पर कोई कार्य नहीं हो रहा है।

सुभासपा के सदस्य त्रिवेणीराम ने कहा कि जखनिया (गाजीपुर) में उनके विधानसभा क्षेत्र में उनके प्रस्तावों पर तो कोई काम नहीं हुआ बल्कि सांसद की प्राथमिकता वाली सड़कों का निर्माण प्रस्ताव बदलकर कराया गया। उन्होंने इसके लिए दोषी अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी सदन में कर डाली। उधर, भेदभाव पर सरकार के मंत्री उपेन्द्र तिवारी ने कहा कि वह पूर्व सरकार के दौरान इसी सदन में भेदभाव को देख चुके हैं। ऐसे में विपक्ष के सदस्य उन्हें आदर्श न बतायें। इसके बाद सदन की कार्यवाही दस मिनट को स्थगित हो गयी। फिर इसको दस मिनट के लिए और बढ़ाया गया।

## मुकदमे वापस लेने की मांग खारिज होने पर हंगामा

**लखनऊ (एसएनबी)।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को इलाहाबाद जाने से रोकने के विरोध में प्रदेश भर में हुए प्रदर्शनों के बाद सपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज होने का आरोप लगाते हुए पार्टी विधायकों ने इन्हें वापस लेने की मांग की है। सपा सदस्यों के जोरदार हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही 40 मिनट के लिए स्थगित कर दी गयी। इसके बाद कार्रवाई तकरीबन दो घण्टे तक स्थगित रही, लेकिन जब सदन नहीं चला तो एजेडा निपटाकर विस अध्यक्ष हृदय नारायक्ष दीक्षित ने सदन को शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

**पौने दो घण्टे स्थगित रही विस की कार्यवाही**

**नाराज सपा व बसपा सदस्यों ने किया बहिष्कार**

विधानसभा में प्रश्नकाल के पहले ही नेता प्रतिपक्ष राम गोबिंद चौधरी ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को प्रयागराज जाने से रोकने का मुद्दा उठाया। तब पीठ ने प्रश्नकाल चलने देने का आग्रह किया, इसको उन्होंने मान लिया, लेकिन प्रश्नकाल खत्म होते ही शून्यकाल के दौरान श्री चौधरी ने सपा कार्यकर्ताओं पर फर्जी मुकदमे दर्ज कर उन्हें प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए उन्हें मुकदमें फौरन वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि संविधान ने हमें विरोध करने का अधिकार दिया है। सपा कार्यकर्ता अपने नेता को प्रताड़ित किये जाने का विरोध कर रहे थे। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने इसके जवाब में कहा कि संविधान में शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने की इजाजत दी गयी है, हंगामा और अराजकता फैलाने की नहीं। उन्होंने कहा कि गत 12 फरवरी को अखिलेश यादव को अनुमति न होने के कारण रोके जाने के बाद प्रदर्शन कर रहे एक सपा कार्यकर्ता ने वर्दी पहने एक पुलिसकर्मी को थप्पड़ मारा। पुलिस ने हालात संभालने के लिए हल्का बल प्रयोग किया, नहीं तो स्थिति और खराब हो सकती थी। विधानसभाध्यक्ष ने जैसे ही एजेंडा का दूसरा मुद्दा लिया, सपा सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया, जिसकी वजह से सदन की कार्यवाही 40 मिनट के लिये स्थगित करनी पड़ी। इसके बाद 15 मिनट, 30 मिनट, पांच-पांच मिनट दो बार कार्रवाई स्थगित की गयी। इसके बाद फिर जब सरकार ने विपक्ष की मुकदमा वापसी की बात नहीं सुनी तो सपा सदस्य सदन का बहिष्कार करके चले गये, बसपा ने भी सपा के समर्थन में सदन का बहिष्कार किया।

# बोर्ड परीक्षा में संगठित नकल हुई खत्म

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**लखनऊ।**

उप मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने राज्य में चल रही बोर्ड परीक्षाओं की व्यवस्था पर संतोष जताते हुए कहा कि सरकार ने हाईस्कूल और इण्टर की परीक्षा में संगठित नकल का खेल खत्म कर दिया है। बीते पांच दिन की परीक्षा में सिर्फ दो 'मुन्ना भाई' पकड़े गये हैं। शेष छात्र पर्ची आदि के जरिए नकल करते पकड़े गये। अभी तक किसी भी टीचर और छात्र के खिलाफ एफआईआर नहीं की गयी है।

डा. शर्मा बृहस्पतिवार को विधानसभा भवन स्थित अपने कक्ष में संवाददाताओं से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा पहले अलीगढ़, मथुरा, जौनपुर, कौशाम्बी, गाजीपुर, आगरा और एटा में बोर्ड परीक्षाओं को लेकर छात्र के फार्म भरने से लेकर उसके बेहतर रिजल्ट तक का ठेका लिया जाता था। संगठित गिरोह ठेके पर छात्रों को नकल कराते थे। मगर सरकार ने नकल के ठेके बंद कर दिए हैं। उन्होंने कहा पहले नकल के जरिए परीक्षा पास करने की जुगत करने वाले छात्र तीन-चार स्थानों से अपना फार्म भरते थे। मगर बदली व्यवस्थाओं के कारण छात्रों की डुप्लीकेसी पकड़ी जाने लगी। यही वजह थी कि पिछले साल 12.24 लाख छात्रों ने परीक्षा छोड़ी। इस साल अब तक 4,66,161 छात्रों ने अपने को परीक्षा से अलग किया है। यह संख्या अधिकतम 6 लाख तक जा सकती है। राज्य में चल रही परीक्षाओं में मुजफ्फरनगर में दो लोग दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते पकड़े गये हैं।



**16 दिन में परीक्षाएं कराने का बनेगा रिकार्ड**

**पांच दिन में पकड़े गये हैं सिर्फ दो 'मुन्ना भाई'**

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा यूपी में दो-दो महीने चलने वाली बोर्ड परीक्षाओं को इस साल सिर्फ 16 दिन में समाप्त कराने का रिकार्ड बनेगा। डा. शर्मा ने कहा,अभी तक बोर्ड परीक्षा का कोई पेपर लीक नहीं हुआ है। छात्र भी अब सजग हुए हैं कि उनके आसपास कोई दूसरा छात्र नकल सामग्री न डाल दे। उन्होंने कहा, हमने परीक्षा कराने के लिए एक साल पहले से ही कैलेण्डर तैयार किया इसमें कुम्भ और त्यौहारों का ध्यान रखा गया।

परीक्षा के माडल पेपर बनाये गये। एनसीईआरटी के मुताबिक पाठ्यक्रम को बदला गया है। छात्रों को बताया गया कि अब पूरा चैप्टर पढ़ना पड़ेगा। परीक्षा में वित्तविहीन अध्यापकों के साथ ही बेसिक शिक्षकों का पूरा सहयोग मिल रहा है।

उप मुख्यमंत्री डा. शर्मा ने कहा सरकार ने परीक्षा में नकल व घपला बंद किया है तो माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग में होने वाले सबसे ज्यादा मुकदमों को कम करने में भी सफलता पायी है। सरकार ने इन विभागों में आनलाइन मान्यता, सिटीजन चार्टर लागू किया है। पेंशन व अन्य भुगतान के मामले में मार्च के पहले सप्ताह में रिटायर होने वाले अध्यापकों के खाते में धन भेजने की व्यवस्था की है।

## नाराज राजभर ने की पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग लौटाने की पेशकश

**लखनऊ (एसएनबी)।** योगी आदित्यनाथ सरकार में काबीना मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने पिछड़ा वर्ग आयोग की विभिन्न नियुक्तियों में 'अपने' लोगों को नजरअंदाज किये जाने पर नाराजगी जताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने अपने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का जिम्मा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लौटाने की पेशकश की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को इस बाबत एक पत्र भी लिखा। राजभर के रुख की जानकारी मिलने के बाद उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा राजभर से मिलने उनके आवास 9 एक कालिदास मार्ग पहुंचे और बात की। हालांकि, बाद में सरकार की ओर से राजभर के आरोपों का जवाब पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए उठाये गये कदमों की जानकारी के जरिये दी गयी।

राजभर ने कहा कि उन्होंने पिछड़ा वर्ग आयोग के विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिये 28 लोगों की सूची प्रस्तावित की थी। उनमें से 27 की उपेक्षा कर दी गयी। आयोग के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों पर मनमाने ढंग से नियुक्ति कर दी गयी। ऐसे में मंत्री बने रहने का क्या औचित्य है। उन्होंने कहा कि वह पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का जिम्मा मुख्यमंत्री योगी को लौटा देंगे। हालांकि, दिव्यांग कल्याण महकमे की जिम्मेदारी वह अपने पास रखेंगे।प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा की सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष राजभर ने कहा कि सरकार ने सामाजिक न्याय समिति की पिछली मई में दी गयी सिफारिशों को अब तक लागू नहीं किया है और न ही लागू करने की उसकी कोई मंशा नजर आती है।

# ट्रक में घुसी कार, पांच की मौत, एक गम्भीर

**बछरावां-रायबरेली (एसएनबी)।** लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग स्थित कुंदनगंज गांव के पास बृहस्पतिवार को सुबह खड़े ट्रक में तेज रफ्तार कार जा घुसी, जिससे कार सवार 5 लोगों की मौत हो गयी। दुर्घटना में घायल एक बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रयागराज के रहने वाले विभूति शर्मा (40) पत्नी कंचन शर्मा (38), बेटी काव्या (4) व 2 वर्ष की बेटी एवं सावित्री शर्मा के साथ अपनी बहन के घर हरदोई कार से जा रहे थे। कार जैसे ही कुंदनगंज गांव के पास पहुंची वहां पहले से खड़े ट्रक से टकरा गई।

टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार कार चालक आलोक सिंह भदौरिया निवासी सरस्वती नगर नौबस्ता कानपुर, विभूति शर्मा उनकी पत्नी कंचन शर्मा तथा 2 वर्ष की मासूम बेटी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल सावित्री शर्मा तथा 4 साल की काव्या शर्मा को जिला अस्पताल इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां सावित्री ने भी दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही कोतवाल रावेंद्र



सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और कार में फंसे मृतकों को बाहर निकाला। जिसमें चार लोगों को बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जिन्हें चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह ने छानबीन कर ट्रक चालक को पकड़ने के निर्देश दिए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां पर स्थित एक सीमेंट फैक्ट्री के सामने तमाम ट्रक रोजाना खड़े रहते हैं जिससे आए दिन हादसे हो रहे है। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि फैक्ट्री संचालक के विरुद्ध नोटिस दी जायेगी एवं इसके अतिरिक्त कार्यवाही भी की जाएगी।



पुलवामा जिले के अवंतिपोरा में बृहस्पतिवार को सीआरपीएफ के काफिले पर फिदायीन हमले के बाद बचाव कार्य में जुटे सुरक्षा बल के जवान। हमलावर आदिल अहमद डार (इनसेट)।

# चुनाव लड़ूंगी तो दूसरी सीटों पर कैसे ध्यान दूंगी

**लखनऊ (एसएनबी)।**उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को धार देने की कवायद में पिछले चार दिनों से जुटी कांग्रेस महासचिव व पूर्वी उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा को सामने पाकर कार्यकर्ताओं ने खुलकर बातचीत की। कार्यकर्ताओं ने पार्टी को मजबूत करने के लिए कई सुझाव भी दिये और श्रीमती वाड्रा से चुनाव में भी उतरने का आग्रह किया तो प्रियंका ने कहा कि 'यदि मैं चुनाव लड़ूंगी तो दूसरी सीटों पर कैसे ध्यान दूंगी।'

ज्ञात हो कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने 11 फरवरी को रोड शो के जरिये उत्तर प्रदेश की राजनीति में प्रवेश किया और इसके बाद 12 फरवरी से अपने प्रभार वाले क्षेत्र के लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर पार्टी की स्थिति का जायजा ले रही हैं। इसके साथ ही वह कार्यकर्ताओं से उनके सुझाव भी ले रही हैं। जो सुझाव उन्हें अच्छे लग रहे हैं उन्हें वह स्वयं ही नोट कर रही हैं और सुझाव देने वाले कार्यकर्ता का नाम, पद व मोबाइल नम्बर भी नोट कर रही हैं। श्रीमती वाड्रा सभी से परिवार के एक साधारण कार्यकर्ता की तरह बात कर रही हैं। इससे मिलने वाले कार्यकर्ता उनसे खुलकर बात कर रहे हैं। श्रीमती वाड्रा ने बुधवार की देर रात 2.30 बजे तक कार्यकर्ताओं से बात की। इसके बाद बृहस्पतिवार को भी दोपहर डेढ़ बजे पुनः कांग्रेस मुख्यालय पहुंची और कार्यकर्ताओं से मिलना शुरू किया जो सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

गोरखपुर संसदीय टीम के एक वरिष्ठ नेता ने प्रियंका से मुलाकात के बाद बताया कि उन्होंने सुश्री वाड्रा को लखनऊ लोकसभा सीट से गृह मंत्री राजनाथ सिंह का मुकाबला करने का सुझाव दिया ताकि इससे मतदाताओं में एक संकेत जाये और वाराणसी और गोरखपुर जैसी वीवीआईपी सीटों पर भी इसका असर पड़े। उन्होंने बताया कि इस सुझाव पर प्रियंका ने कहा कि सभी नेता मुझे अपने इलाके से चुनाव लड़ने के लिये बुला रहे हैं लेकिन मेरे सामने एक बड़ा काम है और मुझे इसे पूरा करना है। यदि वह चुनाव लड़ेंगी तो दूसरी सीटों पर ध्यान नहीं दे पाएंगी।



**देर रात तक चलता रहा कार्यकर्ताओं से मिलने का सिलसिला**

उन्होंने कहा कि मैं अकेले चलूं और जनता को देखकर हाथ हिलाऊं या हर जिले में भी जाऊं तो इससे कांग्रेस को वोट नहीं मिलने वाले हैं बल्कि संगठन को मजबूत बनाकर ही वोट जुटाये जा सकते हैं। वह चुनाव लड़ने की बजाय संगठन की मजबूती के लिये दी गयी जिम्मेदारी को निभाना पसंद करेंगी। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि उन्हें लगता है कि पार्टी को राज्य में अपने पैरों पर खुद खड़ा होना चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रीमती वाड्रा के समक्ष सुझाव रखा कि पार्टी को किसी से गठबंधन नहीं करना चाहिए और चुनावी मौसम में दिखने वाले नेताओं को इस बार टिकट नहीं दिया जाना चाहिए।

नेताओं ने महान दल से प्रस्तावित गठबंधन का भी विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने महान दल को पांच सीटें दी थीं लेकिन इन सीटों पर उसे जीत हासिल नहीं हुयी थी। प्रियंका से यह भी कहा गया कि सुहेलदेव समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर को कांग्रेस ने ही नेता बनाया लेकिन पूर्वी उत्तर प्रदेश में भाजपा की लोकप्रियता बढ़ने पर वह उसके साथ जुड़ गये। श्रीमती वाड्रा ने सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं से कहा कि बूथ स्तर पर ध्यान देना जरूरी है क्योंकि बूथ कमेटियां ही चुनाव जिताने में बड़ी भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कांग्रेस की राज्य कमेटी के बड़े आकार पर भी नाराजगी जतायी और कहा कि 'उत्तर प्रदेश में संगठन जितना बड़ा है उसे देखकर संयुक्त राष्ट्र जैसा लगता है।' उन्होंने नेताओं से कहा कि वे जहां से चुनाव लड़ना चाहते हैं वहां संगठन को मजबूत करने पर ध्यान दें। इसके साथ ही अन्य कई सुझावों पर भी चर्चा हुई।



## आतंकवादियों को सबक सिखाएंगे : जेटली

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली ने स्पष्ट तौर पर कहा कि आतंकवादियों को इस जघन्य कृत्य के लिए कभी नहीं भूलने वाला सबक सिखाया जाएगा। जेटली ने अपने ट्वीट में कहा, पुलवामा में सीआरपीएफ पर हमला कायराना और निंदनीय आतंकी कृत्य है। राष्ट्र अपने शहीद सैनिकों को नमन करता है। हम सभी शहीदों के परिवारों के साथ एकजुटता से खड़े हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, आतंकवादियों को इस जघन्य कृत्य के लिए कभी नहीं भूलने वाला सबक सिखाया जाएगा। वहीं, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री किरण रिजीजू ने कहा कि जम्मू कश्मीर में हुए कायराना आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों को छोड़ा नहीं जाएगा और हर मुमकिन तरीके से इसका बदला लिया जाएगा। जम्मू कश्मीर के उरी में 2016 में हुए हमले के बाद से यह सबसे बड़ा आतंकी हमला है।

**कोविंद, नायडू, मोदी समेत तमाम नेता हमले की कड़ी निंदा करते हुए बोले**

# 'जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा'

**नई दिल्ली (वार्ता)।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उप राष्ट्रपति वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष अमित शाह और कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी समेत विभिन्न नेताओं ने जम्मू-कश्मीर में पुलवामा जिले के अवंतीपोरा में सीआरपीएफ के जवानों पर हुए आतंकवादी हमले की तीव्र भर्त्सना की है और इसे कायराना कृत्य करार देते हुए कहा है कि शहीद जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने हमले की भर्त्सना करते हुए शहीदों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना जताई और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि पूरा देश आतंक और क्रूरतापूर्ण शक्तियों के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा है।

उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने हमले में शहीद जवानों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा, 'मैं पुलवामा में सीआरपीएफ के वाहन पर हुए कायराना आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता हूं और शहीद जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। दुख की इस घड़ी में सारा देश शहीदों के परिजनों के साथ है। ईश्वर परिजनों को धैर्य दे और घायल जवानों को शीघ्र स्वस्थ करे।' उन्होंने विश्व समुदाय से सीमापार आतंकवाद को सामरिक रणनीति के रूप में समर्थन देने वाले राष्ट्रों को पहचानने और उन्हें अलग-थलग करने की अपील की।

**पुलवामा हमला**

पीएम मोदी ने जवानों के काफिले पर किए गए आतंकवादी हमले को 'घिनौना कृत्य' करार देते हुए कहा है कि शहीद जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। उन्होंने हमले की तीखी निंदा करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में समस्त राष्ट्र शहीद और घायल जवानों के परिजनों के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। उन्होंने घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस कायरतापूर्ण हमले की कड़ी निन्दा करते हुए इसे बहुत ही दर्दनाक और विचलित करने वाला बताया। उन्होंने कहा, मैं देश की सेवा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले हर सीआरपीएफ जवान को नमन करता हूं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।' उन्होंने हमले के मद्देनजर शुक्रवार को पूर्व निर्धारित बिहार दौरा रद्द कर दिया और संभवतः अब वह श्रीनगर जाकर स्थिति का जायजा लेंगे।

राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा कि सीआरपीएफ के काफिले पर कायराना हमले से बहुत दुख हुआ। उन्होंने कहा, मेरी संवेदनाएं हमले में शहीद जवानों के परिजनों के साथ है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।'

वित्त मंत्री पीयूष गोयल ने सुरक्षा बलों पर हमले की घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे बहादुर जवान शहीद हो गये। उन्होंने कहा,'मेरी हार्दिक संवेदना इस हमले में शहीद हुए जवानों के परिजनों के प्रति है और मैं घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।'

विदेश राज्य मंत्री वीके सिंह ने हमले की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा कि एक जवान और भारत का नागरिक होने के नाते इस कायरतापूर्ण कृत्य को देखकर उनका खून खौल रहा है। हमले में शहीद हुए जवानों के बलिदान को वह सलाम करते हैं। भाजपा अध्यक्ष अमित शाह, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी हमले की निंदा करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

# जम्मू से लेकर सरहद तक हाई अलर्ट

■ सतीश वर्मा

**जम्मू। एसएनबी**

दक्षिण कश्मीर के लेतपुरा, पुलवामा में बृहस्पतिवार दोपहर बाद सीआरपीएफ के काफिले पर हुए फिदायीन हमले के बाद जम्मू में सभी सुरक्षा प्रतिष्ठानों तथा अन्य महत्वपूर्ण इमारतों की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। वहीं, भारत-पाक सीमा व नियंत्रण रेखा पर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।

**राज्यपाल ने कहा, सुरक्षा की हो समीक्षा**

**पाकिस्तान को घोषित किया जाए आतंकी देश : रमेश अरोड़ा**

हमले के बाद जम्मू में कई नाकों पर पुलिस ने चौकसी और बढ़ा दी है। इस बीच, राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने सभी सुरक्षाबलों के कमांडरों के साथ-साथ जिलाधीशों तथा मंडलायुक्तों के अलावा पुलिस प्रशासन से कड़े शब्दों में कहा है कि वह सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा करें।



**ISI की बड़े हमले की तैयारी**

**राष्ट्रीय सहारा ने पहले ही हमले को लेकर किया था आगाह**

बृहस्पतिवार देर शाम राज्यपाल के सलाहकार विजय कुमार ने मीडिया के पूछने पर यह माना कि आतंकी हमलों के इनपुट तो मिलते रहते हैं, लेकिन उस पर निश्चित इनपुट नहीं मिल पाते। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ जारी अभियान यूं ही चलता रहेगा और जब तक एक भी आतंकी बचेगा, तब तक उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

उधर, इस हमले के बाद जम्मू संभाग में लोगों में जबरदस्त आक्रोश पैदा हो गया है। लोगों का कहना है कि अब घाटी में आतंकवाद को हर सूरत में कुचल देना चाहिए। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं एमएलसी रमेश अरोड़ा ने कहा कि पाकिस्तान को अब आतंकी मुल्क घोषित कर देना होगा।

वहीं जिस प्रकार पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के जरिए प्रॉक्सी वार चला रहा है, भारत को भी उसी रणनीति पर काम करना चाहिए।

इस हमले को लेकर शुक्रवार को कई संगठनों ने पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन तथा जेएंडके हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, जम्मू की ओर से भी अदालती काम स्थगित करने के साथ प्रदर्शन करने की घोषणा की गई है।




# आस्था के रंग





शिविर में बैठा नागा साधु।



रुद्राक्ष की माला धारण कर नृत्य करते साधु।



माला खरीदते श्रद्धालु।



विहिप द्वारा निकाली गई वनवासी शोभा यात्रा में शामिल महिलाएं।



संगम का विहंगम दृश्य।



सिमटने लगे टेंट।



भजन-कीर्तन करते साधु-संत।



अन्न क्षेत्र में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

नेताजी का भाषण सुनकर दृढ़ विश्वास हो गया कि राजनीति में रिटायरमेंट की उम्र जरूर तय होनी चाहिए।

—— संजय निरुपम@sanjaynirupam

## राष्ट्रीय सहारा के चीफ रिपोर्टर को मातृशोक

**लखनऊ (एसएनबी)।** राष्ट्रीय सहारा लखनऊ के चीफ रिपोर्टर विकास शुक्ल की माताजी श्रीमती रूपा शुक्ला (68 वर्ष) का बृहस्पतिवार की रात केजीएमयू में निधन हो गया। श्रीमती शुक्ला पिछले कई दिनों से बीमार चल रहीं थीं। उनके पति संत कुमार शुक्ल मंडी परिषद में मंडी निरीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। श्रीमती शुक्ला के दो बेटों में विकास शुक्ल बड़े व वरुण शुक्ल छोटे हैं। श्रीमती शुक्ला के निधन का समाचार मिलते ही पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गयी। कई राजनीतिक दलों के नेताओं व संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ ही उनके परिजन व पत्रकार भी अस्पताल से लेकर उनके बालागंज के रामनगर स्थित आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे। श्रीमती रूपा शुक्ला का अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह 11 बजे गुल्लाला घाट पर होगा।

## सहाराकर्मी को मातृशोक



**लखनऊ (एसएनबी)।** राष्ट्रीय सहारा के विज्ञापन विभाग के वरिष्ठ कर्तव्ययोगी शिखर जौहरी की माता श्रीमती मीरा जौहरी (74 वर्ष) पत्नी श्री टीपी जौहरी का बृहस्पतिवार को हृदय गति रुकने के कारण यहां निधन हो गया। वह लम्बे समय से बीमार चल रही थीं। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को बैकुण्ठधाम में सुबह 10 बजे किया जाएगा। उनके परिवार में एक पुत्र व एक पुत्री हैं।

# राफेल के लिए पीएम ने समानांतर समझौता किया

■ **वलसाड/नई दिल्ली (एजेंसियां)।**

राफेल सौदा विवाद को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गृह राज्य में उठाते हुए कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री ने फ्रांसीसी लड़ाकू विमान के लिए दसॉल्ट एविएशन के साथ 'समानांतर समझौता' किया।

गुजरात के वलसाड जिले में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने दावा किया कि मोदी सरकार ने किसानों की कर्ज माफी से इंकार कर दिया लेकिन 'शीर्ष 15 उद्योगपतियों' के 3.5 लाख करोड़ रुपए का ऋण माफ कर दिया। राफेल जेट सौदे में प्रधानमंत्री पर प्रहार करते हुए गांधी ने कहा, फ्रांस में भी 'चौकीदार चोर है' का नारा मशहूर हो गया है और फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति भी कहते हैं 'चौकीदार चोर है'।

गांधी ने दावा किया, रक्षा मंत्रालय और वायुसेना कहती है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राफेल सौदे में दसॉल्ट एविएशन के साथ समानांतर समझौता किया। अंतिरम बजट में सरकार के भत्ते की आलोचना करते हुए उन्होंने वादा किया कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो गरीबों के खाते में आय गारंटी योजना के तहत 17 रुपए प्रतिदिन की राशि को बढ़ाएगी।

कांग्रेस प्रमुख राफेल जेट सौदे पर लगातार सरकार को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने मंगलवार को मोदी पर आरोप लगाए कि फ्रांस के साथ लड़ाकू विमान सौदे में उन्होंने उद्योगपति अनिल अंबानी के लिए बिचौलिये का काम किया। बहरहाल, सरकार और अंबानी लड़ाकू विमान सौदे में किसी भी तरह की खामी के आरोपों से लगातार इंकार करते रहे हैं।

**कैग ने देश के लोगों को निराश किया : चिदंबरम :** कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने राफेल विमान सौदे से जुड़ी रिपोर्ट में कई महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाकर देश के लोगों को निराश किया है।

पार्टी के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने संवाददाताओं से कहा, अगर आप राफेल से जुड़ी कैग रिपोर्ट के 33 पृष्ठों को पढ़ेंगे तो सौदे के कई छिपे पहलुओं के बारे में पता चलेगा। इसमें विमानों की संख्या, कीमत और आपूर्ति के समय जैसे पहलू शामिल हैं। इन्हें पढ़ने के बाद आपको निराशा होगी। उन्होंने कहा, कैग रिपोर्ट में जो कहा गया है उस सन्दर्भ यह महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि जो नहीं कहा गया है उसको लेकर यह रिपोर्ट महत्वपूर्ण है। पूर्व वित्त मंत्री ने आरोप लगाया, कैग ने ऐसी रिपोर्ट सौंपी जिसमें कोई उपयोगी जानकारी, विश्लेषण या निष्कर्ष का उल्लेख नहीं है। कैग ने देश के लोगों को निराश कर दिया।



**राहुल का दावा, शीर्ष 15 उद्योगपतियों के 3.5 लाख करोड़ रुपए के कर्ज माफ किए प्रधानमंत्री मोदी ने**

**रिपोर्ट में कई तथ्यों को छिपाया गया है**

गौरतलब है कि कैग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 36 लड़ाकू राफेल विमानों की खरीद के लिए राजग सरकार ने फ्रांस की कंपनी दसाल्ट के साथ जो सौदा किया वह इन विमानों की खरीद के लिए 2007 में की गई तत्कालीन संप्रग सरकार की वार्ता पेशकश की तुलना में 2.86 फीसद सस्ता है। हालांकि, रिपोर्ट में इन विमानों की कीमतों का जिक्र नहीं है।

**राफेल पर कैग रिपोर्ट**

**सरकार के लिए 'कृपांक' : अहमद पटेल :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल ने राफेल सौदे से जुड़ी कैग की रिपोर्ट को लेकर बृहस्पतिवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि रिपोर्ट के जरिए सरकार को इस मामले में कृपांक देने की कोशिश हुई है।

पटेल ने ट्वीट कर कहा, राफेल सौदे पर कैग रिपोर्ट उस परीक्षा की तरह है जिसमें शिक्षक किसी छात्र को उत्तीर्ण होने के लिए तय न्यूनतम अंक हासिल कराने के लिए सभी नियमों को बदल देता है। इस तरह से कोई परीक्षा पास करना अधिकृत रूप से नकल कराना हुआ। उन्होंने कहा, गुजराती में हम इसे कृपा गुण (कृपांक) कहते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने राफेल सौदे पर कैग की रिपोर्ट को खारिज करते हुए बुधवार को कहा था कि इसमें वार्ताकारों की असहमति वाली टिप्पणियां नहीं हैं और उन्हें इस रिपोर्ट का इसके कागज (जिस पर यह लिखी गई है) जितना भी महत्व नजर नहीं आता। कैग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 36 लड़ाकू राफेल विमानों की खरीद के लिए राजग सरकार ने फ्रांस की दसाल्ट के साथ जो सौदा किया वह इन विमानों की खरीद के लिए 2007 में की गई तत्कालीन संप्रग सरकार की वार्ता पेशकश की तुलना में 2.86 फीसद सस्ता है। हालांकि, रिपोर्ट में इन विमानों की कीमतों का जिक्र नहीं है।

## वन अधिकार कानून पर न्यायालय में भाजपा बनी मूकदर्शक : राहुल

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि उच्चतम न्यायालय में वन अधिकार कानून-2006 को चुनौती देने वाली याचिका के संदर्भ में केंद्र की भाजपा सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। गांधी ने ट्विटर पर एक खबर शेयर करते हुए कहा, भाजपा उच्चतम न्यायालय में मूकदर्शक बनी हुई है, जहां वन अधिकार कानून को चुनौती दी जा रही है। वह लाखों आदिवासियों और गरीब किसानों को जंगलों से बाहर निकालने के अपने इरादे का संकेत दे रही है। उन्होंने कहा, कांग्रेस हमारे वंचित भाई-बहनों के साथ खड़ी है और इस अन्याय के खिलाफ पूरे दम से लड़ाई लड़ेगी। गांधी ने जो खबर शेयर की है उसके मुताबिक वन अधिकार के लिए काम करने वाले संगठनों का आरोप है कि शीर्ष अदालत में वन अधिकार कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान सरकार ने इस कानून का बचाव नहीं किया।

## कांग्रेस ने वोट बैंक के लिए किया घुसपैठियों का इस्तेमाल : रिजीजू



**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय मंत्री किरण रिजीजू ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर पूर्वोत्तर में संरक्षित जमीन में शरणार्थियों को बसाने और अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों का इस्तेमाल वोट बैंक के तौर पर करने का आरोप लगाया।

रिजीजू ने कहा कि भाजपा और राजग सरकार पूर्वोत्तर के मूल निवासियों की भाषाई और सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने के लिये अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेगी। यहां पत्रकारों से उन्होंने कहा, यह दुखद है कि कांग्रेस ने संरक्षित जमीन में शरणार्थियों को बसाकर बहुत बड़ी गलती की और बांग्लादेश से आए अवैध घुसपैठियों को अपना वोट बैंक बनाया। हम लोग इसे अब और नहीं होने देंगे। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री रिजीजू अरुणाचल प्रदेश से आते हैं जहां हजारों चकमा शरणार्थियों को तत्कालीन कांग्रेस सरकार के दौरान कथित रूप से बसाया गया था। अरुणाचल प्रदेश के स्थानीय लोग बांग्लादेश से आये चकमा शरणार्थियों को राज्य में 'बसाये जाने' का विरोध करते रहे हैं। मेघालय, नगालैंड, मिजोरम, मणिपुर और त्रिपुरा के लोगों के लिये भी अवैध प्रवास चिंता का बड़ा कारण है।

## पैसे लेने के लिए बैंकों को निर्देश क्यों नहीं दे रहे पीएम : माल्या

**नई दिल्ली (वार्ता)।** आर्थिक भगोड़ा एवं शराब कारोबारी विजय माल्या ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस कार्यकाल के संसद में आखिरी भाषण का जिक्र करते हुए नाटकीय अंदाज में कहा है कि उसने जिन पैसों को लौटाने के लिए प्रस्ताव दिए हैं उन्हें लेने के लिए प्रधानमंत्री बैंकों को निर्देश ही नहीं दे रहे हैं। माल्या ने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया, मैंने प्रधानमंत्री का संसद में दिए गए आखिरी भाषण को सुना। वह निश्चित रूप से एक बहुत अच्छे वक्ता हैं। मैंने सुना कि उन्होंने अपने भाषण में नौ हजार करोड़ रुपए लेकर भागे एक अज्ञात व्यक्ति का जिक्र किया। मीडिया में प्रसारित खबरों के अनुसार मैं यह अनुमान लगा सकता हूं कि उनका इशारा मेरी तरफ था।

### करोलबाग होटल हादसा

## मालिकों के खिलाफ लुकआउट नोटिस

■ **नई दिल्ली (एसएनबी)।**

करोलबाग के होटल अर्पित पैलेस में 17 लोगों की मौत के जिम्मेदार माने जाने वाले फरार होटल मालिकों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। सूत्रों की मानें तो इस होटल के मालिक के तौर पर रिकार्ड में शुभेंदु गोयल का नाम दर्ज है, लेकिन आशंका है कि शुभेंदु गोयल के स्वामित्व में होटल अभी उसका भाई राकेश गोयल उर्फ पटवारी चला रहा था। क्राइम ब्रांच का कहना है कि होटल मालिक के तौर पर यह संख्या दो है या अधिक ,यह तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा लेकिन इस बीच क्राइम ब्रांच की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने बृहस्पतिवार को मौके का मुआयना करते हुए सीन ऑफ क्राइम को रिक्रएट किया।

**पुलिस को है शुभेंदु व राकेश गोयल की तलाश**

**देश में है या विदेश में, पुलिस को पता नहीं**

पुलिस ने बताया कि होटल अर्पित पैलेस के प्रबंधन से जुड़े दो लोगों राजेन्द्र तथा विकास को मध्य जिला पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया था, लेकिन हादसे के तीन दिन बाद भी होटल के वास्तविक मालिक शुभेंदु गोयल व राकेश गोयल के बारे में कोई पता नहीं चलने से उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया। पुलिस के अनुसार राकेश गोयल के मोबाइल की अंतिम लोकेशन दोहा में मिली है। उसके बाद से उसका फोन स्वीच ऑफ है। इसी तरह शुभेंदु गोयल दिल्ली समेत भारत के किसी अन्य शहर या विदेश में है, उसके बारे में कुछ पता नहीं चल पाया है। इतना तय है कि ये दोनों गिरफ्तारी की आशंका के बीच अचानक भूमिगत हो गए हैं। इनके परिजन भी दिल्ली स्थित आवासों से गायब हैं।

उनके घर पर पुलिस टीम गई थी, जो बैरंग हो गई। सूत्रों ने बताया कि बृहस्पतिवार दोपहर को मौके पर पहुंची क्राइम ब्रांच की टीम ने होटल अर्पित पैलेस के चप्पे-चप्पे का मुआयना किया और कई तरह के सबूत एकत्र किए। इस दौरान पुलिस टीम होटल के महाप्रबंधक राजेन्द्र तथा होटलकर्मी विकास को रिमांड पर लेकर मौके पर गई थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों से होटल से जुड़ी कई जानकारी हासिल करते हुए होटल में मौजूद एक-एक गेस्ट तथा कर्मियों के बारे में छानबीन की है।

## मोदी आज दिखाएंगे वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी

■ **नई दिल्ली (एसएनबी)।**



देश में सर्वाधिक रफ्तार से चलने को तैयार वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके लिए नई दिल्ली स्टेशन पर भव्य तैयारियां की गई हैं। नई दिल्ली-वाराणसी वंदे भारत उद्घाटन ट्रेन रास्ते में कानपुर व इलाहाबाद में रुकेगी और देर शाम वाराणसी पहुंचेगी। उद्घाटन ट्रेन में रेलमंत्री पीयूष गोयल स्वयं सफर करेंगे। ट्रेन जब कानपुर और इलाहाबाद पहुंचेगी तो वहां रेलमंत्री सभा को भी संबोधित करेंगे। ट्रेन का नियमित परिचालन 17 फरवरी से शुरू होगा। नियमित ट्रेन में सफर के लिए टिकट बुकिंग शुरू हो गई है।

**उद्घाटन के बाद ट्रेन में सफर करेंगे रेलमंत्री गोयल**

नई दिल्ली और वाराणसी के बीच यह देश की पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन है। इसकी रफ्तार 160 किलोमीटर प्रति घंटे की होगी। ट्रेन-18 के नाम से इस ट्रेन सेट को इंटीग्रिल कोच फैक्टरी (आईसीएफ) में 18 महीने के भीतर तैयार किया गया है। इस पर करीब सौ करोड़ रुपए की लागत आई है। कई दौर के परीक्षण के बाद ट्रेन को नई दिल्ली से वाराणसी के बीच चलाया जा रहा है।

## भाजपा सरकार ने देश में लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा किया : अखिलेश

■ **सहारा न्यूज ब्यूरो**

**लखनऊ।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में देश में लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा पैदा हो गया है। भाजपा की केन्द्र व राज्य की सरकार में लगातार विपक्ष के नेताओं के प्रति विद्वेषपूर्ण कार्रवाई की जा रही है।

श्री यादव ने बृहस्पतिवार को यहां जारी अपने बयान में कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर यूपी में सपा नेताओं के खिलाफ संगीन धाराओं में फर्जी मुकदमे दर्ज किए गए हैं। भाजपा राज में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमले हो रहे हैं और संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि छात्र-नौजवानों से तो भाजपा सरकार इतनी डरी हुई है कि उसे मेरी इलाहाबाद विश्वविद्यालय की यात्रा से ही कंपकंपी होने लगी। राज्य सरकार ने मान लिया है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना उसके वश की बात नहीं। भाजपा राज में हद तो तब हो गयी, जब छात्र-छात्राओं को सिर्फ काला झण्डा दिखाने भर से ही गम्भीर धाराओं में जेल में डाल दिया जाता है। नौजवानों के साथ सरकार का रवैया दुश्मनों सरीखा है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा करने वाली भाजपा सरकार में फरवरी, 2019 तक बेरोजगारी 8.3 प्रतिशत तक बढ़ गई है। नोटबंदी जीएसटी से व्यापार चौपट है मगर सरकार उसके फायदे गिनाकर लोगों को झूठे आंकड़ों से बहकाना चाहती है। भाजपा झूठ और फरेब की राजनीति करने में अव्वल है।

उन्होंने कहा कि सपा-बसपा गठबंधन ने यूपी में भाजपा के सामने मजबूत चट्टान खड़ी कर दी है। इससे वह घबरा गयी है क्योंकि लखनऊ के रास्ते दिल्ली का दरवाजा खुलता है।

## विपक्ष में नेताओं-नीतियों का अभाव : अमित शाह

■ **इरोड (भाषा)।**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने बृहस्पतिवार को विपक्षी गठबंधन पर बरसते हुए कहा कि उसमें नेताओं, नीतियों और सिद्धांतों का 'अभाव' है जबकि उनकी पार्टी के नेतृत्व वाला राजग 'मजबूत' गठबंधन है।

तमिलनाडु में द्रमुक-कांग्रेस गठबंधन पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि प्रस्तावित गठबंधन राज्य के फायदे के लिए नहीं बल्कि 'घोटालों और भ्रष्टाचार' में लिप्त रहने के लिए है। भाजपा प्रमुख ने शहर में हथकरघा और पावरलूम (बिजली से चलने वाला करघा) क्षेत्र के संगठनों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग गठबंधन अगले कार्यकाल के लिए राष्ट्र का नेतृत्व करने को तैयार है।

शाह ने कहा कि देश में दो गठबंधन हैं, 'एक (कांग्रेस प्रमुख) राहुल गांधी के नेतृत्व वाला और दूसरे 'गठबंधन' के पास कोई नेता ही नहीं है। उन्होंने कहा, भाजपा नेता एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग एक मजबूत गठबंधन है और यह इस साल लोकसभा चुनावों के बाद स्पष्ट तौर पर अपने दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्र का नेतृत्व करने को तैयार है।



**कहा, राजग 'मजबूत' गठबंधन**

तमिलनाडु के विकास के लिए केंद्र द्वारा शुरू की गई विभिन्न सरकारी पहलों को विस्तार से बताते हुए शाह ने कहा कि उनकी पार्टी एक 'मजबूत' गठबंधन के साथ मिलकर आगामी चुनाव लड़ेगी।

## शीर्ष कोर्ट का फैसला संविधान व लोकतंत्र के विरुद्ध : केजरीवाल

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उच्चतम न्यायालय के खंडित फैसले में यह स्पष्ट नहीं है कि राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं पर किसका नियंत्रण है। साथ ही उसने कहा कि दिल्ली के लोगों की परेशानियां जारी रहेंगी।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने फैसले को 'संविधान और लोकतंत्र' के विरुद्ध बताते हुए कहा कि आप सरकार कानूनी उपायों की तलाश करेगी। वहीं, पार्टी के प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आप सरकार बनने के चार साल बाद भी सेवाओं पर कोई फैसला नहीं हुआ है। भारद्वाज ने आरोप लगाया कि केंद्र ने ऐसे अधिकारियों को नियुक्त किया, जिन्होंने आप सरकार के कार्यों में अड़चनें डालीं।




**खंडित फैसले में यह स्पष्ट नहीं कि राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं पर किसका नियंत्रण**

**दिल्ली के लोगों की परेशानियां आगे भी जारी रहेंगी**

उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि शक्तियों के बंटवारे पर शीर्ष न्यायालय का फैसला 'दुर्भाग्यपूर्ण' है और यह दिल्ली के लोगों के साथ अन्याय है। केजरीवाल ने दावा किया कि न्यायालय के आदेश में कहा गया है कि निर्वाचित सरकार के पास अधिकारियों का तबादला करने की शक्ति नहीं है। उन्होंने पूछा कि आप सरकार कैसे काम करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के पास एक अर्दली तक नियुक्त करने की शक्ति नहीं है। उन्होंने कहा, 'हम पिछले चार वर्षों से परेशान हो रहे हैं। हम मोहल्ला क्लिनिक नहीं खोल सकते। यह किस तरह का लोकतंत्र है?' उन्होंने कहा कि अगर अधिकारी मंत्रियों का आदेश नहीं मानेंगे तो सरकार कैसे काम करेगी? समस्या का समाधान दिल्ली के लोगों के पास है। उन्हें दिल्ली में लोकसभा की सभी सात सीटें आप को देनी चाहिए। हम केंद्र में सरकार को दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए मजबूर करेंगे।' आप प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने सुप्रीम कोर्ट के पिछले साल जुलाई में दिए फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने स्पष्ट कहा था कि भूमि, पब्लिक ऑर्डर और पुलिस के अलावा सभी मुद्दे दिल्ली सरकार के तहत आते हैं।

## छोटे पर्दे के कार्यक्रम



सोनी मैक्स : अप. 03.00 बजे

फिल्म : 'बंटी और बबली'

**डीडी-1**

07.00 सिने संगीत, 08.00 हैपी होम, 08.30 नयी दृष्टि नयी राह, 09.00 पाकिस्तान रिपोर्टर, 09.30 बातें फिल्मों की, 10.00 न्यू इंडिया संकल्प, 11.00 नव जीवन, 11.30 राशि विला, 12.00 कश्मकश जिंदगी की, 12.30 खामोश सा अफसाना, 01.00 ख्वाबों के दरमियान, 01.30 जिंदगी एक भंवर, 02.00 पम्मी ब्यूटी पॉर्लर, 02.30 शमा, 03.00 गली गली सिम सिम, 04.00 गुडईवनिंग इंडिया, 05.00 डीडी साइंस, 06.00 न्यू इंडिया संकल्प, 07.00 हिन्दी फीचर फिल्म, 09.35 चित्राहार, 10.00 न्यू इंडिया संकल्प, 11.00 राशि विला, 11.30 नन्हीं सी कली मेरी लाडली, 12.00 कश्मकश जिंदगी की।

**सहारा वन**

6.00 हिंदी फीचर फिल्म, 09.00 हिंदी फीचर फिल्म, 12.00 हिंदी फिल्म, 03.00 हिंदी फीचर फिल्म, 06.00 जय जय जय बजरंगबली, 06.30 डोली सजा के, 07.00 वो रहने वाली महलों की, 07.30 घर एक सपना, 08.00 डोली सजा के, 08.30 जय जय जय बजरंगबली, 09.00 करिश्मा, 09.30 घर एक सपना, 10.00 वो रहने वाली महलों की, 10.30 करिश्मा, 11.00 जय जय जय बजरंगबली, 11.30 डोली सजा के, 12.00 हिंदी फीचर फिल्म, 03.00 हिंदी फिल्म।

**जी टीवी**

07.00 पिया अलबेला, 08.00 कुण्डली भाग्य, 08.30 जिंदगी की महक, 09.00 इश्क सुहान अल्ला, 10.00 कुमकुम भाग्य, 10.30 लकीरें, 10.30 कलीरें, 11.00 कुण्डली भाग्य, 11.30 इश्क सुहान अल्ला, 12.00 पिया अलबेला, 12.30 कुमकुम भाग्य, 01.00 कुण्डली भाग्य, 02.00 इश्क सुहान अल्ला, 02.30 कुमकुम भाग्य, 03.00 कुण्डली भाग्य, 03.30 कलीरें, 04.00 जिंदगी की महक, 04.30 जीत गई तो पिया मोरे, 05.00 आपके आ जाने से, 05.30 इश्क सुहान अल्ला, 06.00 कुण्डली भाग्य, 06.30 जीत गई तो किया मोरे, 07.00 वो अपना सा, 07.30 कलीरें, 08.00 जिंदगी की महक, 08.30 पिया अलबेला, 09.00 कुमकुम भाग्य, 09.30 कुण्डली भाग्य, 10.00 इश्क सुहान अल्ला।

**टीवी की फिल्में**

**सोनी मैक्स**

12.00 अप. 'धूम-3', 03.00 अप. 'बंटी और बबली', 06.00 सायं 'भूतनाथ रिटर्न्स', 08.00 रात 'जांबाज खिलाड़ी'।

**जी सिनेमा**

07.10 प्रातः 'रिटर्न ऑफ चंद्रमुखी', 10.10 प्रातः 'रॉग', 12.25 अप. 'शिवा द सुपर हीरो-2', 03.25 अप. 'गोली सोडा-2', 06.05 सायं 'बागी', 09.00 रात 'शिवा द सुपर हीरो-3'।

**स्टार गोल्ड**

07.45 प्रातः 'हंगामा', 10.30 प्रातः 'शोले', 02.10 अप. 'नायक द रियल हीरो', 05:10 सायं 'ध्रुव', 08:00 रात 'यमला पगला दीवाना', 11.00 रात 'एल7'।

**जी क्लासिक**

05.35 प्रातः 'मस्त', 07.35 प्रातः 'जीते हैं शान से', 10.55 प्रातः 'अजूबा', 02.15 अप. 'प्रेम रोग', 05.55 सायं 'मैन एट वर्क', 09.00 रात 'जुदाई'।

**बी4यू**

07.30 प्रातः 'दरार', 12.00 अप. 'आज का रावण', 03.00 अप. 'सामुराई द वॉरियर', 06.00 सायं 'शिकार', 09.00 रात 'कृष्णा अर्जुन'।

**स्टार प्लस**

07.00 रिश्तों का चक्रव्यूह, 07.30 नामकरण, 08.00 मेरी दुर्गा, 08.30 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 09.00 रिश्तों का चक्रव्यूह, 09.30 ये हैं मोहब्बतें, 10.00 तू सूरज में सांझ पिया जी, 10.30 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 11.00 इश्कबाज, 11.30 इश्कबाज, 12.00 नामकरण, 12.30 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 01.00 इश्कबाज, 02.00 तू सूरज में सांझ पिया जी, 02.30 रिश्तों का चक्रव्यूह, 03.00 डांस चैम्पियन्स, 04.00 नामकरण, 04.30 इश्कबाज, 05.30 ये हैं मोहब्बतें, 06.00 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 06.30 मेरी दुर्गा, 07.30 ये है मोहब्बतें, 08.00 रिश्तों का चक्रव्यूह, 08.30 चंद्रनंदिनी, 09.00 नामकरण, 09.30 ये रिश्ता क्या कहलाता है।

**ट्रैवल एंड लिविंग**

06.00 एपिक, 09.00 केक बॉस, 10.00 जम्बोज जस्ट डेजर्ट, 12.00 अल्टीमेट शॉपर, 01.30 केक बॉस, 02.45 अल्टीमेट केक ऑफ, 05.00 एपिक, 06.30 केक बॉस, 09.00 अल्टीमेट केक ऑफ, 02.00 प्रोजेक्ट रनवे।

**डिस्कवरी**

07.00 मैन वुमैन वाइल्ड, 10.00 रिवर मॉन्स्टर्स, 12.00 मैन वर्सेस वाइल्ड, 01.00 मैन वर्सेस ट्राइव, 05.00 मैन वर्सेस वाइल्ड, 12.00 नेकेड एंड एफ्रेड।

**एनीमल प्लेनेट**

09.00 टाइगर सिस्टर्स ऑफ टालिया, 01.00 न्यू लाइफ बॉर्न टू स्विम, 02.00 प्रीडेटर कोस्ट, 06.00 नंजानियांज बेस्ट सीक्रेट।

## राशिफल/पंचांग

पं. कृष्ण गोपाल मिश्र

**शुक्रवार, 15 फरवरी, 2019**





**दैनिक सूर्योदय :** दिल्ली-प्रातः 06:59, काशी-प्रातः 06:33, कानपुर-प्रातः 06:45, पटना-प्रातः 06:24, देहरादून-प्रातः 06:58, गोरखपुर-प्रातः 06:33, लखनऊ-प्रातः 06:43 बजे। **दैनिक सूर्यास्त :** दिल्ली-सायं 06:11, काशी-सायं 05:51, कानपुर-सायं 06:00, पटना-सायं 05:42, देहरादून-सायं 06:05, गोरखपुर-सायं 05:48, लखनऊ-सायं 05:58 बजे। **दैनिक चंद्रोदय :** अप. 01.39, काशी-अप. 01:21, कानपुर-अप. 01.30, पटना-अप. 01:12, देहरादून-अप. 01:32, गोरखपुर-अप. 01:17, लखनऊ-अप. 01:27 बजे। **दैनिक चंद्रास्त :** दिल्ली-अर्द्धरात्रियोत्तर 03:48, काशी-अर्द्धरात्रियोत्तर 03:17, कानपुर-अर्द्धरात्रियोत्तर 03:30, पटना-अर्द्धरात्रियोत्तर 03:08, देहरादून-अर्द्धरात्रियोत्तर 03:48, गोरखपुर-अर्द्धरात्रियोत्तर 03:18, लखनऊ-अर्द्धरात्रियोत्तर 03:29 बजे। राहुकाल 10:30 बजे से 12:00 बजे।राष्ट्रीय माघ 26, शक् संवत् 1940। माघ शुक्ल दशमी, संवत् 2075, सौर (कुम्भ) फाल्गुन मास की 04, प्रविष्टें। जमादि-उस्सानी 09, हिजरी 1440 (मुस्लिम)। शिशिर ऋतु। माघ शुक्ल पक्ष दशमी अप. 01:19 बजे तक तदन्तर एकादशी तिथि शुरु। मृगशिरा नक्षत्र रात्रि 08:52 बजे तक तदन्तर आर्द्रा नक्षत्र शुरु। वैधृति योग अर्द्धरात्रियोत्तर 03:23 बजे तक तदन्तर प्रीति योग शुरु। चन्द्रमा वृषभ राशि का पूर्ण भोगकर प्रातः 09:32 बजे मिथुन राशि में प्रवेश करेगा। भद्रा शुरु अर्द्धरात्रियोत्तर 00:11 बजे से (स्वर्ग), रवियोग समाप्त रात्रि 08:52 बजे तक।

**मौसम :** पूरे उत्तरीय क्षेत्रों में तापमान बढ़ेगा और पर्वतीय क्षेत्रों में ठंड में कमी आएगी। मध्य-उत्तर के मैदानी इलाकों में तापमान बढ़ेगा।

### दैनिक राशिफल

**मेष :** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक बनेगी। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा-प्रतियोगिता में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में जीना छोड़ें।

**बृषभ :** सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की तरफ केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलें। किसी संबंधी को लेकर आपका मन संजीदा होगा। नयी दिशा में सोच अवश्य रंग लायेगी।

**मिथुन :** संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**कर्क :** प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्यो के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु कुछ समय परिजनों के लिए भी निकालें। घर में खुशहाली होगी।

**सिंह :** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से खुश होंगे। नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। शिक्षा में परिश्रम तीव्र होगा।

**कन्या :** भाग्य से प्राप्त सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी बने। आर्थिक चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**तुला :** प्रतिभाओं के बावजूद हीन मन लाभ से वंचित करेगा। कुछ संबंधों को लेकर मन खिन्न होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ पारिवारिक चिंताएं मन पर दबाव बनाएंगी।

**वृश्चिक :** किसी कार्य में सफलता से उत्साहित होंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में लापरवाही कतई न करें।

**धनु :** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ का योग है। निरर्थक दूसरों की आलोचना न करें। नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में मन असमर्थ होगा।

**मकर :** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में प्रयत्न सार्थक होगा।

**कुंभ :** महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही न करें। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा।

**मीन :** नये संबंधियों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। किसी नये संबंध से लाभ संभव। अच्छे कार्यो से परिजनों के दिल में जगह बनायें प्रणय संबंध में परिजनों के विरोध से मन दुखित होगा।

# खेल खिलाड़ी

जम्मू-कश्मीर में हमारे सीआरपीएफ जवानों पर कायरतापूर्ण हमले से काफी दुखी हुआ। हमारे वहादुर जवान जो शहीद हुए हैं उनके लिए दुख व्यक्त करने के लिए कोई शब्द पर्याप्त नहीं हैं। मैं उन जवानों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना करता हूं जो घायल हुए हैं। - वीरेंद्र सहवाग @virendersehwag



प्रयत्न करने में चूक तो चल जाती है किन्तु प्रयत्न करने से कभी न चूकें..... हिम्मत नहीं... तो प्रतिष्ठा नहीं विरोधी नहीं... तो प्रगति नहीं। - हरभजन सिंह @harbhajan_singh



## संक्षिप्त खबर

### पंजाब ने हिमाचल को हराया

**जम्मू।** पंजाब ने हरपाल सिंह के गोल की मदद से संतोष ट्रॉफी राष्ट्रीय फुटबाल चैंपियनशिप के उत्तर क्षेत्र क्वालीफायर्स में बृहस्पतिवार को कटरा में खेले गए मैच में हिमाचल प्रदेश को 1-0 से हराया। हरपाल ने यह महत्वपूर्ण गोल 37वें मिनट में पेनल्टी पर किया। यह पंजाब की लगातार दूसरी जीत है। दस खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद हिमाचल ने हालांकि उसे कड़ी टक्कर दी और बड़ी जीत हासिल नहीं करने दी। उत्तर प्रदेश और हरियाणा के बीच खेला गया मैच गोलरहित ड्रा छूटा। दिल्ली अपना आखिरी मैच शुक्रवार को उत्तराखंड से खेलेगा जबकि जम्मू कश्मीर का सामना चंडीगढ़ से होगा।

### राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी की मेजबानी करेगा दिल्ली

**भोपाल।** राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी टूर्नामेंट कोलंबिया के मेडलिन में होने वाले शुरुआती चरण के विश्व कप से ठीक पहले 15 से 19 अप्रैल के बीच नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) की नव नियुक्त कार्यकारिणी की बैठक में यहां इसे अंतिम रूप दिया गया। एएआई के अध्यक्ष बीवीपी राव ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए वार्षिक कैलेंडर जारी किया। सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2019 का आयोजन नवम्बर में होगा। इससे पहले जूनियर और सब जूनियर प्रतियोगिताएं होंगी। इनके स्थलों की अभी घोषणा नहीं की गई है।

### चौरसिया की अच्छी शुरुआत संयुक्त पांचवें स्थान पर

**पर्थ।** भारत के एसएसपी चौरसिया ने पहले दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेला जिससे वह विश्व सुपर 6 पर्थ गोल्फ टूर्नामेंट में बृहस्पतिवार को पहले दिन के बाद संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। अबुधाबी और दुबई में कट से चूकने वाले चौरसिया ने अंतिम नौ होल से शुरुआत की और दोनों हाफ में दो-दो बर्डी बनाई। भारतीयों में चौरसिया का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। अजितेश संधू (71) संयुक्त 36वें जबकि शिव कपूर, खालिन जोशी और एस चिक्कारंगप्पा (सभी 73) संयुक्त 76वें स्थान पर हैं। विराज मदप्पा ने 74 का स्कोर बनाया।

### ईस्ट बंगाल ने शिलांग को 5-0 से हराया

**कोलकाता।** लानदानमाविया राल्टे की हैट्रिक की बदौलत ईस्ट बंगाल ने आईलीग में शिलांग लाजोंग को 5-0 से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। राल्टे ने आठवें, 27वें और 61वें मिनट में गोल दागे जबकि जाबी जस्टिन (28वें मिनट) और एनरिक एसक्वेदा (45वें मिनट) ने एक-एक विकेट चटकाया। इस जीत से ईस्ट बंगाल और शीर्ष पर चल रहे चेन्नई सिटी एफसी के बीच का अंतर सिर्फ तीन अंक का रह गया है। ईस्ट बंगाल के 15 मैचों में 31 अंक हो गए हैं और टीम तीसरे स्थान पर है। चेन्नई सिटी एफसी के 34 अंक हैं हैं लेकिन उसने ईस्ट बंगाल से एक मैच अधिक खेला है।

### रैंकिंग में आस्ट्रेलिया से पीछे खिसका इंग्लैंड

**दुबई।** इस वर्ष आस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली एशेज सीरीज से पहले इंग्लैंड की टीम वेस्ट इंडीज से मिली 1-2 की हार के बाद ताजा टेस्ट रैंकिंग में आस्ट्रेलिया से पीछे खिसक गई है। ताजा टेस्ट रैंकिंग में आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के एक बराबर 104 अंक हैं लेकिन दशमलव के बाद की गणना में आस्ट्रेलिया इंग्लैंड से एक स्थान आगे रहकर चौथे नंबर पर है जबकि इंग्लैंड पांचवें स्थान पर है। वेस्ट इंडीज से 2-1 से सीरीज हारने के बाद इंग्लैंड की टेस्ट रैंकिंग में गिरावट आई है। वहीं आस्ट्रेलिया ने श्रीलंका से 2-0 से सीरीज जीती जिसका उसे रैंकिंग में फायदा मिला। भारत 116 अंकों के साथ टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर काबिज है।

### गोएडे, डोरेन को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

**लुसाने।** नीदरलैंड की इवा डि गोएडे और बेल्जियम के आर्थर वेन डोरेन को 2018 का अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया जबकि भारत की झोली एक बार फिर खाली रही। इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों को 1998 में शुरू किया गया और कोई भी भारतीय हॉकी खिलाड़ी इसे हासिल नहीं कर पाया है। डि गोएडे को साल की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी जबकि विश्व चैंपियन बेल्जियम के वेन डोरेन को लगातार दूसरे वर्ष साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया। एफआईएच हॉकी स्टार्स अवार्ड्स में वेन डोरेन बेल्जियम के उन चार खिलाड़ियों में शामिल रहे जिन्हें पुरस्कार मिला।

## अक्षय ने दोनों हाथों से गेंदबाजी कर चौंकाया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** विदर्भ क्रिकेट संघ मैदान पर शेष भारत एकादश के साथ जारी ईरानी कप मुकाबले के दौरान विदर्भ के ऑलराउंडर अक्षय कारनेवार ने दोनों हाथों से गेंदबाजी करके सबको चौंका दिया। पहली बार देखने वालों के लिए यह नई बात हो लेकिन अक्षय 16 साल की उम्र से ही दोनों हाथों से गेंदबाजी कर रहे हैं। बीते 10 साल में उन्होंने प्रथम श्रेणी, लिस्ट ए और टी-20 मैचों में कई मौकों पर दोनों हाथों से गेंदबाजी की है।

अहम बात यह है कि अक्षय हालात की जरूरत के हिसाब से दोनों हाथों से गेंदबाजी का चयन करते हैं। वैसे स्वाभाविक तौर पर वह लेफ्ट आर्म स्पिनर हैं लेकिन बाएं हाथ के बल्लेबाज को वह राइट आर्म स्पिन गेंदबाजी करना पसंद करते हैं। अक्षय ने नागपुर में बुधवार को शेष भारत एकादश की पारी के 63वें ओवर में दोनों हाथों से गेंदबाजी की। बीसीसीआई ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर कारनेवर का गेंदबाजी वीडियो शेयर किया है।



दोनों हाथों से गेंदबाजी करने वाले कारनेवार एक्शन में। *फोटो : बीसीसीआई*

## बैन लगने के बाद गैब्रियल ने मांगी माफ़ी

**ग्रास आइलेट (वार्ता)।** वेस्ट इंडीज के तेज गेंदबाज शैनन गैब्रियल ने इंग्लैंड के खिलाफ सेंट लूसिया में खेले गए तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच के दौरान इंग्लैंड के कप्तान जो रूट पर की गई समलैंगिक टिप्पणी के लिए बिना शर्त माफी मांगी है। गैब्रियल पर इस टिप्पणी के कारण चार वनडे मैचों का प्रतिबन्ध लगा दिया गया है। गैब्रियल ने प्रतिबन्ध लगाने के बाद एक बयान जारी कर कहा, 'हमारे बीच कहासुनी उस समय हुई जब मैच फंसा हुआ था। जब मैं गेंदबाजी करने के लिए जा रहा था तब रूट मुझे लगातार देखे जा रहे थे तब मैंने उनसे कहा कि तुम मुझे देखकर क्यों मुस्कुरा रहे हो, क्या तुम्हें लड़के पसंद हैं। हालांकि यह सब स्टंप्स माइक में रिकॉर्ड नहीं हुआ।' उन्होंने कहा, 'जब रूट ने कहा कि इसे अपमान के रूप में उपयोग न करें, समलैंगिक होने में कुछ भी गलत नहीं है। उनके इस बयान को स्टंप्स माइक ने रिकॉर्ड कर लिया।'

# कारनेवार का शतक, विदर्भ को पहली पारी में बढ़त

■ **नागपुर (भाषा)।**

अक्षय कारनेवार के कॅरियर के पहले शतक और निचले क्रम के बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से पहली पारी में बढ़त हासिल करने वाले रणजी चैंपियन विदर्भ ने इसके बाद शेष भारत की सलामी जोड़ी को सस्ते में आउट करके बृहस्पतिवार को यहां ईरानी कप क्रिकेट मैच के तीसरे दिन अपना पलड़ा भारी रखा।

कारनेवार आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे और उन्होंने 102 रन की आकर्षक पारी खेली जिससे विदर्भ ने 425 रन बनाकर पहली पारी में 95 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। शेष भारत ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 102 रन बनाए हैं और उसे अब सात रन की बढ़त मिल गई है।

शेष भारत की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसने अनमोलप्रीत सिंह (छह) का विकेट जल्दी गंवा दिया जबकि मयंक अग्रवाल (27) भी लांग ऑफ पर आसान कैच देकर पैवेलियन लौटे। इसके बाद पहली पारी के शतकवीर हनुमा विहारी (नाबाद 40) और कप्तान अंजिक्या रहाणे (नाबाद 25) ने बखूबी जिम्मेदारी संभाली। ये दोनों तीसरे विकेट के लिए अब तक 56 रन जोड़ चुके हैं।

विदर्भ ने सुबह अपनी पहली पारी छह विकेट पर 245 रन से आगे बढाई। उसकी निगाह अक्षय वाडकर (73) पर टिकी थी जिन्होंने टीम को संकट से उबारा था लेकिन टीम को बढ़त कारनेवार ने दिलाई। बाएं हाथ के बल्लेबाज कर्णीवार ने 133 गेंदों का सामना करके 13 चौके और दो छक्के लगाए। कारनेवार और वाडकर ने सुबह विदर्भ की पारी की शुरुआत की।

वाडकर लंच से पहले आउट हो गए लेकिन कर्णीवार ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। उन्होंने धर्मेन्द्रसिंह जडेजा पर मिडविकेट क्षेत्र में दिन का पहला छक्का जमाया। उन्हें अक्षय वाखरे (20) का अच्छा साथ मिला। कारनेवार और वाखरे ने आठवें विकेट के लिए 76 रन जोड़कर अपनी टीम को बढ़त दिलायी। कारनेवार शतक पूरा करने के बाद लेग स्पिनर राहुल चाहर की गेंद को पुल करने के प्रयास में चूक गए और पगबाधा होकर पैवेलियन लौटे।

वाखरे भी इसके तुरंत बाद चाहर की गुगली पर बोल्ड हो गए। इसके बाद रजनीश गुरबाणी (नाबाद 28) और यश ठाकुर (10) ने आखिरी विकेट के लिए 39 रन जोड़कर शेष भारत के गेंदबाजों की परेशानी बढाई। युवा चाहर शेष भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 112 रन देकर चार विकेट लिए। अंकित राजपूत, जडेजा और कृष्णप्पा गौतम ने दो-दो विकेट हासिल किए।

**ईरानी ट्रॉफी**

- विदर्भ ने पहली पारी में बनाए 425 रन, 95 रन की बढ़त ली
- अक्षय ने आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 102 रन की आकर्षक पारी खेली
- शेष भारत ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में दो विकेट पर बनाए 102 रन



*नागपुर* : शानदार शतक जमाने पर विदर्भ के बल्लेबाज अक्षय कारनेवार। *फोटो : प्रेट्र*

## आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे के लिए टीम का चयन आज

**मुंबई (भाषा)।** भारतीय चयनकर्ता आस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के लिए विश्व कप को ध्यान में रखकर शुक्रवार को यहां टीम का चयन करेंगे। विश्व कप के लिए अभी दो स्थान ही ऐसे बचे हैं जिनमें खिलाड़ी तय नहीं किए गए हैं। इनमें बाएं हाथ के तेज गेंदबाज का एक स्थान भी शामिल है जिसमें चयनकर्ता जयदेव उनादकट और खलील अहमद में से किसी एक पर अंतिम मुहर लगाना चाहेंगे।

भारतीय टीम 24 फरवरी से शुरू होने वाली सीरीज में दो टी-20 अंतरराष्ट्रीय और पांच वनडे खेलेगी। यह 30 मई से इंग्लैंड में शुरू होने वाले विश्व कप से पहले भारतीय टीम की आखिरी सीरीज होगी। आस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से पता चलेगा कि ऋषभ पंत और दिनेश कार्तिक में से कौन खिलाड़ी विशेषज्ञ बल्लेबाज और दूसरे विकेटकीपर के रूप में इंग्लैंड जाएगा। केएल राहुल भी भारत ए की तरफ से इंग्लैंड लायन्स के खिलाफ दो अच्छी पारियां खेलने के बाद तीसरे ओपनर के स्थान के लिए दौड़ में शामिल हो गए हैं।



*गुवाहाटी* : मालविका के खिलाफ रिटर्न लगातीं पीवी सिंधु। *फोटो : एसएनबी*

**असमान सतह होने के कारण सायना ने खेलने से किया इनकार, तीन मैच टाले गए**

# सिंधु दो जीत से सेमीफाइनल में

**गुवाहाटी (वार्ता)।** शीर्ष वरीयता प्राप्त और दो बार चैंपियन रह चुकी पीवी सिंधु ने यहां खेली जा रही 83वीं सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए बृहस्पतिवार को एक ही दिन में दो मुकाबले जीतकर महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बना ली।

ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप की रजत विजेता सिंधु ने प्रीक्वार्टर फाइनल में नागपुर की मालविका बंसोड़ को 21-11, 21-13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया और फिर क्वार्टर फाइनल में रिया मुखर्जी को 21-16, 21-7 से पस्त कर दिया। सिंधु पिछले साल उपविजेता रहीं थीं। एशियन जूनियर चैंपियन और 2017 में यहां उपविजेता रहे लक्ष्य सेन ने अपना अभियान बरकरार रखते हुए अंसल यादव को मात्र 20 मिनट में 21-11,21-8 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली, जहां अब उनके सामने आर्यमन टंडन की चुनौती होगी।

टंडन भाग्य के भरोसे अंतिम आठ में पहुंच गए। टंडन शीर्ष वरीयता प्राप्त समीर वर्मा के खिलाफ 40 मिनट में 16-21 से पहला गेम गंवाने के बाद दूसरे गेम में 8-1 से आगे थे कि तभी समीर मैच से रिटायर हो गए। पूर्व विजेता सौरभ वर्मा ने कार्तिक जिंदल को 18 मिनट में 21-8, 21-15 से हराकर



**सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन**

क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। युवा खिलाड़ी 22 वर्षीय हर्षिल दानी ने चौथी सीड और गत सेमीफाइनलिस्ट शुभंकर डे को 43 मिनट में 21-15, 21-17 से लुढ़का कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। हर्षिल का अगला मुकाबला कौशल धर्ममिर से होगा।

महिलाओं में तीसरी सीड श्रेयांशी परदेशी, आर्कषि कश्यप, नेहा पंडित, अश्मिता चालिहा और वैष्णवी भाले ने भी क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है जहां श्रेयांशी का मुकाबला वैष्णवी से और अश्मिता का मुकाबला आर्कषि से होगा। पुरुष युगल में दूसरी वरीयता प्राप्त चिराग शेट्टी और प्रणव जैरी चौपड़ा ने वी दीजू और रुपेश कुमार केटी को 21-8, 18-21, 22-20 से हराकर सेमीफाइनल में स्थान बना लिया।

इससे पहले सायना नेहवाल के कोर्ट की असमान सतह के कारण खेलने से इनकार करने के कारण तीन मैचों का नए सिरे से कार्यक्रम तय किया गया। भारतीय बैडमिंटन संघ के सचिव (प्रतियोगिता) ओमार राशिद ने इसके बाद सायना, पारूपल्ली कश्यप और बीसाई प्रणीत से जुड़े तीन मैचों को स्थगित कर दिया। कश्यप ने कहा, 'सिंधु के मैच खेलने के बाद दो स्थानों पर लकड़ी की तख्तियां बाहर निकल आई। वे अब उसे ठीक कर रहे हैं। हम शाम को अपने मैच खेलेंगे।'

## स्टेन ने दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा किया भारी

**डरबन (एएफपी)।** तेज गेंदबाज डेल स्टेन के चार विकेट की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने बृहस्पतिवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 44 रन की बढ़त हासिल करने के बाद दूसरी पारी में चार विकेट पर 126 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की कुल बढ़त 170 रन की हो गई है। दिन का खेल खत्म होने पर कप्तान फाफ डु प्लेसिस 25 जबकि क्विंटन डिकाक 15 रन बनाकर खेल रहे थे।

इससे पहले श्रीलंका की टीम स्टेन (48 रन पर चार विकेट), वर्नन फिलेंडर (32 रन पर दो विकेट) और कागिसो रबादा (48 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 191 रन पर सिमट गई। स्टेन के कुल टेस्ट विकेटों की संख्या 437 हो गई है। वह भारत के कपिल देव (434 विकेट) को पीछे छोड़कर सर्वाधिक टेस्ट विकेट की सर्वकालिक सूची में इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर पहुंच गए।

श्रीलंका की ओर से शीर्ष स्कोर कुसाल परेरा रहे जिन्होंने 63 गेंद में 51 रन की आक्रामक पारी खेली। उनकी पारी का अंत स्टेन ने किया। लसिथ एमबुलदेनिया और रजिता ने इसके बाद नौवें विकेट के लिए 32 रन जोड़े और दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को 55 मिनट तक सफलता से महरूम रखा। ऐडन मार्कराम ने रजिता को रन आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। टेस्ट पदार्पण कर रहे एमबुलदेनिया को कई बार गेंद लगी और वह 24 रन बनाकर आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज रहे।स्टेन और फिलैंडर ने सुबह दक्षिण अफ्रीका को शानदार शुरुआत दिलाते हुए पहले दस ओवर में तीन विकेट चटकाए जिसके बाद डुआने ओलिवर और कागिसो रबाडा ने भी एक-एक विकेट हासिल किया।

**पहला टेस्ट**

- दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में चार विकेट पर बनाए 126 रन
- डेल स्टेन ने झटके चार विकेट, दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में 44 रन की बढ़त, कुल बढ़त 170 रन की

## इंग्लैंड लायंस 140 रन पर लुढ़का

**मैसुरू (भाषा)।** भारत ए ने दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को यहां इंग्लैंड लायंस को 140 रन पर समेटकर 252 रन की बढ़त हासिल करके मेहमान टीम को फालोआन दिया। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में सजग शुरुआत करते हुए दिन का खेल खत्म होने तक बिना विकेट खोए 24 रन बनाए। टीम अब भी 228 रन से पिछड़ रही है।

इससे पहले भारत ए ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 282 रन से की लेकिन लायंस ने वापसी करते हुए मेजबान टीम को 392 रन पर समेट दिया। टेस्ट टीम से बाहर चल रहे करुण नायर अपने 14 रन के स्कोर में कोई इजाफा नहीं कर पाए। उन्होंने जैक चैपल की गेंद पर विकेटकीपर ओली पोप को कैच थमाया।

मध्यक्रम में सिर्फ पिछले मैच के शतकवीर केएस भरत ही उपयोगी योगदान दे पाए। उन्होंने 46 रन की पारी खेली और आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज रहे। लायंस की ओर से चैपल सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 60 रन देकर चार विकेट चटकाए। स्पिनर डैनी ब्रिग्स ने 71 रन देकर तीन विकेट हासिल किए।

इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों ने सतर्क शुरुआत की और पहले पांच ओवर में 23 रन जोड़े। नवदीप सैनी ने मैक्स होल्डन (19) को पगबाधा करके भारत को पहली सफलता दिलाई। पहले मैच में अर्धशतक जड़ने वाले सैम हेन पांच रन बनाने के बाद वरुण आरोन की गेंद पर विकेटकीपर भरत को कैच दे बैठे। सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने भी 15 रन बनाने के बाद शाहबाज नदीम की गेंद पर भरत को कैच थमाया।

लायंस की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और पूरी टीम 48.4 ओवर में सिमट गई। ओली पोप टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। उन्होंने 25 रन बनाए। तेज गेंदबाज सैनी और बायें हाथ के स्पिनर नदीम ने तीन-तीन विकेट चटकाए। राष्ट्रीय टीम से बाहर चल रहे आरोन और जलज सक्सेना ने दो-दो विकेट हासिल किए।

- फालोआन खेलते हुए दूसरी पारी में बनाए बिना विकेट खोए 24 रन, भारत ए से अब भी 228 रन पीछे

## असेन्सियो और वीएआर ने दिलाई रीयल को जीत

■ **एम्सटर्डम (एएफपी)।**

रीयल मैड्रिड ने मार्को असेन्सियो के आखिरी क्षणों में किए गए निर्णायक गोल और चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में पदार्पण करने वाले वीएआर की मदद से अंतिम सोलह के पहले चरण के मुकाबले में अजाक्स को 2-1 से हराया। अजाक्स ने पिछले 24 वर्षों से रीयल मैड्रिड को नहीं हराया है और जब निकोलस टैगलियाफिको ने थिबॉट कूर्टिस की गलती का फायदा उठाकर गोल दागा तो लग रहा था कि वह इस क्रम को तोड़ देगा।

लेकिन रेफरी दामिर स्कोमिना ने वीएआर के जरिए पाया कि डुसान टेडिच तब आफसाइड थे और इस तरह से यह गोल अमान्य हो गया। करीम बेंजेमा (60वें मिनट) और असेन्सियो (87वें मिनट) ने दूसरे हाफ में दो महत्वपूर्ण गोल किए। हकीम जियेच (75वें मिनट) ने बराबरी का गोल किया लेकिन असेन्सियो ने अंतिम सीटी बजने से कुछ मिनट पहले निर्णायक गोल दागकर रीयाल को जीत दिला दी।




*एम्सटर्डम* : अजाक्स के खिलाफ गोल जमाने पर खुशी मनाते रीयल मैड्रिड के करीम बेंजेमा। *फोटो : प्रेट्र*

## अमित को बाई मिली, क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**सोफिया (भाषा)।** एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पांघल (49 किग्रा) को बृहस्पतिवार को बुल्गारिया के सोफिया में 70वें स्ट्रेंडजा मेमोरियल मुक्केबाजी टूर्नामेंट के पहले दौर में बाई मिली जिससे उन्होंने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अमित रविवार को अंतिम आठ के मुकाबले में उक्रेन के नजर कुरोतचिन से भिड़ेंगे। नमन तंवर (91 किग्रा) को भी बाई मिली और वह शनिवार को प्री क्वार्टर फाइनल में पोलैंड के माइकल सोजिनस्की के खिलाफ उतरेंगे। महिला मुक्केबाजों में मीना कुमारी देवी (54 किग्रा) को सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह मिली। गौरव बिधूड़ी (56 किग्रा) शुक्रवार को पहले दौर में स्थानीय दावेदार इमानुएल बोगोएव से भिड़ेंगे।



मैंने 'आर्ट ऑफ लिविंग' द्वारा चलाए जा रहे 'नशामुक्त भारत' अभियान को ज्वाइन किया है। आप जिंदगियां बचाने के लिए ड्रग्स को ना कहने के हमारे इस अभियान में शामिल हों।
-सोनाक्षी सिन्हा@sonakshisinha



जब वह मुझे नए शब्दों का ज्ञान नहीं करा रही होती तो वह मेरा मनोरंजन कर रही होती है। हैप्पी वैलेंटाइन डे गली गर्ल।
-अक्षय कुमार@akshaykumar



लोहारदग्गा (झारखंड) में टी-20 मैच का लुत्फ उठातीं रवीना टंडन।

# ऑक्सीटोसिन के दुरुपयोग पर स्वास्थ्य मंत्रालय सख्त

■ ज्ञानप्रकाश

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** डेयरी क्षेत्र में दूध के उत्पादन में वृद्धि करने के लिए उपयोग में लाई जाने वाली ऑक्सीटोसिन के दुरुपयोग को रोकने के लिए सरकार ने ऑक्सीटोसिन के उत्पादन की जिम्मेदारी विशेष तौर पर केंद्र सरकार की स्वायत्त एजेंसी कर्नाटक एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्यूटिकल्स (केएपीएल) को सौंपी है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के इस फैसले का डॉक्टर बिरादरी ने राष्ट्रव्यापी विरोध किया है। देशभर में करीब 12 लाख एलोपैथ डॉक्टरों के शीर्षस्थ संगठन भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) का तर्क है कि इस दवाई का उपयोग प्रसव के दौरान माताओं को होने वाले रक्त स्राव को रोकने के लिए किया जाता है। जीवन रक्षक दवाई के रूप में ऑक्सीटोसिन के महत्व को देखते हुए सरकार से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया है। उनका तर्क यह भी है कि यदि सरकार अपना निर्णय वापस लेती है, तो हजारों लोगों की जान बचाई जा सकेगी।



**ऑक्सीटोसिन के उत्पादन की जिम्मेदारी सौंपी केएपीएल को**

**डॉक्टर बिरादरी बिफरी, मातृ मृत्यु दर में बढ़ोतरी की जताई आशंका**

**नियंत्रण की जरूरत क्यों :** केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव प्रीति सुदॉन के अनुसार जीवन रक्षक दवा होने के नाते गर्भवती महिलाओं को भी प्रसव के दौरान और बाद में रक्त स्राव को नियंत्रित करने के लिए ऑक्सीटोसिन दिया जाता है। पशु चिकित्सा उपयोग के लिए इस दवा को ज्यादातर अवैध रूप से पड़ोसी देशों से लाया जाता रहा है।

**डाक्टरों की बात जायज :** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया के अनुसार दुनियाभर में गर्भावस्था और प्रसव के कारण होने वाली मौतों में से 20 प्रतिशत मौतें केवल भारत में होती हैं। भारत में हर साल 56 हजार ऐसी मौतें होती हैं। नवीनतम आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि पोस्टपार्टम हेमरेज (पीपीएच) भारत में मातृ मृत्यु दर के लगभग 22 प्रतिशत मामलों के लिए जिम्मेदार है। इसलिए डॉक्टरों और प्रसूति रोग विशेषज्ञों का इस मुद्दे पर चिंता व्यक्त करना स्वाभाविक है।

**सरकार करे पुनर्विचार :** आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सांतनु सेन के अनुसार पशु चिकित्सा संबंधी उद्देश्यों के लिए ऑक्सीटोसिन के निर्माण की जिम्मेदारी केएपीएल को दिए जाने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इस जीवन रक्षक दवा के निर्माण पर रोक लगाने से इस दवा की उपलब्धता में कमी आएगी और अनावश्यक अड़चन पैदा होगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इस दवा को आवश्यक दवाओं की सूची में सूचीबद्ध किया है और इस नाते सिर्फ एक कंपनी को इस दवाई के निर्माण की अनुमति देने से बच्चे के जन्म के बाद रक्त स्राव होने के कारण कई माताओं के जीवन को खतरा हो सकता है तथा रुग्णता और मृत्यु दर में वृद्धि हो सकती है।

**यक्ष प्रश्न :** आईएमए के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. आरवी असोकन का मानना है कि दिलचस्प बात यह है कि कंपनी केएपीएल के पास इतनी बड़ी जिम्मेदारी संभालने का न तो अनुभव है और न ही क्षमता है। कंपनी के रिकॉर्ड के अनुसार किसी भी थोक उत्पादन में 4 साल का समय लगेगा, तो सवाल यह उठता है कि क्या सार्वजनिक क्षेत्र की कोई एक कंपनी पूरे देश की ऑक्सीटोसिन की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त रूप से सक्षम है। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. विवेका कुमार के अनुसार अगर ऑक्सीटोसिन की कमी होती है और इस कमी के दुर्भाग्यपूर्ण परिणाम सामने आते हैं, तो इसके लिए सरकार जिम्मेदार होगी।

gyaanrs2007@gmail.com

## गूगल ने मधुबाला के जन्मदिन पर समर्पित किया डूडल



■ नई दिल्ली (आईएएनएस)।

गूगल ने महान अदाकारा मधुबाला की 86वीं जयंती के मौके पर गुरुवार को डूडल उनके नाम समर्पित किया। आज के ही दिन दुनिया भर में वेलेंटाइन्स डे मनाया जाता है और इस मौके पर डूडल में फिल्म 'मुगलए-आजम' के प्रतिष्ठित किरदार अनारकली की तस्वीर नजर आ रही है जिसे मधुबाला ने निभाया था। बॉलीवुड की मर्लिन मुनरो कही जाने वाली मधुबाला की परवरिश मुंबई की झुग्गी बस्तियों में हुई थी। उन्होंने नौ साल की उम्र में बतौर बाल कलाकार काम करते हुए अपने परिवार की आर्थिक सहायता करनी शुरू कर दी थी।1933 को दिल्ली में जन्मी मधुबाला का असली नाम मुमताज जहां बेहम देहलवी था।

इस डूडल को बेंगलुरू के कलाकार मुहम्मद साजिद ने बनाया है जिसमें मधुबाला की उनके प्रसिद्ध गीत 'प्यार किया तो डरना क्या' की एक नृत्य मुद्रा वाली एनिमेटेड तस्वीर नजर आ रही है। मधुबाला ने अपनी पहली फिल्म बेबी मुमताज के रूप में की थी। इसके बाद 1947 में उन्होंने 'नील कमल' में मुख्य भूमिका निभाई। मधुबाला ने अपने माता-पिता और चार बहनों के लिए कड़ी मेहनत की।

वह साल 1949 में नौ फिल्मों में नजर आई जिसमें अशोक कुमार के साथ ब्लॉकबस्टर फिल्म 'महल' भी शामिल थी और इसी फिल्म में उन्होंने अपने शानदार अभिनय से लोगों का दिल जीत लिया। लंबी बीमारी के बाद 23 फरवरी 1969 को मात्र 36 साल की उम्र में मधुबाला का निधन हो गया। मधुबाला ने अपने करियर में 70 से अधिक फिल्मों में काम किया था।

## मोटी लड़की का किरदार निभाने में कोई दिक्कत नहीं : खुशबू



■ मुंबई (आईएएनएस)।

अभिनेत्री खुशबू श्रॉफ को पर्दे पर मोटी लड़की का किरदार निभाने को लेकर कोई दिक्कत नहीं है बल्कि वह मोटे लोगों को हास्यजनक दिखाने और व्यर्थ संदर्भ जैसी बेतुकी चीजों पर काम करने के खिलाफ हैं। मोटी महिलाओं के किरदार निभाने के ऑफर मिलने के बारे में बात करते हुए खुशबू ने एक बयान में कहा, मुझे मोटी लड़की का किरदार निभाने में कोई दिक्कत नहीं है क्योंकि आपका शरीर एक हद तक तय करता है कि आपको किस तरह के किरदार मिलेंगे। एक मोटी लड़की एक पतली लड़की का किरदार नहीं निभा सकती, इसलिए मैं इससे पूरी तरह से संतुष्ट हूं।

उन्होंने कहा, जो मुझे अस्वीकार्य है वह ये है कि एक ऐसा किरदार निभाना, जिसमें आप एक मोटी लड़की को मजाक का पात्र बनाने का प्रयोग करते हुए देखते हैं। मैंने एक ऐसी मोटी लड़की का किरदार नहीं निभाने का सचेत प्रयास किया है, जो केवल चिप्स के पैकेट खाती दिखाई देती हो और इसके अलावा वह कुछ और न करती हो। बॉडीगार्ड अभिनेत्री को लगता है कि वह मोटों लोगों को हास्यजनक दिखाने और व्यर्थ संदर्भ जैसे बेतुकी चीजों पर काम करने के बजाए असली मुद्दों के बारे में बात करने वाली फिल्मों पर काम कर सकती हैं, जिसका सकरात्मक प्रभाव लोगों व समाज पर पड़े। खुशबू जल्द ही एंडटीवी के लाल इश्क शो में दिखाई देंगी।

## नासा ने मंगल पर अपॉर्च्युनिटी रोवर मिशन की समाप्ति की घोषणा की

■ लॉस एंजेलिस (आईएएनएस)।



अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगल पर अपने अपॉर्च्युनिटी रोवर मिशन की समाप्ति की घोषणा कर दी है।

यह 15 साल तक मंगल पर रहा है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, मंगलवार रात रोवर के साथ संवाद करने के अंतिम प्रयास किए गए लेकिन इसमें कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद नासा द्वारा कैलिफोर्निया के पासाडेना में एजेंसी की जेट प्रोपल्शन प्रयोगशाला में एक संवाददाता सम्मेलन में बुधवार को यह घोषणा की गई। रोवर ने पिछली बार 10 जून को पृथ्वी के साथ संचार किया था। इसके बाद ग्रह पर आए रेतीले तूफान के कारण सौर ऊर्जा संचालित रोवर से संपर्क टूट गया और करीब आठ महीने तक इससे कोई संपर्क नहीं हो पाया है।

मिशन की टीम के अनुसार, ऐसी संभावना है कि अपॉर्च्युनिटी रोवर ने ऊर्जा की कमी के कारण काम करना बंद कर दिया। टीम के सदस्यों ने हालांकि रोवर से कई बार संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता न मिलने पर इसे मृत घोषित करने का फैसला किया गया।

## 'हे प्रभु' नए जमाने की कहानी




■ नई दिल्ली (एसएनबी )।

एमएक्स प्लेयर, एक एमएक्स ऑरिजिनल सीरीज 'हे प्रभु' के साथ दर्शकों के लिए नए जमाने की एक कहानी लेकर आ रहा है। वीरे दी वेडिंग के डायरेक्टर शशांक घोष इस मजेदार और स्लाइस ऑफ लाइफ ड्रैमेडी की पेशकश कर रहे हैं। 'हे प्रभु' में कलाकार रजत बरमेचा, अचिंत कौर, शीबा चड्ढा, रितु राज सिंह, पारुल गुलाटी और प्रिंका तालुकदार ने प्रमुख भूमिका निभाई है।

आलकल देखा जाता है कि नई पीढ़ी के 10 में से लगभग 4 लोग अपनी जिंदगी के दूसरे महत्वपूर्ण लोगों जैसे माता-पिता, दोस्तों, बच्चों या साथी-कर्मचारियों की तुलना में अपने स्मार्टफोन के साथ ज्यादा इंटरैक्ट करते हैं। तरुण प्रभु की जिंदगी भी ऐसी ही है। ऑनलाइन, वह एक सोशल मीडिया हीरो है और उसके हर पोस्ट को लाखों व्यूज मिलते हैं, लेकिन ऑफलाइन उसका बॉस उसे पसंद नहीं करता, उसकी लव लाइफ उलझी हुई है और ऐसा लगता है कि उसके माता-पिता भी उसे अच्छे से नहीं समझते हैं। डायरेक्टर शशांक घोष ने बताया कि, हे प्रभु एक हल्की-फुल्की कहानी है, जिसमें नई पीढ़ी के लोगों की मानसिकता को दिखाया गया है और बताया गया है कि रोजाना उन्हें किन चीजों से होकर गुजरना पड़ता है। आज की दुनिया व्यापक रूप से वर्चुअल है और यह सीरीज असली जिंदगी की उन समस्याओं के बारे में बताती है, जिससे आज की युवा पीढ़ी संघर्ष कर रही है, फिर चाहे वे घर पर हों या फिर ऑफिस में। इसकी पृष्ठभूमि कॉमेडी के आधार पर तैयार की गई है। यह शो छोटी-बड़ी सभी समस्याओं की जटिलताओं को दिखाती है।

## भारत के लिए 10 करोड़ रुपए का सेट तैयार




■ मुंबई (वार्ता)।

बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की फिल्म 'भारत' के लिए 10 करोड़ का सेट तैयार किया गया है। सलमान खान इन दिनों अली अब्बास जफर के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में काम कर रहे हैं। फिल्म में सलमान खान के अलावा कैटरीना कैफ और दिशा पटानी की अहम भूमिका है।

यह फिल्म कोरियन फिल्म 'ओड टू माय फादर' का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में सलमान खान के पांच अलग-अलग अवतार देखने को मिलेंगे। फिल्म के आखिरी शेड्यूल शूटिंग इन दिनों फिल्म सिटी में चल रही है। कहानी के मुताबिक अंत में दिल्ली को पूरी तरह से नष्ट कर दिया जाएगा। कहा जा रहा है कि क्लाइमेक्स का यह हिस्सा सिर्फ एक ड्रीम सीक्वेंस के तौर पर दिखाया जाएगा। 'भारत' को हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म इस वर्ष ईद के अवसर पर रिलीज होगी।

## अब मिलेगी ब्रह्मांड की उत्पत्ति की झलक



■ वाशिंगटन (भाषा)।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह 2023 में एक नए अंतरिक्ष दूरदर्शी को जारी करेगी जो ब्रह्मांड के इतिहास के सबसे शुरुआती क्षणों की झलक पेश करेगा और हमारे अंतरिक्ष के ग्रहों में जीवन के घटकों पर रोशनी डालेगा।

नासा के अनुसार स्पेक्ट्रो-फोटोमीटर फॉर द हिस्ट्री ऑफ द यूनिवर्स, एपक ऑफ रिआयनाइजेशन एंड आइसेस एक्सप्लोरर मिशन 24.2 करोड़ डॉलर की लागत वाला दो साल का मिशन है। नासा प्रशासक जिम ब्राइडेनस्टाइन ने एक बयान में कहा, मैं इस नये मिशन को लेकर वाकई बहुत उत्साहित हूं। यह दूरदर्शी ऐसे प्रकाश में भी आसमान में देखने में सक्षम होगा जिसमें मानव नेत्र नहीं देख सकते।

कैनेडा न्यूजीलैंड
रहना-खाना-PR-टिकट कंपनी से।
कारपेंटर मेसन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, स्टोरकीपर, सेक्युरिटी गार्ड, पलम्बर, सुपरवाइजर, एलेक्ट्रिशन, हेल्पर, पैकर
वेतन 2.50 से 3.50 लाख महीना
70870-33731

## अपनी बायोपिक बनाएंगी कंगना रनौत



**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत अपनी बायोपिक बना सकती हैं। चर्चा है कि वह अपनी बायॉपिक खुद ही निर्देशित करेंगी। बाहुबली के स्क्रिप्ट राइटर केवी विजेन्द्र प्रसाद इस फिल्म को लिखेंगे और कंगना निर्देशित करेंगी। इस फिल्म का प्री-प्रोडक्शन कंगना की आने वाली फिल्म 'पंगा' और 'मेंटल है क्या' के बाद शुरू होगा।

कंगना ने कहा है, हां यह सच है कि मेरा अगला डायरेक्टोरियल प्रोजेक्ट मेरी जिंदगी पर ही आधारित है लेकिन यह किसी भी किरदार को ब्लैक या वाइट शेड में दिखाने का प्रोपगेंडा नहीं है बल्कि यह मेरे उस सफर को दिखाएगा जो मेरे दिल के करीब है। मेरे आसपास कई लोग ऐसे हैं जो मुझसे प्यार करते हैं और मुझे जज नहीं करते हैं। यह फिल्म मेरी जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाएगी।

## डिब्बाबंद भोजन से गर्भस्थ शिशु को खतरा



■ बोस्टन (भाषा)।

वैज्ञानिकों के मुताबिक गर्भावस्था के दौरान डिब्बाबंद खाना खाने से शिशु के औद्योगिक रसायन बाईस्फेनोल ए के संपर्क में आने का खतरा रहता है और आशंका रहती है कि बाद के जीवन में यह उसके प्रजनन संबंधी स्वास्थ्य को प्रभावित करे। पहले के अध्ययनों में यह बात सामने आई थी कि प्रसवपूर्व बीपीए के संपर्क आने के कारण स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। लेकिन इस बात के बहुत कम साक्ष्य मिले थे कि इससे गर्भाशय की कार्यप्रणाली पर असर पड़ता है।

अमेरिका में बोस्टन विश्वविद्यालय से अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि ऐसे पर्याप्त आंकड़े हैं जो बीपीए के संपर्क में आने और गर्भाशय की कार्यप्रणाली पर असर से संबंधित चिंताओं को उजागर करते हैं। भूजल और गाद में बीपीए का पता लगाया जा सकता है। बीपीए का कई औद्योगिक सामग्री एवं डिब्बाबंद खाना तैयार करने में इस्तेमाल किया जाता है। बोस्टन विश्वविद्यालय में सहायक प्रध्यापिका और लेखिका श्रुति महालिंगैया ने कहा, प्रसवपूर्व की वह अवधि जब गर्भ में पल रहे शिशु के विकास के लिए अहम समय होता है, उस दौरान हमें इनके संपर्क में आने से होने वाले असर के कई साक्ष्य मिले हैं। मानव अंडाणु विकारों से संबंधित कारणों के बारे में और अध्ययन की जरूरत है।

छोटी इंद्री निराश क्यों?
जापानी इन्द्रीवर्धक यंत्र
इस्तेमाल करते ही असर शुरु
कीमत 800/-, 1200/-
09911142339

सेहत बनायें
बढ़ा हुआ वजन कम नहीं होगा
टाटल देसी फार्मूला हैल्थ पाउडर
फौलाद
शुगर को करें हमेशा के लिये कंट्रोल
डायबा क्योर पाउडर
8930018993
9050205100

## टाइगर की फिटनेस का राज खुला



**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ की फिटनेस का खुलासा हो गया है। टाइगर श्रॉफ बॉलीवुड में सर्वाधिक फिट अभिनेताओं में शुमार किए जाते हैं। टाइगर ने बहुत ही कम समय में फिल्म इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बना ली है।

फिल्मों में बेहतरीन स्टंट और डांस के अलावा टाइगर अपनी बेहतरीन बॉडी और फिटनेस के लिए भी जाने जाते हैं। फिटनेस के मामले में वो लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा बन कर उभर रहे हैं। टाइगर को बॉडी बनाने का बहुत ही शौक है और अच्छी बॉडी के लिए वो हर चार महीने में अपने वर्कआउट में चेंज करते रहते हैं। टाइगर केवल रूटीन वर्कआउट नहीं करते बल्कि इससे अलग हटकर भी एक्सरसाइज करते हैं। वह अपनी फिटनेस के लिए वेटलिफ्टिंग और अन्य कई तरह की एक्सरसाइज करना पसंद करते हैं।

## जीपीएस के बिना चलने-फिरने वाला पहला रोबोट



**लंदन (भाषा) ।** वैज्ञानिकों ने चलने-फिरने वाले पहले ऐसे रोबोट के विकास का दावा किया है जो अपने वातावरण को पहचान सकता है और बिना जीपीएस या नक्शे के चल सकता है। यह खोज स्वचालित वाहनों के परिचालन के लिए नए रास्ते खोल सकती है। फ्रेंच नेशनल सेंटर फॉर साइंटिफिक रिसर्च के अनुसंधानकर्ताओं ने एंटबोट नामक इस रोबोट के डिजाइन के लिए रेगिस्तान में रहने वाली चींटियों से प्रेरणा ली। ये चींटियां रेगिस्तान में सीधी धूप में खाने की तलाश में सैकड़ों मीटर तक चल सकती हैं और उसी रास्ते से बिना भटके वापस आ सकती हैं। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि नए एंटबोट रोबोट में भी रेगिस्तानी चींटियों की रास्ते पहचानने की बेमिसाल क्षमता का अनुसरण किया गया है।

पथरी मुक्ति अभियान 100% मुफ्त इलाज
पथरी
hashmi.com
हाशमी दवाखाना काज़ीज़ादा अमरोहा

गल्फ, कनाडा, सिंगापुर
2 साल का वीजा। रहना खाना, टिकट फ्री।
हैल्पर, फूड पैकर, मेसन, ऑपरेटर, सुपरवाइजर, ड्राइवर।
सैलरी 1.5 से 2.5 लाख
एजेंट को अच्छा कमीशन
8264710952, 7528047029

